फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -39, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 16

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 15

गड्ढे में सड़क

लखनऊ : शनिवार से रुक-रुक कर हो रही हल्की बारिश ने राजधानी के पॉश एरिया विकास नगर सेक्टर-4 की एक सड़क की पोल खोल दी। रविवार को सड़क का बड़ा हिस्सा करीब 20 फीट तक ऐसे धंस गया जैसे कोई जागृत ज्वालामुखी। मौके पर गुजर रही एक कार गड्ढे में समाने से बच गई। गुजर रहे राहगीरों ने गड्ढे में लटकी कार से सवारों को किसी तरह सकुशल निकाला। बताया गया कि पिछले वर्ष जल निगम ने सीवर लाइन बिछाने को यहां खोदाई कराई थी। सड़क बनाते समय मानकों का पालन कदाचित नहीं किया गया। थोड़ी सी बारिश ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को तो कठघरे में खड़ा किया ही है "सिस्टम" को भी आईना दिखा दिया है। • अमृत विचार

परीक्षाओं में सेंधमारी करने वालों को मुख्यमंत्री योगी ने दी चेतावनी

जिंदगी भर की जेल ही नहीं, बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से सौंपे।

• गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों, स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था। आज 'डबल इंजन' सरकार में ऐसा नहीं है। 'हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इसे जारी रखते हुए लोकसभा चुनाव में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार करना है।

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17 .35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7 .58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा स्मार्ट बनेंगे।

आरओ/एआरओ मामले में परीक्षा नियंत्रक हटाए गए

प्रयागराज। आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सरकार ने उप्र .लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया है। मालूम हो कि 11 फरवरी को आरओ/एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा हुई थी। पेपर लीक होने की जानकारी के बाद अभ्यर्थियों ने खासा हंगामा किया था। परीक्षा दोबारा कराने की मांग भी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद करने के साथ 6 माह में दोबारा कराने को निर्देशित किया।

बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें गिरीं, वज्रपात से पांच लोगों की मौत

कई जगहों पर मकान ढहे, किसानों को हुए भारी नुकसान की होगी भरपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बीते दो दिनों से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में निरंतर हो रही बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की सूचना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने फसलों को हुए नुकसान का भी तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की

रिपोर्ट के अनुसार वज्रपात से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जिलों में 01-01 जनहानि, आगरा में 01 पशु हानि और अतिवृष्टि से मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना मिली है। सहारनपुर में वज्रपात से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। वहीं, चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में बारिश और ओले से फसल खराब होने से सुकरानी (75) की सदमा लगने से मृत्यु हो गई। तेज हवा और पानी से जहां गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिरी नजर आ रही हैं वहीं सरसों, मटर और चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू बेल्ट कहे जाने वाले जिलों इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया और अलीगढ़ में तेज आंधी-पानी के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी बारिश का सिलसिला रहेगा और मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिल सकती है।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि और दर्जनभर जिलों में बारिश हुई है।

बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला रविवार को दिन भर जारी रहा और प्रदेश में कई जगह जमकर ओले गिरे। रविवार को दिन में तीन बार राहत विभाग ने अलर्ट जारी किया।

मुआवजा बांटने के निर्देश, कई जिलों में अलर्ट जारी

प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने फसलों का सर्वे का काम तेजी से करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है वहीं पश्चिम के दर्जन भर जिलों में मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।



• कश्मीर का राग अलापा

किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का एलान

बठिंडा, एजेंसी

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

बदली रणनीति

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ''रेल रोको'' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

एक नजर

सीयूईटी-यूजी परीक्षा तिथियों में बदलाव संभव

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

कश्मीर में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई।

समुद्री निगरानी में ड्रोन तैनात किए जाने की संभावना

मुंबई। सुरक्षा एजेंसियां समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मुंबई और गोवा के तटीय क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी प्रणाली लगाने की योजना पर काम कर रही हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कुवैत के तीन नागरिकों के 'गेटवे ऑफ इंडिया' पहुंचने की एक हालिया घटना के मद्देनजर यह कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना वर्तमान तटीय सुरक्षा व्यवस्था में कमजोरियों को रेखांकित करती है। अपने नियोक्ता पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाते हुए वे तीनों-नीत्सो दिट्टो (31), विजय विनय एंथनी (29) और जे एस अनीश (29)-एक नौका से भारतीय समुद्री क्षेत्र में घुसे थे।

आसनसोल से नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी। पवन ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार

• भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने असभ्य हैं

पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

नई दिल्ली। मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की। हर्षवर्धन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह 30 साल से अधिक के शानदार चुनावी करियर के बाद अपनी जड़ों की ओर लौटेंगे। 'मैं यह स्वीकार करता हूं कि मुझे भारत के इतिहास में सबसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार : राहुल

पटना, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश

जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा कि आपके चाचा (नीतीश कुमार) दोबारा पाला बदल सकते हैं, लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना।

• जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद यादव ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

मुख्यमंत्री योगी को बम से उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी ने महानगर कोतवाली में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके पहले भी मुख्यमंत्री को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। पुलिस और सर्विलांस सेल मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले का पता लगा रही है।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, महानगर के सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी उधम सिंह ने एक

• मुख्य आरक्षी ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई प्राथमिकी

अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। शिकायत में मुख्य आरक्षी ने बताया कि शनिवार रात 10:08 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी। नाम पूछने पर उसने फोन काट दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार को तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- वर्ष 2024-25 के लिए 2022-23 के ऑडिट की पोर्टल पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट
- 50,289 ग्राम, 813 क्षेत्र और 74 जिला पंचायत से खर्च के नहीं मिले अभिलेख

अमृत विचार : वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को विकास के लिए मिलने वाली ग्रांट में ऑडिट रिपोर्ट का पेंच फंसा है।

क्योंकि, इस वर्ष लेखा परीक्षकों ने 2022-23 का ऑनलाइन ऑडिट तो किया, लेकिन पंचायतों से खर्च धनराशि के अभिलेख न मिलने के कारण पोर्टल पर अंतिम रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जब तक तीनों पंचायत की 100 फीसद ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक ऑडिट प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। न ही केंद्र व राज्य सरकार से आगे की वित्तीय मदद यानी ग्रांट मिल पाएगा। प्रदेश में 50,289 ग्राम पंचायत, 813 क्षेत्र पंचायत व 74 जिला पंचायत की ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। 26 फरवरी तक संत रविदास नगर की 546 व सिद्धार्थनगर की 1136 ग्राम पंचायत में ऑडिट की प्रगति शून्य रही।

इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंचायतों की संख्या अधिक है। इससे विभाग को अगले वर्ष के लिए ग्रांट की चिंता सताने लगी है। निदेशक पंचायती राज ने जिलों पर सख्ती बरतते हुए इस प्रक्रिया के लिए संयुक्त निदेशक को नामित किया है।

26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर एक, उन्नाव दो, अमेठी दो, आजमगढ़ छह, अयोध्या पांच, बलिया 10, प्रयागराज 18, सुलतानपुर 12, फिरोजाबाद सात, बस्ती 16, शाजहांपुर 15, आगरा 10, अमरोहा नौ, सोनभद्र 10

> लेखा परीक्षा विभाग से समन्वय बनाकर रोजाना समीक्षा की जा रही। हम प्राथमिकता से यह कार्य करा रहे हैं। लेखा परीक्षकों को डीपीआरओ स्तर से रिपोर्ट भी दी जा रही है। करीब और 10 हजार पंचायतों की रिपोर्ट फीड हो चुकी है। 100 फीसद प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर लेंगे।
> -राज कुमार, निदेशक, पंचायती राज उप्र.

अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

सहकारी समितियां पंचायत (लेखा परीक्षा) द्वारा पंचायतों का ऑडिट होता है। हर वर्ष पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख नहीं मिलते हैं और अंत में ग्रांट को लेकर यह हालात बनते है। यदि निर्धारित समय पर खर्च धनराशि के अभिलेख नहीं मिलते तो लेखा परीक्षकों द्वारा गबन दर्शा दिया जाता है। इसी तरह वर्ष 2022-23 के ऑडिट में करोड़ों रुपये के खर्च का हिसाब नहीं है। जिसकी पुष्टि के लिए अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। जो जल्द न मिले तो लेखा परीक्षक संबंधित पंचायतों को हाई रिस्क में डालकर गबन दर्शाएंगे।

नोएडा के मॉल में लोहे का ढांचा गिरा, दो लोगों की मौत

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले के स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में रविवार सुबह लोहे का एक ढांचा गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस ढांचे पर होर्डिंग लगाया जाना था। मध्य नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में पांचवीं मंजिल से लोहे का ढांचा गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद निवासी 35 वर्षीय हरेंद्र भाटी व शकील (35) के तौर पर हुई है। कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा उनकी शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। रविवार का दिन होने की वजह से मॉल में बड़ी संख्या में लोग आए हुए थे।

• होर्डिंग लगाने को 5वीं मंजिल पर लगाया गया था ढांचा

एक नजर

किसानों को दोगुना मुआवजा दे सरकार : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों की आय तो दोगुनी नहीं की पर लागत की बढ़ोत्तरी और ओलावृष्टि की डबल मार झेल रहे किसानों को डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को दोगुना मुआवजा तो देना ही चाहिए। किसानों की मुआवजे की डबल मांग पूरी तरह जायज है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, बरसात से और कहीं-कहीं ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर, आलू, शिमला मिर्च, बींस, गोभी, बैगन की फसल भी प्रभावित हुई है। आम में बौर आने शुरू हो गए थे बारिश में ये न केवल गिर गए हैं अपितु उसमें खर्रा रोग और भुनगे भी लगने लगे हैं। आम बागान के किसान तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं।

प्रधानमंत्री के आजमगढ़ दौरे को लेकर तैयारी व निर्माणाधीन परियोजनाओं का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

आजमगढ़ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजमगढ़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आजमगढ़ पहुंचकर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री दोपहर बाद आजमगढ़ पहुंचे। इस दौरान सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद मंदुरी एयरपोर्ट पर होने वाले प्रधानमंत्री के संभावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बैठक कर उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम में जिले में 10 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण को लेकर तैयारी पहले से ही करा ली जाय। साथ ही प्रमुख स्थलों पर अभियान चलाकर युद्धस्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

फसल नुकसान पर छह हजार से ज्यादा किसानों का दावा

कृषि निदेशालय से 10 दिनों में सर्वे कर मांगी रिपोर्ट, बीमा कंपनी देगी क्षतिपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत छह हजार से ज्यादा किसानों ने फसल बर्बाद होने पर व्यक्तिगत दावा किया है। इसे कृषि निदेशालय ने गंभीरता से लेकर सभी जिला कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनियों को सर्वे के निर्देश दिए हैं और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा है। योजना के तहत फसलों का बीमा कराए छह हजार से अधिक किसानों ने टोल फ्री नंबर पर कॉल कर व्यक्तिगत दावा यानी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें रविवार को जिलों से एक हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए गए।

दो दिन में इतनी अधिक संख्या में दर्ज रिपोर्ट को देखते हुए जिलों पर बारिश और ओलावृष्टि से इंकार नहीं कर सकते हैं। हालांकि कृषि विभाग ने किसानों के व्यक्तिगत दावों को गंभीरता से लेकर जिलों पर कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनी को सर्वे कर नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं और 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। जो निदेशालय से शासन जाएगी। इसी आधार पर कंपनी किसानों को क्षतिपूर्ति देंगी। वहीं, जो फसलें बीमित नहीं हैं उन्हें राहत आयुक्त की तरफ से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर सहायता मिलेगी।

नुकसान पर 100 प्रतिशत तक मिलेगी क्षतिपूर्ति

जिन किसानों ने रबी फसलों का बीमा कराया है वह देर न कर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर व्यक्तिगत दावा करें। इस आधार पर कंपनी सर्वे करेगी। व्यक्तिगत दावा पर 100 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति मिलती है। यानी जितन नुकसान होगा उतना एक माह के अंदर क्लेम मिलेगा। 72 घंटे के बाद दावे मान्य नहीं होंगे न ही कंपनी की जवाबदेही रहेगी। दूसरी प्रक्रिया यह है कि फसल कटाई के दौरान उपज का आकलन कर क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। इसमें कम लाभ के साथ ज्यादातर किसान छूट जाते हैं।

इन नंबरों पर करें दावा

- 14447
- 1800-8896-868

> बीमित फसलों के नुकसान के आधार पर कंपनी क्षतिपूर्ति देगी। बीमा कंपनी और जिला कृषि अधिकारियों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी है। जिन फसलों का बीमा है, किसान नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।
>
> –उमा शंकर सिंह, उप निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय

बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा डेयरी सेक्टर

सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा निवेश, मिलेंगे रोजगार के अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में डेयरी सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा। डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतरेगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन है। इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में वाराणसी में बनास काशी डेयरी संकुल की शुरुआत हुई है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए

रोजगार सृजित होने की संभावना है, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में कई बड़ी डेयरी कंपनियों ने भी अपने निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डेयरी कंपनियों की स्थापना के साथ ही प्रदेश डेयरी सेक्टर में और अधिक मजबूत होगा, बल्कि यह लोगों को रोजगार का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

बागपत में भी बनासकांठा के प्लांट से हजारों रोजगार होंगे सृजित : दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसे दूसरे चरण में प्रति दिन 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिये अपनी सुविधाएं उपलब्ध कर रहा है। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में अपनी यूनिट्स को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

गोंडा, बरेली व शाहजहांपुर में आएंगी नौकरियों की बहार

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड गोंडा में 1100 करोड़ रुपये की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपये से व शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो 1 हजार 300 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। बरेली डेयरीज लिमिटेड बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपये, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़ रुपये, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ रुपये और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपये के निवेश के जरिए हजारों लोगों के रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।

ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार

कंपनी	निवेश
इंडिया डेयरी मेरठ	200 करोड़
गोपाल जी डेयरी बुलंदशहर	172 करोड़
आनंदा डेयरी हापुड़,	150 करोड़
आरएम डेयरी अलीगढ़,	150 करोड़
मुरलीधर दुग्ध ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज	150 करोड़
माया मिल्क फूड इटावा,	150 करोड़
टेस्टी डेयरी कानपुर देहात	110 करोड़

कांग्रेस को गठबंधन में मिल सकती हैं तीन और सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट पर कांग्रेस बना रही दबाव
- श्रावस्ती से सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से नसीमुद्दीन को उम्मीदवार बनाने की चर्चा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट को लेकर अन्य दलों में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सपा से तीन और सीटें पाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को ये सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा के खाते में 63 सीटें मिलीं, जिसमें एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस प्रदेश की तीन और सीटें श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट की मांग कर रही है। पार्टी श्रावस्ती से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही है, जबकि भदोही सीट से राजेश मिश्रा को लड़ाने की चर्चा है। गठबंधन के लिए बनी कांग्रेस की समन्वय समिति इस पर सपा से वार्ता कर रही है। कांग्रेस को ये तीनों सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार के लड़ने की संभावना : अमेठी व रायबरेली सीट पर गांधी परिवार के लोगों को ही चुनाव लड़ाने की संभावना है। अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को टिकट दिये जाने की चर्चा है, जबकि वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

इन नेताओं को मिल सकता है टिकट

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से पार्टी दानिश अली पर दांव लगा सकती है। बसपा से निलंबन के बाद दानिश की कांग्रेस से नजदीकी बढ़ी है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट दिया जा सकता है। इसी तरह, झांसी से चन्द्रभूषण सिंह या प्रदीप आदित्य, देवरिया अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया, कानपुर से आलोक मिश्रा व अजय कपूर का नाम चर्चा में है। महाराजगंज से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, गोरखपुर की बांसगांव सीट से कमल किशोर कमांडो, गाजियाबाद से डॉली शर्मा के नामों पर चर्चा चल रही है।

भाजपा हर बूथ पर मत बढ़ा कर साधेगी मिशन 370

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में देशभर की 370 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर भाजपा ने हर बूथ पर करीब 370 मत बढ़ाने की रणनीति तैयार की है। लोकसभा चुनाव के लिए इसी महीने तारीखों की घोषणा संभव है। ऐसे में भाजपा अब पूरी सक्रियता के साथ हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में है।

इस कवायद के तहत भाजपा उप्र. के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर भी अपनी बढ़त बनाने की पहल करेगी। उप्र. में एक बूथ पर औसतन 950 मतदाता पंजीकृत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार उप्र में 2024 के लोकसभा चुनाव में 15 करोड़ 29 लाख लोग मतदान के पात्र हैं। भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों का मानना है कि अगर औसतन हर बूथ पर 370 मत हासिल करने का लक्ष्य पूरा हो जाए तो करीब छह करोड़ अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान कर सकते हैं।

> जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद हो रहे इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के आह्वान पर पार्टी ने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।
>
> –विजय बहादुर पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा

- प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में 15 करोड़ 29 लाख लोग मतदान करने के पात्र

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उप्र में 59 फीसद से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। उस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 51.19 फीसद मत मिले थे जिनमें अकेले भाजपा की हिस्सेदारी 49.98 प्रतिशत थी। 2019 में राज्य के 14.58 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं में आठ करोड़ 65 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। इसमें साढ़े चार करोड़ से अधिक मतदाताओं ने राजग के पक्ष में मतदान किया था।

एसटीएफ ने घुमंतु गैंग के सरगना को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफएफ ने लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार जैसे कई संगीन अपराधों में वांछित घुमंतु गैंग के सरगना केदार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बरेली, एटा, कासगंज और शाहजहांपुर के 13 मामले दर्ज हैं।

अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को मुखबिर की सूचना पर यह कामयाबी मिली है। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपने परिवार व साथियों के साथ अलग-अलग जनपदों में स्टेशनो के किनारे अथवा सुनसान स्थानों पर डेरा लगाकर रहता रहा है। उसके परिवार की महिलाएं और बच्चे खिलौने, चाइनीज पम्प, चाइनीज टार्च आदि घरेलू सामान लेकर नगर, कस्बा, गांव आदि स्थानों पर इन सामानों को बेचने के बहाने घरों की रेकी करते थे। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर रैकी किए हुए घरों मे डकैती की वारदात को अंजाम देते थे है। घटना बाद वह लोग दूसरी स्थान पर चले जाते है। उसने यह भी बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से इस तरह की आपराधिक वारदातों को अंजाम देता रहा है।

यादव समाज की अपनी पहचान, इनका कोई ठेकेदार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रविवार को राजधानी पहुंचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यादव समाज का कोई ठेकेदार नहीं हैं, समाज की अपनी पहचान है। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनाने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, दर्द होता है तो होता रहे यादव समाज जब भी उप्र. में बुलाएगा वह आते रहेंगे।

यादव समाज की ओर से रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ आयोजित किया गया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यादव समाज के एक गरीब परिवार के बेटे को मुख्यमंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद दिया है। जबकि उनके विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज के पांच सौ वोट भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राजनीतिक दल के लिए यह सबक है, अब यादव समाज किसी परिवार के परिवारवाद को स्वीकार नहीं करेगा।

लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ रैली के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य। अमृत विचार

- मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख का नाम लिए बिना किया कटाक्ष

मप्र. के मुख्यमंत्री ने समाज में युवाओं को शिक्षा पर खास ध्यान की आवश्यकता जताई, कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी शिक्षा का महत्व समझा था। मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त कई संघर्ष किए और परीक्षाएं दी। लेकिन ना तो वह कभी झुके न ही किसी परीक्षा में फेल हुए। उन्होंने कहा कि उसी तरह सनातन धर्म भी किसी के आगे नहीं झुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जो नारा देती है उसे पूरा करती है। अयोध्या में पांच सौ वर्ष के संघर्ष के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है।

महाकुंभ के आयोजक एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार मनीष यादव ने कहा कि सैफई परिवार ने वोट बैंक के लिए यादव समाज का शोषण किया। मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, फिरोजाबाद और फर्रुखाबाद के अलावा किसी अन्य जिले के यादव समाज का उत्थान नहीं किया। उन्होंने कहा अखिलेश यादव ने मुस्लिम वोट बैंक बचाने के लिए कभी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में कोई बात नहीं की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित यादव समाज के नेता मौजूद रहे।

भाजपा मुख्यालय में डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव, सदस्य राज्यसभा संगीता यादव, पार्टी के उपाध्यक्ष संतोष सिंह, बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, बसंत त्यागी, शंकर लोधी ने डा. मोहन यादव का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रवाद के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है, जिसमे परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, जिसके परिवार में किसी ने राजनीति नहीं की और मुझें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया है। किसी भी कार्यकर्ता का किसी भी पद पर पहुंचना सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने स्वयं को उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आजमगढ़ से मध्य प्रदेश गए थे। इससे पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेगें।

स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में पीएसी मुख्यालय ने दी गलत जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पीएसी मुख्यालय द्वारा स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व में हुए तबादला आदेश की समीक्षा में इस बात की पुष्टि हुई है।

दरअसल, दिसंबर 2022 में पदोन्नति जनपदीय सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस को पीएसी में स्थानांतरित किया गया था। इसको लेकर उनमें नाराजगी थी। उनका कहना था कि इसके पहले कभी ऐसा तबादला नहीं किया गया। इसी मसले को लेकर पुलिसकर्मियों के वकील रामकरन (सुल्तानपुर) की ओर से सूचना का अधिकार के तहत सूचना मांगी गई थी। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय कपिल देव सिंह द्वारा 12 जनवरी 2024 को दी गई सूचना में बताया गया कि कोराना महामारी की विषम परिस्थितियों के कारण चयन वर्ष 2020-2021 और जनवरी 2022 में जिले के उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर प्रोन्नत कर्मियों के पीएसी में स्थानान्तरित नहीं किया गया।

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

- कहा, कोरोना के चलते 2020 21 और 22 में स्थानांतरण नहीं हुए जबकि इस दौरान हुए ट्रांसफर

अब विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश पर नजर डालें तो यह सूचना गलत साबित होती है। 17 अक्टूबर 2020 को जारी आदेश के तहत पीएसी से जनपदीय सशस्त्र पुलिस में 21 कर्मियों जोन और कमिशनरेट में भेजा गया। वहीं 15 जुलाई को 2021 को 24 का तबादला किया गया।

इसी तरह कुछ साल पहले जनपदीय पुलिस के भर्ती आरक्षी परीक्षा देकर 350 से अधिक मुख्य आरक्षी बने थे। बाद में विभाग द्वारा दिसम्बर 2022 मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस बने दरोगाओ की जनपदीय पुलिस से पीएसी में स्थानान्तरण किए जाने के सवाल पर 24 मई 2019 के शासनादेश का हवाला दिया गया है।

धरातल पर जल्द दिखेगा युवा उद्यमी विकास अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

अमृत विचार : 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रदेश में जल्द शुरू होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अधिकारियों को पूरी कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

सरकार ने पिछले बजट में इस योजना की घोषणा की थी। योजना के जरिए राज्य सरकार प्रति वर्ष एक लाख युवा उद्यमी तैयार करेगी। इसके लिए सरकार की ओर से पांच लाख तक की परियोजनाओं के लिए ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। शासन ने अधिकारियों ने बताया कि बजट 2024-25 में इस योजना के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत उद्योग व सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख रुपए तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध जाएगा। प्रति वर्ष एक लाख इकाइयों को वित्त पोषित कर 10 वर्षों में 10 लाख इकाइयों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। सरकार की ओर से संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेंट मिशन की ओर से संचालित कौशल उन्नयन में प्रशिक्षित लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

इसके अलावा किसी विद्यालय, शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा व डिग्रीधारी युवाओं को भी इस योजनां के अंतर्गत लाभ दिया जाएगा।

10 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है, जहां, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में औसतन 59.11 प्रतिशत मतदान से कम वोट पड़े थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग का निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार पिछले चुनाव में फूलपुर सीट पर 48.57 प्रतिशत, कानपुर 51.39 प्रतिशत, इलाहाबाद 51.75 प्रतिशत, श्रावस्ती 52.05 प्रतिशत, गोंडा 52.11 प्रतिशत, डुमरियागंज 52.26 प्रतिशत, प्रतापगढ़ 53.36 प्रतिशत, भदोही 53.45 प्रतिशत, अमेठी 54.05 प्रतिशत व संत कबीर नगर में 54.15 प्रतिशत वोट पड़े थे, जबकि इन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है।

हर पात्र व्यक्ति को मिले प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं निस्तारण के दिए आदेश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कोई भी गरीब बेघर नहीं रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा।

पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का किया भूमि पूजन

गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायतों की ऑडिट संबंधित बैठक - 11:00 बजे।
- रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में काव्य समारोह का आयोजन - 2.00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में कंतिका मिश्रा के कथक नृत्य की प्रस्तुति - 5.30 बजे।

गाय खरीद के लिए संपर्क करेंगे अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : 18 मंडलीय जिलों में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना से लाभान्वित किया जाएगा। चयन की प्रकिया पूरी होने पर अब पशु पालकों को दो गाय की इकाई लगाने के लिए दो-दो लाख रुपये मिलेंगे। दुग्ध विकास के मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने उप दुग्धशाला विकास अधिकारी को लाभार्थियों से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं। जो योजना के तहत राजस्थान, पंजाब व हरियाणा से देशी गाय खरीद की प्रक्रिया कराएंगे और इकाई संचालित कराएंगे।

बारिश बनी आफत, ओले भी गिरे

- आसपास के इलाकों में गिरी आकाशीय बिजली
- सर्द हवाओं के बीच तेजी से गिरा तापमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में हुई जोरदार बारिश आफत लेकर आई, ओले गिरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आसपास के इलाकों में बिजली गिरने और तेज हवाओं का असर आवाजाही पर भी देखने को मिला।

लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में तेज चमक और गरज के साथ मौसम बिगड़ने की शुरुआत शनिवार से हो गई। देर रात बारिश ने जोर पकड़ा। फिर तेज हवाएं चलीं। जिससे तापमान में गिरावट आई, रविवार सुबह से लेकर शाम तक लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरी। ऐसे में आवागमन पर असर देखने को मिला। मौसम अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश कहते हैं कि बिगड़ते मौसम का असर हवाओं पर भी पड़ा है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में हवाओं की रफ्तार 30-40 किमी प्रति घंटा तक रही। आने वाले दिनों में भी कई स्थानों पर चमक और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। ऐसे में घर से निकलते समय सतर्कता बरतने की जरूरत है।

राजधानी में हुई बारिश से एक बार फिर मौसम बदल गया, लोगों को ठंड का अहसास हुआ। इसी क्रम में हजरतगंज क्षेत्र में बारिश के बीच गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

रविवार को कुर्सी रोड पर बारिश के दौरान गिरे ओले। अमृत विचार

गोमती नगर में बारिश ने दी अच्छी हवा की सौगात : लखनऊ में बारिश गोमती नगर वासियों के लिए सौगात लेकर आई, यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 34 रिकार्ड किया गया। सेण्ट्रल स्कूल के आसपास की स्थिति सबसे खराब रही। यहां का एक्यूआई 171 रहा। बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में 115 रिकार्ड हुआ। चारबाग की स्थिति 137 पहुंची। हैबत मऊ मवइया 119 और निशांत गंज में 151 एक्यूआई रहा। गोमती नगर छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों की हवाएं खराब श्रेणी में दर्ज की गईं।

> पश्चिमी विक्षोभ का असर मौसम पर पड़ रहा है। अब यह असर खत्म होने पर है। पूर्वी क्षेत्रों में अभी बारिश की संभावना बनी हुई है, अन्य क्षेत्रों में आगामी दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी।
>
> -एम दानिश, वरिष्ठ वैज्ञानिक मौसम अनुसंधान केन्द्र

तापमान, नमी और दबाव की स्थिति

तापमान	21 डिग्री सेल्सियस
नमी	78 फीसद
दबाव	1011 एमबीएआर

दोपहर बाद हुई ओलावृष्टि

लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। तेज बारिश के बीच गिरे ओलों से काफी देर तक जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां और पत्तियां गिरने से वाहनों की कतार भी लगी देखी गईं।

राजधानी के आसपास के क्षेत्रों में फसलों को नुकसान

अमृत विचार, मोहनलालगंज: बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, आलू, अरहर, चना आदि फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसान सरदार राजेन्द्र सिंह ने बताया गेहूं की पूरी फसल गिर गई है।

निगोहां संवाददाता के अनुसार अघइया निवासी किसान दया शंकर दीक्षित ने बताया कि उनके खेतों में भी गेहूं की फसल पूरी तरह खेत में बिछ गई है। आम की फसल में बौर को नुकसान हुआ है।

निगोहां निवासी किसान अरविंद तिवारी ने ज्यादातर किसानों की सरसों की फसल कटने वाली थी। बारिश, ओलों से सरसों को ज्यादा नुकसान हुआ है।

सरोजनीनगर संवाददाता के अनुसार हरौनी क्षेत्र में मोहम्मद इरफान, गोविंद सिंह, जगदीश गौतम और भगवान दीन आदि किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। कई किसानों की मटर और सरसों की फसलों में भी काफी नुकसान हुआ है।

ओलावृष्टि से सरसों, मटर, चना के साथ गेहूं को भी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में शनिवार और रविवार को हुई बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों के साथ किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। बे-मौसम बारिश से ज्यादातर रबी की फसलें चौपट हो गई हैं।

खासकर सरसों, मटर व चना में 50 प्रतिशत तक नुकसान होने की संभावना है। जो ज्यादातर किसानों ने काटकर खेतों पर रखा था। गेहूं की फसल पहले तेज हवा और बारिश से खेतों पर बिछी, इसके बाद पकी फसल को ओलावृष्टि ने और नुकसान पहुंचाया। इससे बालियां झड़ने के साथ पौधे जड़ से कमजोर हो गए। साथ ही खेतों पर पानी भरने से आलू भी सड़ेगा। दलहन-तिलहन के साथ सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं, ओले गिरने से आम के पेड़ों में कीट-रोग व फफूंदी का प्रकोप तेजी से फैलेगा। इससे गुणवत्ता प्रभावित होगी। रबी के अंतिम सीजन में इस तरह की बर्बादी से किसानों की लागत तक निकलना मुश्किल दिख रहा है।

राजधानी में हुई जोरदार बारिश व तेज हवाओं की वजह से खेत में बिछी फसल। अमृत विचार

- रबी फसलों में पूरी लागत लगने के बाद अंतिम चरण पर हुई बर्बादी
- आलू सड़ने की संभावना, दलहन-तिलहन के साथ सब्जियों को भी नुकसान

किसी ने कर्ज तो किसी ने लिया उधार : इस आफत की बारिश से ज्यादातर छोटे किसान प्रभावित होंगे। जिन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण या फिर लोगों से उधार लेकर फसल की है। फसल अंतिम चरण पर है। इसलिए मेहनत के साथ पूरी लागत भी किसान लगा चुके हैं। ऐसी स्थिति में कर्ज तो चुकाना होगा और आगे घर चलाना भी मुश्किल होगा। हालांकि सरकार ने नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

गेहूं व आलू की गुणवत्ता होगी खराब, घटेगी उपज

गेहूं की पकी फसल में ज्यादा नुकसान की संभावना है। बारिश और ओलावृष्टि से बालियां झड़ने के साथ धूप निकलने पर काली पड़ेंगी। इससे गेहूं की गुणवत्ता खराब होने के साथ उपज भी कम होगी। इसका असर सरकारी क्रय केंद्रों और किसानों पर पड़ेगा। जहां, अधिक नमी और गेहूं काला होने के कारण मानकों पर नहीं खरीदा जाएगा। बाजार में भी औने-पौने दाम मिलेंगे। इसी तरह 2 अप्रैल से होने वाली चना, मसूर व सरसों की खरीद प्रभावित होगी। इसी तरह आलू भी कम निकलेगा और देर से खोदाई होने पर फसल पिछड़ेगी।

किसान खेतों से निकालें पानी : डॉ. अखिलेश

कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ कृषि विज्ञानी डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि फिलहाल गेहूं और आलू को नुकसान नहीं होगा। जिन खेतों में जलभराव है, वहां किसान पानी निकाल दें। ओलावृष्टि दलहन-तिलहन और आम के लिए नुकसानदायक है। आम के बागों में फफूंदी नाशक दवा का छिड़काव करें। एक-दो दिन आकाशीय बिजली को देखते हुए बाहर न निकलें। पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर बांधे।

रविवार को विकास नगर के सेक्टर चार में बारिश के दौरान सड़क पर हुआ चौड़ा गड्ढा। अमृत विचार

विकास नगर में सड़क धंसी 20 फिट चौड़ा गड्ढा हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गड्ढे में फंसी कार, बाल-बाल बचे सवार
- जल निगम ने पिछले साल डाली थी सीवर लाइन
- एक साल पहले भी 20 फिट का हो गया था गड्ढा
- पीडब्ल्यूडी ने छह महीने पहले बनाई थी सड़क

अमृत विचार : थोड़ी देर की जोरदार बारिश ने ही शहर की स्मार्ट सड़कों की पोल खोल दी। रविवार दोपहर विकास नगर के सेक्टर चार में 30 मीटर चौड़ी सड़क अचानक धंस गयी। सड़क के बीचो-बीच लगभग 20 फिट चौड़ा और 10 फिट गहरा गड्ढा हो गया। एक कार गड्ढे में फंस गयी, जिससे कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। गनीमत यह रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

सूचना मिलते ही जलकल विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और सुएज इंडिया की टीम ने मौके पर पहुंचकर बैरिकेटिंग करके सीवर लाइन सही कराने का काम शुरू कर दिया। सोमवार को भी क्षेत्र में आवागमन बाधित रहेगा। पीडब्ल्यूडी सोमवार को सड़क सही कराने का काम शुरू करेगा। जानकारी के अनुसार एक साल पहले भी यहां 20 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया था। पीडब्ल्यूडी ने छह महीने पहले सड़क बनाई थी।

विकास नगर के सेक्टर चार में यदुवंश क्लीनिक के पास रविवार दोपहर लगभग 1 बजे मुख्य सड़क अचानक तेज आवाज के साथ धंस गई। इसी दौरान उधर से निकल रहे कुर्सी रोड अतरौली निवासी व्यापारी शशि भूषण नाथ मिश्रा की कार गड्ढे की चपेट में आ गई। कार के पिछले दोनों पहिए गड्ढे में फंस गए। किसी तरह शशि भूषण बाहर निकले।

उन्होंने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर नहीं लगने पर विकास नगर थाने में जाकर मदद मांगी। पुलिस ने क्रेन मंगाकर कार को बाहर निकाला। जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता विकास नगर अनिरुद्ध भारती ने बताया कि प्रथम दृष्टया सड़क धंसने का कारण क्षेत्र में बलुई मिट्टी होना प्रतीत हो रहा है। ट्रंक लाइन में लीकेज से मिट्टी बह गयी, जिससे सड़क धंस गयी। नगर आयुक्त एवं महाप्रबंधक जलकल के निर्देश पर बैरिकेडिंग करके सीवर लाइन को ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है।

मंडलायुक्त ने सड़क धंसने की मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने विकास नगर के सेक्टर चार में सड़क धंसने के कारणों की सोमवार शाम तक रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मध्य क्षेत्र को पत्र लिखा है। मंडलायुक्त ने तत्काल सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं।

नाले और धार्मिक स्थल के पास मिले दो युवकों के शव

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार : राजधानी में दो युवकों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। एक का शव वजीरगंज कोतवाली के रिवर बैंक कॉलोनी के पास नाले में रविवार शाम को मिला। दूसरे युवक का शव रहीमाबाद के अंबरखेड़ा गांव के बाहर धार्मिक स्थल के पास मिला। शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज मनोज मिश्र के मुताबिक, रिवर बैंक कॉलोनी कंपाउंड के पास बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। उनकी बाल पास के नाले में चली गई। बच्चे बॉल निकालने गए, नाले में चादर से लिपटा एक शव पड़ा था। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक शव करीब 10-15 दिन पुराना लग रहा है। बारिश के कारण नाले में बहता शव कूड़े के ढेर में फंस गया था। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

रहीमाबाद के अंबरखेड़ा गांव में बने धार्मिक स्थल के पास ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। मृतक की शिनाख्त के लिये आसपास के थानों से संपर्क किया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

एक महीना पहले बनी सड़क पर भ्रष्टाचार के गड्ढे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर निगम के ठेकेदार ने कुंडरी रकाबगंज में बनायी घटिया सड़क

अमृत विचार : विकास के नाम पर नगर निगम में भ्रष्टाचार का खुलेआम खेल चल रहा है। सड़कें ऐसी बनायी जाती हैं जो मुश्किल से एक महीना भी नहीं चल पाती हैं।

कुंडरी रकाबगंज क्षेत्र के शास्त्री नगर चौराहे से दुर्गा मंदिर के आगे ट्रांसफार्मर तक एक महीना पहले बनायी गयी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। नगर निगम के ठेकेदार ने यह सड़क बनाई है। इससे क्षेत्रीय नागरिकों में नगर निगम व ठेकेदार के प्रति आक्रोश है। जागरूक लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम से की लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। अभियंता और ठेकेदार के बीच गठबंधन सड़क की गुणवत्ता पर भारी पड़ रहा है। हाल ही में नगर निगम में एक सड़क को दो बार बनाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार अधिकारियों ने केवल टेंडर निरस्त करके जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

घटिया निर्माण व जलभराव से सड़कों की सेहत खराब

घटिया निर्माण के साथ जलभराव सड़कों की सेहत खराब कर रहा है। राजधानी में रविवार को दिन भर हुई बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। मवइया अंडरपास, नादान महल रोड, रकाबगंज, नेहरू क्रास, बिरहाना आदि इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। जलनिकासी न होने से मवइया अंडरपास के नीचे पानी भर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर गड्ढों के बीच जान हथेली पर लेकर लोगों को वाहन निकालने पड़े।

डॉक्टर की लापरवाही से दिव्यांग हुआ युवक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक पर लगाया लाखों रुपये का हर्जाना
- बस्ती का मामला, चिकित्सक ने की थी आदेश के विरोध में अपील

अमृत विचार : बस्ती में पेड़ से गिरने पर एक युवक के दोनों पैर चोटिल हो गए। निजी अस्पताल में भर्ती कराया तो ऑपरेशन में लापरवाही के कारण युवक दोनों पैरों से दिव्यांग हो गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक पर लाखों रुपये का हर्जाना लगाया है।

ग्राम नेउरीगाड़ा कुसरौत, बस्ती निवासी प्रेम सागर पुत्र रामजीत के 2 जनवरी 2011 को पेड़ से गिरने पर दोनों पैर में चोट आ गई। उसे वहीं के सूर्या आर्थोपेडिक एंड स्पाइनल सेंटर में भर्ती कराया गया। जांच में जांघ के पास चोट और फैक्चर निकला। इसका डॉ. एसके शर्मा ने आपरेशन किया, लेकिन काफी दिन बाद जुड़ाव नहीं हुआ और हड्डियों में संक्रमण फैल गया। इसके बाद प्रेम को परिजनों ने लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल कालेज व बाद में अन्य निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में भी ऑपरेशन किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बल्कि प्रेम 35 प्रतिशत दिव्यांग हो गया। उसके ऑपरेशन में डॉ. एसके शर्मा की लापरवाही बरती। जिन्होंने गुमराह भी किया। जिला उपभोक्ता फोरम ने चिकित्सक पर इलाज में खर्च व दिव्यांगता के 2.50 लाख, शारीरिक एवं मानसिक कष्ट के 10 हजार व वाद व्यय पांच हजार रुपये देने का आदेश दिया था। इसके विरोध में डॉ. एसके शर्मा ने अपनी सफाई देते हुए राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की थी। जो प्रिसाइडिंग जज राजेन्द्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने खारिज कर जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश को सही ठहराया और चिकित्सक को हर्जाना अदा करने का आदेश दिया है।

जोन 4 के 70,000 घरों से कूड़ा उठाएगी सफाई कंपनी रामकी

कल से होगी शुरुआत, घरों से 120 और दुकानों से 18 इलेक्ट्रिक वाहन उठाएंगे कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम सदन में बुधवार को सफाई को लेकर पार्षद के हंगामे के बावजूद कंपनी रामकी ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की तैयारी शुरू कर दी है। हैदराबाद की कंपनी 'रामकी' नगर निगम जोन 4 (गोमती नगर) में करीब 70,000 घरों से कूड़ा उठाएगी। घरों से कूड़ा उठाने के लिए 120 इलेक्ट्रिक गाड़ियां लगायी जाएंगी।

वहीं, 18 गाड़ियां बाजारों व दुकानों से दिन में दो बार कूड़ा उठाएंगी। 5 मार्च से कंपनी इसकी शुरुआत करेगी। कंपनी ने ट्रायल रन शुरू कर दिया है। ड्राइवर व सुपरवाइजर घरों का रूट और कूड़ा उठाने में लगने वाला समय भी चेक कर रहे हैं। धीरे-धीरे कंपनी बाकी अन्य जोन में भी घरों से कूड़ा कलेक्शन का कार्य शुरू कर देगी। तीन महीने तक काम देखने के बाद कंपनी को नगर निगम नालियों और सड़कों की सफाई का काम देगा।

- बाजारों से दिन में दो बार उठेगा कूड़ा, चल रहा ट्रायल रन, ड्राइवर व सुपरवाइजर देख रहे रूट

> जोन 4 (गोमती नगर) के क्षेत्र में 5 मार्च से कंपनी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू करेगी। इसके बाद बाकी चार जोन में भी काम शुरू करेगी। तीन महीने तक परफारमेंस देखने के बाद कंपनी को नाली और सड़क सफाई का भी काम दिया जाएगा।
>
> -संजीव प्रधान, पर्यावरण अभियंता, लखनऊ नगर निगम

पार्षद नई कंपनी को काम देने का कर रहे विरोध : नई कंपनी को काम देने का भाजपा सहित विपक्ष के पार्षद भी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि पहले भी जो कंपनियां आयीं वे पूरी तरह से फेल रहीं। बार-बार प्रयोग से शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ गयी है। अब नई कंपनी को फिर लाया जा रहा है। पार्षदों की मांग पर बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में आयोजित सदन की बैठक में कंपनी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। भाजपा पार्षद रामनरेश रावत ने नगर आयुक्त पर कंपनी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा दिया। महापौर और पार्षद के बीच जुबानी जंग की शिकायत अब शासन से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंच गयी है।

पांच जोन में कूड़ा प्रबंधन का मिला है काम

इको ग्रीन को हटाने के बाद शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नगर निगम ने आठ जोन के लिए तीन पैकेज बनाकर टेंडर निकाले थे। विवाद के बीच दो पैकेज के टेंडर में हैदराबाद की कंपनी चेन्नई एमएसडब्ल्यू रामकी का चयन किया गया था। तीसरे पैकेज का टेंडर नहीं खोला गया। टेंडर की शर्त के अनुसार कंपनी को जोन एक, तीन, चार, छह और जोन सात में घरों से कूड़ा कलेक्शन, नालियों और सड़कों की सफाई से लेकर डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने का काम दिया गया था।

एक नजर

इजराइल भर्ती के लिए पहुंचे 5 हजार श्रमिक

अमृत विचार, लखनऊ : इजराइल भेजने की प्रक्रिया के अन्तर्गत रविवार को 5 हजार की संख्या में श्रमिक आईटीआई अलीगंज पहुंचे। बारिश और तेज हवाओं के बावजूद बड़ी संख्या में श्रमिक आईटीआई परिसर में मौजूद रहे। रविवार को द्वितीय चरण के स्किल परीक्षण का 5वां दिन था। इजराइल से आए विशेषज्ञ डेलिगेशन की निगरानी में 4 श्रेणी में ट्रायल चला। ये स्किल परीक्षण 7 मार्च तक चलना है। इस दौरान 5 हजार श्रमिकों के चयन का लक्ष्य है। इससे पहले पहले चरण में 5 हजार 87 श्रमिकों का चयन किया गया था। अलीगंज के प्रिंसिपल राजकुमार ने बताया कि श्रम विभाग के शेड्यूल के मुताबिक रजिस्टर्ड श्रमिकों को अंदर दाखिला दिया जा रहा हैं। अभी 4 कैटेगरी में ही भर्ती की जा रही है। इनमें प्लास्टर का काम करने वाले राजगीर मिस्त्री, शटरिंग का काम करने वाले कारपेंटर, टाइल्स लगाने वाले मिस्त्री और आयरन बेंडिंग का काम करने वाले कारीगर शामिल हैं। रविवार सुबह से ही बारिश हो रही थी। इस दौरान जो भी श्रमिक परिसर के पार्क या अन्य भाग में खुले में मौजूद थे, उन्हें अंदर लाया गया। इजरायल से आई टीम की निगरानी में चयन प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

शाही अंदाज में बने कार्यवाहक कुलपति, झटके में बदल गई तस्वीर

22 फरवरी को दिव्यांग जन सशक्तीकरण मंत्री ने कार्यवाहक को ग्रहण कराया था पदभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : शाही अंदाज से पुनर्वास विवि के प्रोफेसर को कार्यवाहक कुलपति का पदभार ग्रहण कराया गया। इस ताजपोशी में दिव्यांग जन सशक्तीकरण मंत्री भी शामिल हुए। इसके बाद कार्यवाहक कुलपति ने कई महत्वपूर्ण बैठक और मुआएने किए, लेकिन 10 दिनों के भीतर ही मामला पलट गया। राज्यपाल ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति को पुनर्वास विवि का पांच वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त कर दिया। रजिस्ट्रार कहते हैं कि राज्यपाल द्वारा दिया गया आदेश प्राप्त हो चुका है, पदभार ग्रहण करना बाकी है।

बता दें कि गत माह पूर्व डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में भोजन, साफ-सफाई सहित अन्य मामलों को लेकर छात्रावास सहित संकायों के छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया था, जिसे अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया। फिर पुलिस की चटकी लाठियों में कई छात्रों ने चोटिल होने का दावा किया। बढ़ते विवाद और अमृत विचार की खबरों को संज्ञान लेते हुए राजभवन की ओर से सवाल- जवाब किये गए।

इस बीच कुलपति राणा कृष्णपाल सिंह का कार्यकाल पूरा होते ही पुनर्वास विवि के वरिष्ठ आचार्य समाज शास्त्र विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष और कला एवं संगीत संकाय के संस्थापक अधिष्ठाता रहे प्रो. हिमांशु शेखर झा को 22 फरवरी को बतौर कार्यवाहक कुलपति बना दिया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने आकर इनको पदभार ग्रहण कराया।

22 फरवरी को पदभार ग्रहण कराने के दौरान जन सशक्तीकरण मंत्री, साथ में अन्य।

▸▸ **10 दिनों के भीतर राज्यपाल ने बीबीएयू के कुलपति को बनाया पुनर्वास विवि का कुलपति**

> कुलाधिपति/राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रो. संजय सिंह को पुनर्वास विवि का कुलपति बनाया गया है। उनके चार्ज लेते ही कार्यवाहक पद का प्रभाव स्वत: समाप्त हो जाएगा।
> –रोहित सिंह, रजिस्ट्रार पुनर्वास विवि

कार्यवाहक कुलपति ने 10 दिनों में की कई बैठकें

कार्यवाहक कुलपति द्वारा 10 दिनों के भीतर कई महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित कीं। परीक्षा संबंधी मुआएने हुआ। छात्रावास की समस्याओं को हल करने के दावे भी किये गए। लेकिन दस दिनों के भीतर पद की तस्वीर ही बदल गई।

शिक्षक न बर्बाद करें शिक्षण कार्य का समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विद्यालयों में बदलाव तभी हो सकता है जब शिक्षक खुद में बदलाव लाएंगे। लेकिन अक्सर देखा जाता है की कई शिक्षक ऐसे होते हैं जो पढ़ाई के समय में विद्यालय तक आने और जाने मे बर्बाद कर देते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई का समय नष्ट हो जाता है।

ये बात माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कही। मंत्री ने कहा मै ये बात इसलिए कह रही हूं क्योकि मैंने पढ़ने से लेकर पढ़ाने तक कि व्यवस्था को करीब से देखा है। उन्होंने कहा आज सरकार स्कूलों में सुविधा प्रदान कर रही। मंत्री ने ये भी कहा कि आज शिक्षकों का वेतन अधिकारियों से भी ज्यादा है। मेरी अपील है शिक्षकों से कि वह नियमित विद्यालय में बच्चों को पढ़ायें। मंत्री गुलाब देवी रविवार को राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत निर्धारित कार्यों का शिलान्यास करने के लिए पहुंची थी।

बता दें कि राजधानी में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत होने वाले 36 राजकीय विद्यालयों को सवांरने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 2127.18 की लागत से 36 राजकीय विद्यालयों में होने वाले निर्माण कार्यों की शुरुआत हुई। मंत्री गुलाब देवी ने प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के 36 एडेड विद्यालयों में प्रारम्भ होने वाले कार्यों की शिलापट्ट का बटन दबाकर शुरुआत की। इस दौरान मंत्री ने प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत होने वाले निर्माण कार्यों को सुचारू रूप से प्रारम्भ करायें जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा।

संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिविर भगवती सिंह, अपर परियोजना निदेशक विष्णू कांत पाण्डेय, जेडी माध्यमिक लखनऊ मंडल डॉ प्रदीप कुमार, डीआईओएस राकेश कुमार, डीआईओएस-टू रावेन्द्र सिंह बघेल, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

सरकार दे रही आज हर सुविधा : इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि आज सरकार की प्राथमिकता है में शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि आज सरकार स्कूलों में हर सुविधा प्रदान कर रही है। ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह भी अपना परिणाम दें।

राजकीय जुबिली कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यों का शिलान्यास करतीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, साथ में अन्य।

▸▸ **आने और जाने का समय का रखें ध्यान, खुद में बदलाव करेंगे तो सुधर जाएंगे विद्यालय**

▸▸ **माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने एडेड कॉलेज के शिक्षकों को दिखाया आइना**

ये होंगे काम

लखनऊ के 36 राजकीय विद्यालयों में 21 एडिशनल क्लास रूम, 07 स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, 03 टॉयलेट ब्लाक, 14 पुस्तकालय और 29 मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कराये जाने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

नए कलेवर में नजर आएगा लखनऊ विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही नए कलेवर में नजर आएगा। केन्द्र सरकार से मिले सौ करोड़ की मदद से विवि के संकाय, द्वार, पुस्तकालय और प्रयोगशालाएं में पुर्ननिर्माण में शामिल किये गए हैं।

100 करोड़ के सहारे पुर्ननिर्माण की शुरुआत हो गई है। लखनऊ विवि के द्वितीय परिसर में गेट का निर्माण कार्य प्रगति पर है। फार्मेसी भवन में भी बदलाव किये जा रहे हैं। रविवार तक पुर्ननिर्माण कार्य तेजी से बढ़ा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पुर्ननिर्माण कार्य में आंशिक और पूर्ण कार्य सम्मिलित हैं। विवि के द्वार से लेकर संकाय भवन, प्रयोगशालाओं में सार्थक प्रयास का परिणाम देखने को मिलेगा। इससे छात्रों के बीच नई ऊर्जा का संचार होगा। पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को भी विस्तार दिया जाना बाकी है। दीवारों को भी मजबूती देना है।

सुरक्षा बिन्दुओं पर भी रखी जाएगी नजर : हाल दिनों में विवि परिसर के भीतर चंदन के पेड़ काट लेने वाली घटना को विवि प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इसको लेकर सुरक्षा संबंधी बिन्दुओं को क्रॉस चेक किये जाने के निर्देश विवि के कुलपति की ओर से दिये गए हैं। दोषी सुरक्षाकर्मी को बाहर का रास्ता दिखाकर जल्द ही कुछ और पर गाज गिरने की बात सामने आई है।

लखनऊ विवि में द्वार के निर्माण कार्य का जायजा लेते कुलपति आलोक कुमार राय, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ **केन्द्र सरकार की ओर से दिया गया है सौ करोड़ का मद**

▸▸ **पुर्ननिर्माण में विवि के कई संकाय व द्वार भी किए गए शामिल**

प्रशासनिक भवन और छात्र अध्ययन के मार्गों में होगा बदलाव

जानकारों की मानें तो प्रशासनिक भवन जाने के लिए पहले गेट से केवल प्रशासनिक कर्मी और विवि के प्रवक्ता ही जा सकेंगे। इस मार्ग अन्य लोगों के आने – जाने में रोक – टोक लग सकती है। विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार आवागमन के लिए मुख्य बनाया जाएगा।

आरटीई : आवेदन में गलती पड़ेगी भारी

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में निशुल्क प्रवेश के लिए दूसरे चरण के क्रम में आवेदन प्रक्रिया चल रही है। लेकिन अभिभावकों की ओर से त्रुटि आवेदन में होती है तो प्रवेश फॉर्म सत्यापन के दौरान निरस्त कर दिया जायेगा।

निरस्त हो सकता है फॉर्म

इस संबंध में जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि इस साल शैक्षिक सत्र 2024-25 में अधिक से अधिक गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में अभिभावक इस बात का ध्यान रखें कि वह अपने बच्चे का आवेदन करते समय सही जानकारी ही अपडेट करें। बीएसए ने बताया कि पहले चरण में 6 मार्च तक सभी बच्चों को प्रवेश दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन उम्मीद है कि इसे 10 मार्च तक पूरा कर लिया जायेगा।

सीएमएस में हुई भर्ती परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में नॉन-टीचिंग स्टाफ की भर्ती परीक्षा रविवार को हुई जिसमें लगभग 400 आवेदकों ने अपने ज्ञान-विज्ञान व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साक्षात्कार के उपरान्त चयनित सफल अभ्यर्थी विभिन्न कैम्पसों व प्रधान कार्यालय में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए भावी पीढ़ी के उत्तरोत्तर विकास में सहायक होंगे।

मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि भर्ती परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरीकों से आयोजित की गई, जिसमें आवेदकों ने क्लर्क, आई.टी. असिस्टेन्ट, कम्प्यूटर लैब असिस्टेन्ट आदि विभिन्न पदों हेतु भाग्य परीक्षण किया।

नॉन–टीचिंग स्टाफ की भर्ती को लेकर परीक्षा देते शिक्षक। अमृत विचार

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

सूखे से निपटने के लिए विशेषज्ञ आज करेंगे मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में सूखे की निगरानी, आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि व धनहानि को कम करने के लिए विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इसके लिए 4 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

आईआईटी कानुपर के सहयोग से किया जा रहा आयोजन

शासन के अधिकारियों ने बताया कि राहत विभाग की ओर से आईआईटी कानुपर के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के रूप में प्रदेश व देश के प्रमुख तकनीकी संस्थान, शोध संस्थान, तकनीकी विश्विविद्यालय के साथ-साथ संबंधित विभागों के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

आज दोनों पालियों में अहम विषयों की परीक्षा, सख्त रहेगी व्यवस्था

बोर्ड मुख्यालय से दिनभर चली जिलों के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सोमवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा का एक और अहम दिन है। प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों में दोनों पालियों में महत्वपूर्ण विषयों हाईस्कूल में अंग्रेजी एवं इंटर में भौतिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान व्यवस्था काफी सख्त रहेगी।

परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता मिलने पर जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। सबसे पहले कार्रवाई केंद्र व्यवस्थापक पर ही होगी। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को आगाह कर दिया गया है। सेंटरों में केंद्र व्यवस्थापकों और स्टैटिक मजिस्ट्रेट ही मोबाइल का जरूरत पड़ने पर प्रयोग कर सकेंगे। बोर्ड मुख्यालय से सचिव ने रविवार को लखनऊ सहित कई जिलों के शिक्षाधिकारियों के साथ गूगल मीट करके दिशा निर्देश दिए। गूगल मीट के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला और निदेशक डॉ महेन्द्र देव सहित सभी जिलों के डीआईओएस भी जुड़े।

निदेशक का निर्देश, मोबाइल पर रहेगा बैन : आगरा प्रकरण के बाद यूपी बोर्ड ने परीक्षा के दौरान और कड़ाई कर दी है। कई कड़े कदम उठते हुए परीक्षा केंद्रों में सभी के मोबाइल ले जाने पर ही रोक लगा दी है। अब जरूरत पड़ने पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर सकते है कमांड रूम से जिस भी परीक्षा केंद्र में लापरवाही दिखी वहां के केंद्र व्यवस्थापक पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में माध्यामिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव की ओर से भी आदेश जारी कर दिया गया है।

आज इन विषयों की होगी परीक्षा : 4 मार्च को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी एवं इंटर में कम्प्यूटर व्यवसायिक वर्ग एवं कृषि वर्ग की परीक्षा होगी। द्वितीय पाली में हाईस्कूल में सुरक्षा विषय एवं इंटर में भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र व तर्कशास्त्र की परीक्षा होगी। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी पर्यवेक्षक, सचल दस्ते, जोनल मजिस्ट्रेट फील्ड में रहेंगे। परीक्षा केन्द्रों की सघन जांच होगी। कमांड रूम से सभी केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर भी क्यूआरटी की नजर बनी हुई है। इस काम के लिए अलग से विशेषज्ञ लगे हैं।

▸▸ **सेंटरों पर लापरवाही मिलने पर नपेंगे केंद्र व्यस्थापक, होगी कार्रवाई**

पांच केन्द्रों पर होगा कॉपियों का मूल्यांकन

अमृत विचार : राजधानी में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी मूल्यांकन पांच केन्द्रों पर होगा। मूल्यांकन के लिए कॉलेजों को चिन्हित कर लिया गया है। विभाग की ओर से कॉपी चेक करने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने की प्रक्रिया जारी है। इस बार भी राजकीय जुबिली कॉलेज, राजकीय निशातगंज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय विकास नगर बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोमती नगर को मूल्यांकन केन्द्र बनाया जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि अभी परीक्षा जारी है। परीक्षा समाप्त होते हुए मूल्यांकन की सभी तैयारियों की समीक्षा की जायेगी। बता दें कि परीक्षा के दौरान बच्चों की लिखी हुई उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन हर दिन जुबिली कॉलेज में किया जा रहा है। इसके बाद गोपनीय ढंग से जिलों में उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने की प्रक्रिया की शुरू होगी। दूसरे जनपद की कॉपियां लखनऊ पहुंचेंगी। फिर मूल्यांकन शुरू होगा। इस बार कोशिश है कि मूल्यांकन प्रक्रिया निर्धारित समय में ही पूरी हो जाए।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए– 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

संवाद और नवाचार में लखनऊ विवि को बढ़त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, एमिटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय कला की असीमित संभावनाएं - नवाचार, सहयोग एवं संवाद रहा। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में मंच का संचालन सहायक प्रोफसर लालीप्रिया और छात्रा अभिलाषा अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम में शोधकर्ताओं ने ऑफलाइन और ऑनलाइन शोध पत्रों को पेश किया। समन्वयक डॉ. प्रिया गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में करीब 21 प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों से लगभग 135 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 28 शोधकर्ता और 79 छात्रों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में भाग लिया।

25 से अधिक छात्र अनुसंधान पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता में शामिल हुए। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिमेश बाबूलाल सहित राजकुमार, हिमानी, चंचल और खुशी संयुक्त पोस्टर प्रतियोगिता में पुरस्कृत किये गए। इस अवसर पर डिप्टी प्रो वाइस चांसलर विंग कमांडर (सेवानिवृत्त), डॉ. अनिल कुमार, प्रो. पूजा वर्मा, डायरेक्टर एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स प्रोफेसर मंजू अग्रवाल, प्रो. कुमकुम रे, प्रो. डीएस कपूर फैकल्टी सदस्य और विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र व अतिथि। अमृत विचार

▸▸ **पोस्टर प्रतियोगिता में लखनऊ विवि के छात्र पुरस्कृत**

ये विवि हुए शामिल

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, लखनऊ विवि, वनस्थली राजस्थान, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि, इंदिरा कला संगीत विवि आदि।

महंगाई भत्ते की किस्तों ने थोड़ी खुशी, थोड़े गम का कराया अहसास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लंबे समय बाद परिवहन निगम कर्मियों को 10 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान संबंधी शासनादेश जारी होने से कर्मचारियों में खुशी है। अभी तक इन कर्मचारियों को 28 फीसद महंगाई भत्ता मिल रहा था, जो अब बढ़कर 38 प्रतिशत हो जाएगा।

इसे 1 फरवरी 2024 से अनुमन्य किया गया है। इससे कर्मचारियों के वेतन में 3,000 रुपये से लेकर 8,000 रुपये और अधिकारियों के वेतन में 8,000 से 15,000 प्रतिमाह तक की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। इससे प्रदेश के हजारों रोडवेजकर्मियों को लाभ होगा। रोडवेज परिषद के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने संगठन की ओर से मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और प्रबंध निदेशक का आभार जताया है।

परिषद के महामंत्री ने कहा यह ठीक है कि सरकार ने परिवहन निगम कर्मियों की सुध ली, लेकिन महंगाई भत्ते की जो किस्तें जुलाई, 2021 से 3 प्रतिशत, जनवरी 2022 से 3 फीसद, जुलाई- 2022 में 4 प्रतिशत देय थी, इसे फरवरी, 2024 से अनुमन्य किए जाने के कारण कर्मचारियों को 50,000 से लेकर 1,00,000 तक नुकसान हुआ है। एरियर देय नहीं रह गया है। इस अवधि में जो कार्मिक सेवानिवृत हो गए हैं, उनका भी एरियर और सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाले देयकों में इसके लाभ से वह वंचित रह जाएंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

शालिमार कलरथॉन में दिखा रचनात्मकता का संगम

अमृत विचार, लखनऊ : राम मनोहर लोहिया पार्क में रविवार को शालिमार कॉर्प के सहयोग से कलरथॉन की ओर से आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। सभी उम्र के लोगों के लिए हुए इस कार्यक्रम में कला की सुंदरता का जश्न मनाया गया। शालिमार कॉर्प के निदेशक कुणाल सेठ ने कहा कि कार्यक्रम शानदार रहा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम और कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर की डीन प्रोफेसर वंदना सहगल ने कैनवास पर रंग लगाकर फेस्टिवल की शुरुआत की। मशहूर वैज्ञानिक मिलिंद राज, शालिमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, कलरथॉन फाउंडेशन के संस्थापक गौरव प्रकाश, भूपेश राय, अहमद और शम्स मौजूद थे।

दीप्ति गुप्ता ने जीता फ्लेवर फाइट होम शेफ कांटेस्ट

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज के राम-राम बैंक चौराहा स्थित बालीवुड अड्डा डांस अकादमी में सुमित अरोड़ा प्रोडक्शन के बैनर तले फ्लेवर फाइट होम शेफ कांटेस्ट का फाइनल राउंड आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में दीप्ति गुप्ता को प्रथम, रोहित पंजवानी को द्वितीय और प्रतिमा तिवारी को तीसरा स्थान मिला। मास्टर शेफ-7 के फाइनलिस्ट रहे विनीत यादव और लखनऊ की शेफ अलका तोमर निर्णायक रहे। 15 प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लक्ष्मी को पहला रनर अप और पूनम को दूसरा रनर अप घोषित किया गया। बेस्ट प्लेटिंग का पुरस्कार लक्ष्मी मिश्रा, मोस्ट पैशनेट का पुरस्कार गीता प्रजापति, बेस्ट इनोवेशन का पुरस्कार आकांक्षी, बेस्ट फ्लेवर का पुरस्कार नीरज मिश्रा को, गेस्ट च्वाइस का पुरस्कार पूनम रायकवाड़ को दिया गया। संचालन रजनीश त्रिवेदी ने किया।

बदहाली बयां कर रहे कूड़े के ढेर व बजबजातीं नालियां

जगदीश चंद्र बोस वार्ड : घरों में भरता है गंदा पानी, संक्रामक रोग फैलने व नाला खुला होने से दुर्घटना होने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सड़क व गलियों में लगे कूड़े के ढेर और बजबजाती नालियां जगदीश चंद्र बोस वार्ड की बदहाली बयां कर रही हैं। नालियों से इस कदर बदबू उठती है कि बिना नाक पर रूमाल रखे निकल नहीं सकते हैं। हल्की बारिश होने पर नालियों का गंदा पानी घरों में भर जाता है। गंदगी के कारण वार्ड में संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

रविवार को बारिश होने पर स्थिति और बदतर हो गई। जगदीश चन्द्र बोस वार्ड के बाल्दा कालोनी के लोगों को रोज दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। बारिश में कौन कहे सामान्य दिनों में नालियों का पानी घरों में भर जाता है। सामान सुरक्षित करने के लिए ऊंचाई पर रखना पड़ता है। महिलाएं गंदे पानी के कारण जमीन पर बैठकर खाना नहीं बना पाती हैं। स्थानीय पार्षद, महापौर व नगर आयुक्त से शिकायत करने के बाद भी साफ सफाई की ठोस व्यवस्था नहीं की जा रही है।

हर तरफ गंदगी का अंबार : वार्ड के सैय्यद बाबा मजार के पास कूड़े का अंबार लगा हुआ है। यह हाल वार्ड में कई स्थानों का है। इसके कारण संक्रामक रोगों का खतरा बना है। सड़क के दोनों तरफ कूड़े का ढेर लगा रहता है। इसके कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोग यहां तक कह रहे हैं कि अब तो यह जीवन का हिस्सा बन गया है।

जगदीश चंद्र बोस वार्ड में लगा गंदगी का अंबार। अमृत विचार

क्षेत्र में खुले नाले के पास खेलते बच्चे कभी भी हो सकते हैं हादसे का शिकार। अमृत विचार

अमृत विचार आपके द्वार

टीम : अमित कुमार पाण्डेय
छायाकार : प्रमोद शर्मा

नाला भी खुला पड़ा

जगदीश चन्द्र बोस वार्ड के घसियारी मंडी में बने नाले पर सुरक्षा की दीवार नहीं बनाई गई है, न ही स्लैब डाला गया। इसके कारण हादसे का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। पार्क होने के कारण आसपास के बच्चे सड़क पर ही खेलते हैं। इस दौरान उनके नाले में गिरने का खतरा बना रहता है। इसके डर से ज्यादातर लोग बच्चों को घर से बाहर खेलने नहीं जाने देते हैं।

रसोई घर में भरे सीवर के पानी के बीच काम करती महिला। अमृत विचार

बोले लोग

कूड़े व गंदगी की वजह से घर से निकलना दुश्वार हो गया है। बदबू घर के अंदर तक आती है। बरसात होने पर हालत और भी बदतर हो जाती है। जिम्मेदारों से शिकायत की मगर कुछ नहीं हुआ। –अशफाक हुसैन

नालियों में सिल्ट भरी है। इसकी कभी सफाई नहीं होती है। शिकायतों के बाद भी नगर निगम का कर्मचारी नहीं आता है। घर से बाहर जाते समय हर वक्त रूमाल का प्रयोग करना पड़ता है। –अनिल कुमार सोनकर

छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर खेलते हैं। पास में खुला नाला है। परिजनों को हर समय बड़े हादसे का डर सताता रहता है। कई घरों की महिलाओं ने बच्चों को घरों से निकलने पर रोक लगा दिया है। - अंजू सोनकर

घर के अंदर नाली का गंदा पानी भर जाता है। इसके कारण अक्सर बाहर ही रहते हैं। महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह बीमारी का बड़ा कारण बनता जा रहा है। –विजेता सोनकर

घर के सामने ही कूड़े का अंबार लगा रहता है। जिसकी वजह से घर के अंदर बदबू आती है। जीना दुश्वार हो गया है। –दीपा सोनकर

नालियों का पानी घर के अंदर आ जाता है, जिससे घर के अंदर रखा हुआ सामान खराब हो जाता है। करें भी तो क्या करें, कुछ समझ में नहीं आता। –प्रेमा

नाली की सफाई के लिए सुपरवाइजर से कई बार कहा गया। पर वह हर बार टालमटोल का रवैया अख्तियार करता है। इसके कारण दिक्कतों और बढ़ गईं। -वंदना

घर के बाहर व अंदर गंदगी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। मैं खुद भी इसका शिकार हो गया हूं। घर के बाहर ही कूड़े का ढेर लगा हुआ है। शिकायत करने पर कोई सुनता नहीं। –अनिल कुमार

घर के अंदर गंदा पानी भरा है। बाहर तखत पर बैठकर समय काट रहे हैं। गंदगी की वजह से तबीयत खराब है। –श्याम कुमारी

यहां के पार्षद सुनवाई नही करते हैं। कहते हैं कि जब तुम लोगों ने वोट नही दिया तो सफाई क्यों करवाएं। –विक्की

सामान्य दिनों में घर के अंदर पानी भर जाता है। बरसात में तो हालात और भी बुरे हो जाते है कमर तक पानी भर जाता है।घर में रहना और आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। –राज सोनकर

नगर निगम के अधिकारियों से लेकर महापौर सबसे शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। –पिंकी सोनकर

सीएचसी गुडम्बा की स्टॉफ नर्सों पर प्रसव के लिए धन उगाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ित परिवार ने स्वास्थ्य मंत्री, सीएमओ और सीएचसी प्रभारी से की शिकायत

अमृत विचार : गुडंबा सीएचसी की तीन स्टॉफ नर्सों पर प्रसव कराने के लिए गर्भवती के परिवार से धन उगाही का आरोप लगा है। दवा-इंजेक्शन तक बाहर से मंगाने का आरोप भी है। विरोध करने पर शिशु की हालत नाजुक बताकर अवंतीबाई अस्पताल रेफर दिया गया। परिवार ने इसकी शिकायत स्वास्थ्य मंत्री, सीएमओ व सीएचसी प्रभारी से की है। मामले की जांच शुरू हो गई है।

कुर्सी रोड मायापुरी कालोनी कल्याणपुर के रहने वाले सुमित सिंह की पत्नी हेमा सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर 28 फरवरी को गुडंबा सीएचसी में भर्ती कराया था। उसी दिन शाम साढ़े छह बजे प्रसव हुआ। आरोप है प्रसव से पहले जरूरी दवाएं, दस्ताने व इंजेक्शन बाहर से मंगवाए गए। प्रसव के बाद तैनात स्टॉफ नर्सों ने छह हजार रुपए मांगे।

तीमारदारों ने असमर्थता जाहिर किया तब भी तीन हजार रुपए ले लिए गए। इसे लेकर अस्पताल में काफी झगड़ा भी हुआ। परिजनों ने सीएचसी प्रभारी से शिकायत दर्ज की लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। के झगड़े बाद स्टॉफ नर्स ने जच्चा-बच्चा को अवंतीबाई अस्पताल रेफर कर दिया गया। शिकायत के बाद सीएमओ ऑफिस से तीन स्टॉफ नर्सों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

मोटापे के कारण बच्चे हो रहे फैटी लिवर का शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वर्तमान समय में करीब 80 फीसदी बच्चों का मोटापा उनके फैटी लिवर की समस्या बन चुका है। वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन की नई रिपोर्ट के मुताबिक अनियमित जीवनशैली के कारण वर्ष 2035 तक 100 फीसदी बच्चे मोटापे के शिकार हो सकते हैं। यह कहना है हॉलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक की डॉ. अर्चना श्रीवास्तव का।

विश्व मोटापा दिवस पर उन्होंने अमृत विचार को बताया कि बच्चों के खाने में पिज्जा, बर्गर और कोल्डड्रिंक जैसी चीजों में रोक लगाकर काफी हद तक मोटापा को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया हाल के दशकों में लोगों के खान-पान में काफी बदलाव आया है।इस वजह से लोगों का शारीरिक संतुलन बिगड़ा है।

मोटापा कई बीमारियों को देता है जन्म : लोहिया संस्थान के बेरिएट्रिक सर्जन डॉ. अंशुमान पांडेय ने बताया कि अत्याधिक मोटापा टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक तथा कैंसर जैसी कई तरह की बीमारियों की वजह बन जाता है। लिहाजा हमें यह मान कर चलना चाहिए कि मोटापा ही एक बड़ी बीमारी है।

जिस पर अंकुश लगाकर हम अन्य बीमारियों से बच सकते हैं। चिकित्सीय भाषा में मोटापे को तीन श्रेणी में बांटा गया है। जिसमें से तीसरी श्रेणी के मोटापे में बेरिएट्रिक सर्जरी की जरूरत पड़ती है। यह संख्या करीब 20 से 30 फीसदी है। इस सर्जरी में इंसान के पाचन तंत्र में बदलाव करके वजन कम करने में आपकी मदद की जाती है। लोहिया संस्थान में अभी तक 100 से अधिक बेरिएट्रिक सर्जरी की जा चुकी हैं। मजबूत इच्छा शक्ति से भी मोटापे पर काबू पाया जा सकता है।

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव

डॉ. अंशुमान पांडेय

विश्व मोटापा दिवस

▸▸ पिज्जा, चाउमीन, बर्गर और कोल्डड्रिंक से दूरी बनाकर पाया जा सकता है काबू

मोटापे का प्रमुख कारण

अत्यधिक कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन, शारीरिक गतिविधियों का अभाव व आनुवांशिकी मिश्रण।

बचने के उपाय:

संतुलित खान-पान, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद लें, चीनी का सेवन कम करें, प्रतिदिन 20 से 30 मिनट तक पैदल चलें, फल, सब्जियां, साबुत अनाज, और लीन प्रोटीन जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करें। ज्यादा फैट, कैलोरी वाले खाद्य पदार्थ कम या न खाएं।

मोटापे के कारण होने वाली प्रमुख बीमारियां

डॉ. अर्चना के मुताबिक मोटापे से हार्ट अटैक का खतरा और डायबिटीज की समस्या बढ़ जाती है। डायबिटीज से अंधापन होने का भी खतरा है, साथ ही किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है। मोटापे को लिवर, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, ओवेरियन, गॉल ब्लैडर, किडनी और कोलन जैसे कैंसर से भी जोड़कर देखा जाता है।

राजेश जोशी को मिला केपी सिंह मेमोरियल सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केपी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से रविवार को कैफ़ी आजमी अकादमी में कवि राजेश जोशी को केपी सिंह मेमोरियल सम्मान दिया गया। यह सम्मान उन्हें लमही के संपादक विजय राय, वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेश और वंदना मिश्रा के हाथों दिया गया। केपी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट, जनवादी लेखक संघ लखनऊ और डॉ. राही मासूम रज़ा साहित्य अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व प्रो. नलिन रंजन सिंह ने कुंवरपाल सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

सम्मान समारोह के बाद केपी सिंह मेमोरियल व्याख्यान स्थापत्य, राजनीति और सृजन : बदलते संबंध विषय पर राजेश जोशी द्वारा दिया गया। व्याख्यान में उन्होंने जवाहर लाल नेहरू, भगवत शरण उपाध्याय आदि लेखकों को उद्धृत करते हुए वर्तमान समय और सत्ता द्वारा स्थापित स्थापत्य और उसकी मंशा पर अपने विचार रखे। उन्होंने कांच के सिर्फ एक ओर से देखने के रूपक के माध्यम से सत्ता का मूल चरित्र उद्घाटित किया। वर्टिकल टॉवर के रूपक से भी उन्होंने राजनीति का एक रूप प्रस्तुत किया। पटेल, संसद भवन और राम मंदिर के स्थापत्य से भी उन्होंने वर्तमान राजनीति को समझाया। इस संबंध में उन्होंने फतेहपुर सीकरी को भक्तिकाल और ताजमहल को रीतिकाल के प्रतीकों के रूप में की गई व्याख्या का भी उदाहरण दिया। दूसरे सत्र में जनपद की कविता कार्यक्रम में इलाहाबाद के पांच कवियों ने कविता पाठ किया। बसंत त्रिपाठी, अंशु, लक्ष्मण प्रसाद गुप्त, पूजा और प्रज्ज्वल की कविताएं लोगों ने सुनीं।

आरोग्य मेले में मौजूद लोग व स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

आरोग्य मेले में 5202 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में रविवार के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इसमें 5202 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार दी गई।अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के बारे में भी स्वास्थ्य कर्मियों ने जानकारी दी। परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में भी लोगों को बताया गया। इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए गए। इसके अलावा ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार को लेकर जागरूक किया गया।

सदन में हंगामे की नगर आयुक्त कल भेजेंगे रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : सफाई कंपनी के मुद्दे पर बुधवार को नगर निगम सदन में हंगामे की रिपोर्ट नगर आयुक्त ने तैयार कर ली है। मामले में नगर निगम की ओर से मंगलवार को साक्ष्य सहित पूरी जानकारी शासन को उपलब्ध करायी जाएगी। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद रामनरेश रावत ने नगर निगम सदन में बुधवार को चर्चा के दौरान नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। जिससे आहत नगर आयुक्त सदन छोड़कर बाहर चले गए। जिसके बाद सदन में जमकर हंगामा हुआ। महापौर ने पार्षद को सदन से निलंबित कर दिया। सदन से जबरन बाहर ले जाने से नाराज पार्षद ने जमकर हंगामा किया। पार्षद राम नरेश ने गुरुवार को महापौर सहित कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और अन्य पार्षदों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की ऑनलाइन शिकायत की है। इसके बावजूद महापौर और नगर आयुक्त की ओर से जवाबी प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है।

लोकबंधु में हुई युवक के कंधे की सर्जरी

▸▸ बाइक फिसलने की वजह से गिर कर चोटिल हो गया था युवक

अमृत विचार, लखनऊ : लोकबंधु अस्पताल में स्पोर्ट इंजरी की सर्जरी भी शुरू हो गई है। यहां बीते दिनों एक युवक के कंधे की सफल सर्जरी की गइ। अर्थोपैडिक सर्जन डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि औरंगाबाद खालसा निवासी रोहित पाल (47) को बचपन में बैडमिंटन खेलने के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। दर्द न होने के कारण तब सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ी। हाल में बाइक फिसलने से उनके कंधे पर फिर चोट लग गई। इस बार लिगामेंट चोटआई, इससे तेज दर्द होने लगा। युवक को यहां आकर दिखाया। जांच के बाद परिजनों की सहमति पर बीते दिनों सर्जरी कर दी गई। एक सप्ताह बाद शुक्रवार को मरीज को छुट्टी दे दी गई।

डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि स्पोर्ट इंजरी में अलग तरह की सर्जरी होती है। सभी आर्थो डॉक्टर स्पोर्ट्स इंजरी में एक्स्पर्ट नहीं होते इस कारण वह ठीक से डायग्नोज भी नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि चोट लगने पर डॉक्टर अक्सर एक्स-रे कराते हैं लेकिन लिगामेंट, कैप्सूल, मैनिस्कस, लेब्रम आदि एक्स-रे में नहीं दिखता है, अगर स्पोर्ट इंजरी हुई है या लिगामेंट टूटा है तो केवल एमआरआई में ही पता चल सकता है। उन्होंने बताया कि इसकी सुविधा भी हर अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीज अक्सर दर्द की दवा लेकर घुटने में बेल्ट बांधकर काम करते रहते हैं, लेकिन आगे चलकर इंजरी वाला भाग पूरी तरह से काम करना बंद कर देता है। जिसके बाद मरीज के पास प्रत्यारोपण ही एक मात्र विकल्प बचता है।

शहर के आईवीएफ केंद्रों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में संचालित आईवीएफ केंद्र अब मनमानी नहीं कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें एआरटी अधिनियम के अधीन लाने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रों को इसका सख्ती से पालन करना होगा। पंजीकरण नवीनीकरण के लिए केंद्र को शुल्क भी जमा करना होगा।

शहर में 40 से अधिक आईवीएफ सेंटर चल रहे हैं। केंद्रों पर अभी तक स्वास्थ्य विभाग का कोई जोर नहीं था। केंद्रों का हर साल सामान्य तरीके से नवीनीकरण करा लिया जाता था। यह केंद्र 2021 से लागू एआरटी अधिनियम के अधीन नहीं थे। इससे केंद्रों पर प्रोसीजर करने में मनमानी की जा रही थी। इसकी शिकायतें स्वास्थ्य विभाग को मिल रहीं थीं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी केंद्रों को एआरटी अधिनियम के दायरे में लाने की तैयारी कर ली है।

▸▸ केंद्रों को एआरटी अधिनियम के अधीन करने की तैयारी

▸▸ तीन श्रेणियों के लिए जमा करना होगा अलग-अलग शुल्क

अब सभी आईवीएफ केंद्र एआरटी अधिनियम के तहत पंजीकृत किए जाएंगे। इसकी तैयारियां पूरी की जा रही है।
–डॉ. एपी सिंह, डिप्टी सीएमओ व नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी

क्या है आईवीएफ

ये प्राकृतिक रूप से गर्भधारण में विफल दंपतियों के लिए गर्भधारण का माध्यम है। आईवीएफ प्रोसीजर में महिला के शरीर में होने वाली निषेचन की प्रक्रिया (महिला के अंडे व पुरुष के शुक्राणु का मिलन) को बाहर लैब में किया जाता है। लैब में बने भ्रूण को महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है।

पांच साल के लिए बनेगा लाइसेंस : एआरटी अधिनियम लागू होने पर हर केंद्र को पांच साल के लिए लाइसेंस मिलेगा। तीन श्रेणी में आईवीएफ केंद्र को पंजीकरण कराना होगा। इसमें श्रेणी-1 में 50 हजार, श्रेणी दो में दो लाख रुपए श्रेणी तीन में पंजीकरण के लिए 50 हजार रुपए आईवीएफ केंद्रों को जमा करना होगा। जिसके बाद ही उन्हें लाइसेंस जारी होगा।

अनदेखी शराब बनाने के काम में पुरुषों के साथ महिलाएं भी रहती हैं सक्रिय, पूर्व की घटनाओं से भी नहीं लिया जा रहा सबक, अधिकारी सुस्त

होली के पहले धधकने लगीं कच्ची शराब की भट्टियां

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर शराब की मांग बढ़ जाती है। इसका लाभ उठाने के लिए अवैध रूप से शराब बनाने वाले भी सक्रिय हो जाते हैं। इस बार भी लखनऊ के आसपास के क्षेत्रों के गांवों में अवैध रूप से कच्ची व मिलावटी शराब बनाने का काम शुरू हो गया है। शराब बनाने के काम में पुरुषों के साथ महिलाएं भी सक्रिय हैं। ऐसी ही मिलावटी शराब के कारण बीते वर्षों में कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग सुस्त है। खानापूरी के लिए बीच-बीच में धरपकड़ अभियान ही चलाए जाते हैं।

बंथरा इलाके के नटखेड़ा, दरियापुर, तेरवा, नानमऊ, ऐन सहित लगभग आधा दर्जन गांवों में कच्ची व मिलावटी शराब का कारोबार बहुत तेजी से फल फूल रहा है। इसमें युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। हालांकि जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ठोस कार्रवाई का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक 18,244 जगह छापे डाले गए।

जिसमें 2260 लोगों पर अभियोग पंजीकृत किया गया। छापों में 46,754 लीटर शराब और 31,180 किग्रा लहन बरामद हुआ। 279 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 49 लोगों को जेल भेजा गया। शराब तस्करी में कुल 8 वाहन पकड़े गये।

दतली गांव में हुई थी 54 लोगों की मौत

मलिहाबाद के दतली गांव में मिलावटी शराब पीने से 54 लोगों की मौत के मामले को भी जिम्मेदार भूल गए हैं। माल थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर राम नगर और वीरपुर गांव में कच्ची शराब बनाने का कार्य किया जाता है। इसके अलावा माल के थवार, भभूति खेड़ा, समेसी, बाजारगांव अऊमऊ, गौरैया, साहमऊ, पीर नगर, थरी, सुरती खेड़ा, तरौना सहित एक दर्जन गांवों में भी कच्ची शराब बनाने और बेचे जाने का कार्य भी किया जाता है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के इंद्रजीत खेड़ा, ददियाना, कनकहा, जबरौली, जैतीखेड़ा, कोड़हा, इलास खेड़ा खजौली सिमेंदी में भी अवैध तरीके से शराब बनाने का कार्य किया जाता है। जिसकी जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं।

लतीफ नगर में गई थी पांच लोगों की जान

बंथरा स्थित लतीफ नगर में मिलावटी शराब पीने से वर्ष 2020 में करीब पांच लोगों की मौत हुई थी। इसी घटना में तत्कालीन पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडे एवं तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी व तत्कालीन बंथरा थाना प्रभारी, तत्कालीन सब इंस्पेक्टर गोपी श्याम समेत कई अधिकारियों पर गाज गिरी थी।

आधा दर्जन ने गंवाई थीं आंखों की रोशनी

12 जनवरी 2015 में कच्ची शराब के सेवन से मलिहाबाद, इब्राहिम, अटौरा, खड़ता, रामपुरबस्ती, गुडवा, पहाड़पुर, बंथरा और उन्नाव जनपद के जवन, करौंदी और तलवा पिछवाड़ा गांव के करीब 54 लोगों की मौत हो गई थी। आधा दर्जन लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। इसके बाद आबकारी विभाग द्वारा मलिहाबाद कोतवाली में अवैध शराब के कारोबारी जगनू पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। आरोपित पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) की कारवाई भी की गई थी।

पशु अधिकारी व इंजीनियर की संदिग्ध हालात में मौत

▸▸ बीकेटी में सीतापुर हाईवे पर कार में मिला पशु अधिकारी का शव

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

अमृत विचार: बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत बड़ी बाजार में रविवार सुबह लखनऊ-सीतापुर हाईवे के किनारे खड़ी गाड़ी में पशु अधिकारी विमल कुमार सिंह (43) का शव पड़ा मिला। पीजीआई के हैवतमऊ मवैया में पीडब्ल्यूडी इंजीनियर फारूख अंसारी (58) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उनका शव रसोई में पड़ा मिला। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एडीसीपी नार्थ जितेंद्र कुमार दुबे के मुताबिक, लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी बाजार के पास नीले रंग की कार में चालक अचेड पड़ा था। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक को नजदीकी सीएसची में पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कार से मिले आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त इंदिरानगर थानाक्षेत्र के पटेलनगर निवासी विमल सिंह के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि विमल हरदोई जनपद के संडीला तहसील में पशु अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। मृतक के शरीर पर किसी भी जख्म का निशान नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पशु अधिकारी के मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस ने कार से शराब की खाली बोतल बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

रसोई घर में मिला पीडब्ल्यूडी इंजीनियर का शव

पीजीआई प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, हैवतमऊ मवैया निवासी पीडब्ल्यूडी इंजीनियर फारूख अंसारी का शव शनिवार देर रात घर की रसोई घर में मिला। वह प्रयागराज में तैनात थे। बेटे अरसियान ने बताया कि शुक्रवार रात वह, मां अलीमा और बहन के साथ एक शादी-समारोह में गए थे। पिता घर पर थे। शादी से लौटने के बाद दरवाजा खटखटाया।जवाब नहीं मिलने पर बेटे ने दूसरी चाभी से दरवाजा खोला। रसोई के फर्श पर पिता पड़े थे। उन्हें एसजीपीजीआई के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फारूख मधुमेह रोग के मरीज थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

एक नजर

किसान गोष्ठी में मोटे अनाज पर हुई चर्चा

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार योजनांतर्गत किसानों को मोटे अनाज की खेती और उसके उपभोग के प्रति जागरूक किया गया। रैथा गांव में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के सलाहकार सुरेश कुमार राजपूत ने किसानों को श्री अन्न की खेती, उपज, पोषक तत्वों एवं इसके उपभोग से होने वाले लाभ बताए। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक प्रथम वीरेंद्र कुमार वर्मा ने योजनाओं की जानकारी दी। टीएसी प्रदीप सैनी,प्रमोद कुमार, बीटीएम सतीश चंद तिवारी, कृष्ण अवतार एटीएम विकासखंड चिनहट और 120 किसान मौजूद रहे।

अवैध शराब बेच रहा दुकानदार गिरफ्तार

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : इटौंजा थाना अंतर्गत सीएचसी के गेट के पास पान मसाला की गुमटी में अवैध रूप से देशी शराब के पैकेट बेच रहे दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने बताया कि इटौंजा कस्बा अंतर्गत वार्ड 4 तुर्की निवासी युवक निर्मल पाण्डेय को पान मसाला की गुमटी से देशी शराब के पाउच बेंचते हुए पकड़ लिया गया था।जिसके बाद गुमटी की तलाशी के दौरान विंडीज देशी शराब 200 एमएल के 43 पाउच भी बरामद किए गए।

काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगा स्वास्थ्य मेला

अमृत विचार,काकोरी : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी में रविवार को स्वास्थ्य मेला लगाया गया।इसकी शुरुआत मलिहाबाद विधायक जय देवी ने की। मेले में जांच और उपचार के लिए टीबी, कुष्ठ, दांत रोग, परिवार कल्याण, आंख और सामान्य स्वाथ्य्य परीक्षण के लिए स्टॉल लगाए गए। टीबी स्टॉल डॉ. बृजेश कुमार, कुष्ठ रोग स्टॉल धर्मेंद्र दीक्षित, नेत्र रोग स्टॉल आसमा बेग, दंत रोग स्टॉल डॉ. अंकिता त्रिपाठी के नेतृत्व में लगाया गया।

युवक की मौत के बाद परिजन ने किया प्रदर्शन

सड़क जाम कर की कार्रवाई किए जाने की मांग, तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज की हत्या की प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई थी। रविवार को परिजनों ने लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पाकर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर वहां से हटाया। बाद में पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, बदाली खेड़ा निवासी पूर्व सैनिक नवीन सिंह थापा का बेटा अमित कुमार थापा (30) गोमती नगर के डायमंड स्पा में चालक पद पर कार्य करता था। पुलिस की मानें तो वह शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे स्कूटी से वापस घर आ रहा था। तभी सुशांत गोल्फ सिटी स्थित मेदांता अस्पताल के पास शहीद पथ पर उसकी स्कूटी में ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे ट्रामा सेंटर में पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को परिजन शव लेकर ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे।

ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास प्रदर्शन करते परिजन व स्थानीय लोग (इन्सेट में मृतक)। अमृत विचार

परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की पुष्टि गला घोंटने से हुई है, लेकिन पुलिस दुर्घटना में मौत होना बता रही है। उनकी मांग थी कि इस मामले में हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की जाए। करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर वहां से हटाया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि ट्रक की टक्कर से अमित की मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट में उसके सिर पर चोट लगने से मौत होना आया है। हालांकि पत्नी डॉली थापा की लिखित शिकायत पर हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है।

फर्जी दस्तावेज बना महिला की बेची जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जालसाजों ने महिला के खाते से निकाले लाखों रुपये
- सरोजनीनगर और कृष्णानगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अतंर्गत अमौसी में दबंगों ने एक महिला की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया। वहीं, कृष्णानगर क्षेत्र में जालसाजों ने एक महिला से धोखाधड़ी कर उसके खाते से लाखों रूपये निकल लिए है। तहरीर के आधार पर सरोजनीनगर और कृष्णानगर पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी निवासी संजय देवी ने कमलेश और सुरेश रावत के जरिए अमौसी में 1630 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। जिसके बदले छह लाख रुपये दिए थे। पीड़िता के मुताबिक फर्जी कागज बना कर आरोपियों ने जमीन बेची थी। यह बात उन्हें काफी दिनों बाद पता चली।

वहीं, कृष्णानगर की हरिओमनगर निवासी सुनिता पाठक ने बताया कि गत अक्टूबर 23 से 18 नवम्बर 23 के बीच जालसाजों ने उनके बैंक खाते से 1.38 लाख रुपये निकाल लिए है। पड़ताल करने पर उन्हें जानकारी हुई कि ठाकुर इन्टरप्राइजेज व आर्यन इन्टरप्राइजेज समेत सिंह टेक्सटाइल के खाते में रूपये ट्रांसफर हुए है। इसके बाद महिला ने साइबर सेल सहित कृष्णानगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

अरेस्ट वारंट की धमकी दे वसूले 30 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निवेश का झांसा देकर युवक से ऑनलाइन ठगी
- रोजगार की तलाश कर रही छात्रा से ऐंठे पांच लाख रुपये

अमृत विचार : इन दिनों राजधानी में साइबर ठग लोगों को डरा धमकाकर और निवेश का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में साइबर ठगों ने अरेस्ट वारंट घर भेजने की धमकी देकर एक शख्स ने 30 लाख रुपये वसूल कर लिए है। वहीं, गोमती और चिनहट में निवेश व व्यापार करने का झांसा देकर दो लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी की है। फिलहाल, तीनों ही मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, इंदिरानगर सेक्टर-16 निवासी निरंजन सिंह के मोबाइल पर गत 25 फरवरी को अंजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता महिला ने खुद को कस्टम अधिकारी बताते हुए उसे अर्दब में लेते हुए कहा कि उनके नाम से कोई पार्सल दिल्ली से कंबोडिया भेजा गया है। जिससे सीज कर दिया गया है। इसके बाद जालसाज ने पीड़ित को मनी लॉड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देते कर उसके पते पर अरेस्ट वारंट भेजने की भी धमकी दी। केस बचने के लिए जालसाजों ने कई मदों में पीड़ित ने तकरीबन 30 लाख रुपये वसूल कर लिए है। ठगे जाने पर पीड़ित ने गाजीपुर थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, गोमतीनगर थानाक्षेत्र के विनयखंड-चार निवासी विकास चतुर्वेदी ने बताया कि साइबर ठगों ने ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर कई मदों से उससे 3.17 लाख रुपये ऐंठ लिए है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है। उधर, मूलरूप से सोनभद्र निवासी सुप्रिया सिंह रोजगार की तलाश में लखनऊ आई थी। जहां उनकी मुलाकात गुंजन सिंह उर्फ खुशी और अनुभव मौर्या से हुई। आरोपियों ने उसे व्यापार का झांसा देकर पांच लाख रुपये ठग लिए है। इसके बाद पीड़िता ने चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

दुकान का शटर काट लाखों का सामान किया पार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निलमथा रोड खुजौली चौराहे पर चोरों ने दुकान का शटर काट वारदात को अंजाम दिया। दुकानदार की लिखित शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक खुजौली गांव निवासी सूबेदार की चौराहे पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8 बजे वह दुकान खोलने पहुंचा तब शटर कटा मिला। अंदर रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। पीड़ित का कहना है कि चोरों ने शटर काट भीतर से एलईडी टीवी, पंखे, होम थियेटर, कीपैड मोबाइल, प्रेस, डीवीआर व अन्य कीमती इलेक्ट्रानिक सामान पार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

गाड़ी खड़ी करने के विवाद में तमंचे की बट से जीजा-साले का सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ईको गार्डन चौराहे पर रविवार दोपहर दबंगों ने की मारपीट
- पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में दी तहरीर

अमृत विचार : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ईको गार्डन चौराहे पर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में शराब के नशे में धुत दबंगों ने कार सवार जीजा साले के सिर पर तमंचे की बट से हमलाकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। विरोध करने पर हमलावार पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। देर शाम पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र के अनूपखेड़ा निवासी विमल यादव ने कुछ दबंगों के खिलाफ तहरीर दी है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रविवार दोपहर करीब ढाई बजे साले अंकित यादव के साथ ईको गार्डन की तरफ पहुंचे। आरोप है कि वहां कुछ लोग सड़क पर शराब पी रहे थे। इस बीच गाड़ी खड़ी करने को लेकर दबंगों से उनका विवाद हो गया। जिसके बाद वह उससे गाली-गलौज कर हाथापाई करने लगे। मारपीट के दौरान दबंगों ने दोनों के सिर पर तमंचे की बट से वार कर उनको लहूलुहान कर दिया। हंगामा बढ़ने पर हमलावर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मारपीट से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। जिसके आधार पर हमलावरों की पहचान भी कराई जा रही है।

हमलावर युवक के हाथ में तमंचा

लिफ्ट लेने के बहाने बैंककर्मी से छीनी थी कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने लिफ्ट लेने के बहाने एक बैंककर्मी की गाड़ी लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने लुटेरों के पास से लूटी गई कार बरामद की है। इस पर वारदात में एक किशोर भी शामिल था। जिसमें दो लोगों को पीजीआई पुलिस ने चोरी के आरोप में जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि 22 फरवरी को कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले बैंककर्मी विवेक सिंह मोहनलालगंज से अयोध्या रोड की तरफ जा रहे थे। सुशांत गोल्फ सिटी के पाल मार्केट पास तीन युवकों ने लिफ्ट मांगी थी। करीब एक किमी दूर पहुंचने के बाद युवकों ने लघुशंका जाने के बहाने से कार रुकवाई थी। युवकों के नीचे उतरने के बाद विवेक भी बाथरूम करने गए थे। तभी लुटेरे कार लूट कर भाग गए थे। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह के मुताबिक, उतरेठिया पुल के पास मोहनलालगंज निवासी आशीष दुबे व कृष्ण यादव को गिरफ्तार किया गया। उनसे पास से बैंककर्मी की कार बरामद हुई है। आशीष दूबे फूड स्टॉल लगाता है। वहीं, कृष्ण यादव हार्डवेयर दुकान में काम करता है। पूछताछ के दौरान लुटेरों ने बताया कि घटना के वक्त दो किशोर भी थे। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि लुटेरे आशीष ने बताया कि गिरोह में मोहनलालगंज निवासी हिमांशु भी शामिल है। गत 26 फरवरी को पीजीआई पुलिस ने चोरी के आरोपी में डलौना किसान पथ के पास दो किशोरों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लूट के आरोपी व बरामद कारें

जेसीपी ने पुलिसकर्मियों को पढ़ाया व्यवहारिकता का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था (जेसीपी) ने रविवार को अपने कार्यालय के संगोष्ठी भवन में सभी अपर पुलिस उपायुक्त,सहायक पुलिस आयुक्त की कार्यालय के क्राइम मुंशी और जांच मुंशी की बैठक कर प्रशिक्षण दिया। जेसीपी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने इस दौरान संबंधित पुलिस कर्मियों को कानून का गुर सिखाने के साथ ही व्यवहारिकता का पाठ भी पढ़ाया। प्रशिक्षण में थानों के विवेचना अधिकारियों द्वारा की जा रही लापरवाही को कैसे पकड़ें, विवेचकों द्वारा डिजिटल एविडेंस कैसे सीज करें, विवेचक चार्ज शीट और एफआईआर कैसे विस्तार से लिखें, गवाहों को नोटिस देकर बयान के लिए बुलाएं, अभिलेख फर्द बनाना और केस डायरी में संलग्न करना आदि विषयों पर संबंधित पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया। साथ ही विवेचना से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

खाना बनाते समय लगी आग, पांच लोग फंसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- त्रिवेणीनगर में हुई दुर्घटना अफरा-तफरी का रहा माहौल

अमृत विचार : मड़ियांव थानाक्षेत्र अंतर्गत त्रिवेणीनगर में रविवार शाम कमरे में खाना पकाते समय सिलेंडर से आग लग गई। जिससे चीख-पुकार मचने के साथ अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, त्रिवेणीनगर में घर में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर मिली थी। जिसके बाद चौक फायर स्टेशन से दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। एफएसओ चौक ने बताया कि त्रिवेणीनगर फेज 2 में छोटेलाल किराए के कमरे में सपरिवार रहते हैं। रविवार को शाम में कमरे में रखी गैस पर खाना बन रहा था। इस बीच गैस रिसाव से सिलेंडर में आग लग गई। आग देख कमरे में मौजूद लोग चीख पुकार मचाने लगे। किसी तरह हिम्मत दिखाते हुए छोटेलाल ने सिलेंडर उठाकर कमरे के बाहर फेंक दिया। बताया कि दरवाजे पर ही सिलेंडर धधकने लगा। जिससे कमरे से बाहर का रास्ता बंद हो गया। ऐसे में छोटेलाल, पत्नी रामकली, बेटा राहुल शुभम और बेटी निशा कमरे में ही फंस गए। चीख पुकार मचाते हुए परिवार के लोगों ने सिलेंडर पर रजाई, कंबल फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया मगर आग बढ़ती ही जा रही थी। घर में पांच लोगों के फंसे होने की सूचना पर चौक फायर स्टेशन के अलावा हजरतगंज और इंदिरानगर से भी दमकल बुला ली गई। पहले एक दमकल के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर एक ही कमरे का था। गेट पर ही सिलेंडर जल रहा था। कुछ ही देर में सिलेंडर की आग बुझा ली। इसके बाद परिवार के पांचों सदस्यों को सही सलामत कमरे से बाहर निकाल लिया। आग बुझ जाने से वहां पहुंच रही अन्य दमकल दूसरे रास्ते से भेज दी गई। प्रभारी एफएसओ के मुताबिक गनीमत रही कि सिलेंडर फटा नहीं। दमकलकर्मियों ने कड़ा कि सिलेंडर फट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

ई रिक्शा चालक का फंदे से लटकता मिला शव

अमृत विचार,काकोरी : दुबग्गा थानाक्षेत्र अंर्तगत मुन्नालाल खेड़ा में रविवार दोपहर ई-रिक्शा चालक दिनेश (45) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर दी। परिजनों से ने उसे फंदे से लटकता देख नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, मुन्नालाल खेड़ा निवासी ई-रिक्शा चालक दिनेश नशे का आदी था। नशे की तलब को पूरा करने के लिए वह टेबलेट और इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करता था। दिनेश की पत्नी नेहा दुबग्गा बस डिपो में सुपर वाइजर है। रविवार सुबह नेहा ड्यूटी पर चली गई। घर पर दिनेश और बेटा मन्नू था। दोपहर में बेटा मन्नू खेलकर घर पहुंचा तो दिनेश कमरे में पंखे से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटका था। सूचना पर भागकर घर पहुंची, तब तक दिनेश की मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पत्नी को बंधक बनाकर ससुराल वालों से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हुसैनगंज पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : हुसैनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उदयगंज में एक रेस्टोरेंट संचालक ने पत्नी को बंधक बना ससुराल पक्ष वालों की पिटाई कर दी। फिलहाल, दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्त के मुताबिक, मूलरूप से उन्नाव जनपद के सोहरामऊ निवासी संगीता सिंह की शादी वर्ष 2023 में उदयगंज निवासी संजीव से हुई थी। महिला ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता था। गत 28 फरवरी को पीड़िता ने ससुराल पक्ष वालों का विरोध किया पति और देवर सन्दीप ने उसे दो घंटे तक लगातार मारपीट की। जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आने पर पीड़िता ने मायके वालों को आपबीती सुनाई। वहीं, संजीव का आरोप है कि बीते एक मार्च को पत्नी संगीता अपने परिवारिक सदस्यों के संग रेस्टोरेंट में पहुंची। जिसके बाद पत्नी ने उससे मारपीट कर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है।

किसान के सिर पर फोड़ी शराब की बोतल

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- मरणासन्न हालत में हमलावरों ने किसान को गोली मारने की दी धमकी
- पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ पारा थाने में की लिखित शिकायत

अमृत विचार : पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत सदरौना गांव में फसल की रखवाली कर घर लौट रहे किसान की दबंगों ने पिटाई कर उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी। फिर मरणासन्न हालत में दबंगों ने उस तमंचा तान गोली मारने की धमकी दी। हालांकि, भीड़ जुटती देख हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। जिसके बाद किसान ने पारा थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, सदरौना गांव निवासी दीन मोहम्मद शुक्रवार रात करीब 8 बजे छुट्टा जानवरों से गेहूं की फसल की रखवाली कर वापस घर लौट रहे थे। आरोप है कि उन्हें अकेला देख नियामय उल्ला ने भाई नूर उल्ला, नियाज उल्ला समेत पांच अज्ञात साथियों की मदद से रास्ते में रोक लिया। फिर पुराने विवाद लेकर वह उससे बहसबाजी करने लगे।

विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित पर किसी वजनदार हथियार से वार कर सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी। इसके बाद दबंग उस पर तमंचा तान गोली मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

हमले के बाद लहूलुहान किसान

छात्र की मौत के मामले में पूर्व ट्रेनर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : छात्र की मौत के मामले में इंदिरानगर पुलिस ने कौशल विकास निगम के पूर्व ट्रेनर राजेंद्र सिंह ठाकुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सीएनजी किट फिटर की ट्रेनिंग कर रहे छात्र को ब्लैकमेल कर रुपये वसूले थे। ब्लैकमेलिंग से आहत होकर छात्र ने खुदकुशी कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील तिवारी के मुताबिक, मध्य प्रदेश के दमोह निवासी राजेंद्र सिंह ठाकुर चौक के जवाहर लाल नेहरू कौशल विकास निगम में ट्रेनर था। संस्थान में इन्दिरानगर शिवपुरी निवासी जयदीप यादव ट्रेनिंग कर रहा था, जिसने राजेंद्र की वजह से खुदकुशी की थी।पिता संत यादव ने ट्रेनर पर यह आरोप लगाते हुए इंदिरानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जेल जाने के डर ट्रेनर शहर छोड़ कर भाग गया था। उसे दामोह की एक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया है।

सार-संक्षेप

रील्स की चाहत में युवा दांव पर लगा रहे जिंदगी

अमृत विचार, लखनऊ : इन दिनों युवा रील्स बनाने की चाहत में सड़क पर हैरतअंगेज स्टंटबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। रविवार को गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अंतर्गत जनेश्वर मिश्र पार्क के पास कार सवारों का स्टंट करते एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हुआ है। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। गौरतलब है कि 21 नवम्बर को गोमतीनगर विस्तार के जनेश्वर मिश्र पार्क पर पीपीएस अफसर श्वेता श्रीवास्तव के इकलौटे बेटे नैमिष की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बाद से पुलिस ने स्टंटबाजों के खिलाफ अभियान शुरू किया था,लेकिन वक्त के साथ यह अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया। पुलिस की उदासीनता के चलते स्टंटबाज जनेश्वर मिश्र पार्क के पास आए दिन हैरतअंगेज स्टंटबाजी करते हैं। रविवार को जनेश्वर पार्क के पास कार सवारों का स्टंट करते एक सामने आया है। वीडियो में सफेद रंग की कार सवार पहले अम्बेडकर पार्क उसके बाद जनेश्वर पार्क के पास स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। चालक के अलावा कार में तीन अन्य युवक दिखाई दे रहे हैं। दो कार की छत पर जबकि एक गेट पर लटक रहा है। कार चलाते समय चालक ने अपना दरवाजा भी खोल रखा है। कट मारते समय एक युवक गिरते गिरते बचता भी दिखाई दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी का कहना है वीडियो कब का है इसका पता नहीं चल सका। स्टंट करने वालों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

समोसे के पैसे मांगने पर दबंगों ने किया हमला

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थानाक्षेत्र अंतर्गत समोसे के पैसे मांगने पर दर्जन भर दबंगों ने मिठाई कारीगर पर जानलेवा हमला कर दिया। कारीगर के विरोध करने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने छह नामजद और पांच अज्ञात एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, क्षेत्र के कटरा बाजार निवासी रवि की कस्बे में समोसे की दुकान है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रविवार देर शाम उसकी दुकान पर शीबू उर्फ शुभम साथी मन्नू, मनोज, कमला, विशाल, रजत और पांच अज्ञात लेकर पहुंचा। पीड़ित ने बताया कि सभी नशे में धुत थे। आरोपियों ने समोसे का आर्डर किया। जिसके बाद वह बगैर पैसा दिए दुकान से जाने लगे। पीड़ित ने आरोपियों से समोसे के पैसे मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने लात-घूंसे और लाठी डंडे से पीड़ित की पिटाई कर दी। पड़ोसी दुकानदारों के हस्ताक्षेप से पीड़ित की जान बच सकी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

समाधान दिवस में शिकायत फिर भी नहीं कराई सफाई

अमृत विचार, सरोजनीनगर : नगर पंचायत बंथरा कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से नागरिक बेहद परेशान हैं। नगर में कहीं जल निकासी तो कहीं गंदगी की समस्या है। करीब दो महीने पहले इन समस्याओं की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस तक में की गई। जिस पर एडीएम स्तर के दिवस प्रभारी ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को तत्काल समस्या का समाधान करने के आदेश दिए गये थे, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे नागरिकों में नाराजगी है। औरावां में दुर्गेश कुमार शुक्ला के घर की जल निकासी को कुछ लोगों ने काफी दिनों पहले बंद कर दिया था। दुर्गेश ने दिसम्बर 2023 में इसकी शिकायत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में की। दिवस प्रभारी ने बंथरा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। अधिशासी अधिकारी द्वारा मौके की स्थलीय जांच कराने पर मामला सही पाया गया। दुर्गेश का कहना है कि नगर पंचायत का गठन होने के बाद से एक बार भी सफाई नहीं कराई गई है। जल भराव के साथ झाड़ियां उग आई हैं और कूड़ा करकट जमा है।

कार्यक्रम सरोजनीनगर में हुआ सपा और कांग्रेस का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन

लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताएं : चौधरी

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को सरोजनीनगर के शांति नगर स्थित एक लॉन में हुआ।

सम्मेलन में मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी आरके चौधरी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान व लोकतंत्र बचाने और बेरोजगारी व महंगाई से छुटकारा दिलाने का चुनाव है। देश और प्रदेश की जन विरोधी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए सर्व समाज के लोगों को एकजुट होकर अपनी पोलिंग से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना होगा। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, अभिषेक मिश्रा, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, निर्वतमान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, रुद्र दमन सिंह बबलू, चौधरी ज्ञान सिंह यादव, टीबी सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने भी संबोधित किया।अध्यक्षता सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव और संचालन पिछड़ा वर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय प्रताप यादव बिन्नू ने किया।

सयुस के राष्ट्रीय सचिव सुशील यादव गुड्डू, यूथ फ्रंटल के अध्यक्ष शशिलेंद्र यादव, कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश महासचिव लुकमान सिद्दीकी, सपा के प्रदेश सचिव त्रिवेणी पाल, वीर बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य कैप्टन यादव व जितेंद्र यादव गुड्डू, पार्षद सुनील रावत, प्रमोद यादव, आशा रावत, बीना रावत, शांति यादव, दिनेश सिंह, शिवकुमार रावत टाइगर, रामबाबू चौरसिया, राम अवतार धीमान, महीप सिंह, हरिशंकर यादव, जगनायक सिंह चौहान, किशन यादव दादा, लल्लू यादव, टुल्लू यादव, विमल सेठ, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू यादव, ममता रावत, विनोद शुक्ला, विमला बहादुर, शौकत अली, हारून अजीज और अवशेष कश्यप आदि मौजूद रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते मोहनलालगंज से सपा प्रत्याशी आर के चौधरी, साथ में अन्य।

महिला आरक्षी का दबाया गला, घर में लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महानगर कोतवाली में एक महिला ने पति समेत ससुराल पक्ष वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला आरक्षी का आरोप है कि पति ने उसका गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। नाकाम होने पर घर में आग लगा दी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात महिला आरक्षी सपना सिंह ने पति विकास चौहान समेत चार पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला सिपाही ने बताया कि वर्ष 2013 में उसकी शादी हरदोई जनपद के बघौली थानाक्षेत्र निवासी विकास चौहान से हुई थी। 2015 में बेटी के जन्म लेते ही वह घरेलू हिंसा का शिकार होने लगी। पति व्यापार के लिए उससे पचास हजार रुपये की मांग कर रहा था। असमर्थता जाहिर करने पर रविवार को पति घर उसके पास पहुंचा और झगड़ने लगा। इसी बीच पति विकास ने जान से मारने की नियत से उसका गला दबा लिया। चीखने-चिल्लाने पर आरोपी ने आरक्षी के क्वार्टर में आग लगा दी। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

एक नजर

गौरव चौहान को मिलेगा पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर 8 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें प्रख्यात साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। आयोजन सीतापुर रोड स्थित खदरा के शिव नगर पार्क में होगा। संस्था के संस्थापक पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि औरैया के अजय अंजाम को पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान और इटावा की योगिता चौहान को डॉ. रमेश रस्तोगी सम्मान दिया जायेगा। कवि सम्मेलन में कमल आग्नेय (दिल्ली), साक्षी तिवारी (प्रतापगढ़), नवल सुधांशु (लखीमपुर) और सर्वेश अस्थाना (लखनऊ) काव्यपाठ करेंगे। सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को मुख्य अतिथि और विधायक पंकज सिंह व नीरज बोरा को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

अपूर्वा ने घोषित किए वर्ष 2024 के पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में 29 वर्षों से कार्यरत संस्था अपूर्वा की रविवार को निर्णायक मंडल की बैठक हुई। इसमें वर्ष 2024 के सम्मान देने पर सहमति बनी। सचिव संजय मल्होत्रा हमनवा ने बताया कि इस वर्ष का सर्वोच्च अपूर्वा लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड प्रख्यात इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट को दिया जाएगा। राजेश विद्रोही स्मृति सम्मान शायरा तारा इक़बाल और अपूर्वा नारी शक्ति सम्मान मानव विज्ञान की प्रोफ़ेसर डॉ. विभा अग्निहोत्री को दिया जाएगा। सम्मान समारोह 10 मार्च को होगा। इससे पूर्व अपूर्वा सम्मान पद्म विभूषण अमृता प्रीतम, पद्मश्री बेकल उत्साही, पद्मश्री कन्हैया लाल नंदन, पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, अदम गोंडवी, गोपाल चतुर्वेदी, राम प्रकाश बेखुद, सुरभि सिंह, दीक्षित दनकौरी आदि को दिया जा चुका है।

23 साहित्यकारों को मिला एक-एक लाख रुपये पुरस्कार

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें 23 साहित्यकारों को एक-एक लाख रुपये, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। दो साहित्यकारों को 21-21 हजार रुपये और एक को 11 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पगड़ी देकर सम्मानित किया गया।

प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरि ओम की अध्यक्षता में हुए कवि सम्मेलन में राजेश प्रकाश, डॉ. कात्यायनी सिंह, डॉ. कलीम कैसर, नुसरत अतीक, राजकुमार भरत और डॉ. सरला शर्मा ने अपनी रचनाएं सुनाईं। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, अपर मुख्य सचिव भाषा जितेन्द्र कुमार, प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल और राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र ने साहित्यकारों को सम्मानित किया।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के वर्ष 2023-24 का सम्मान पाने वालों में डॉ. आकांक्षा दीक्षित को अमृत लाल नगर पुरस्कार, अनूप कुमार गुप्ता को पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, अनुराग मिश्र गैर को मिर्जा असद उल्ला खां ग़ालिब पुरस्कार, अरुण कुमार मानव को डॉ. विद्या निवास मिश्र पुरस्कार, हरी लाल मिलन को सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार, डॉ. इक़बाल अहमद अंसारी को जोश मलिहाबादी पुरस्कार, महेंद्र भीष्म को मीर तकी मीर पुरस्कार, मनोज कुमार मानव को सुमित्रानंदन पंत पुरस्कार, डॉ. मृदुला पंडित को फ़िराक गोरखपुरी पुरस्कार, डॉ. नेहा इकबाल को अकबर इलाहाबादी पुरस्कार, पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव को डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन पुरस्कार, प्रदीप कुमार सिंह को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार, डॉ. प्रतिभा मिश्रा को गया प्रसाद शुक्ल सनेही पुरस्कार, डॉ. राधा बिष्ट को डॉ. हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार, डॉ. राघवेन्द्र मिश्र प्रणय को जयशंकर प्रसाद पुरस्कार, डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को भगवती चरण वर्मा पुरस्कार, राजेश कुमार सिंह श्रेयस को श्याम सुंदर दास पुरस्कार, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता चक्र को प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार, डॉ. राम मनोहर मिश्र को कवयित्री महादेवी वर्मा पुरस्कार, रमाशंकर सिंह यादव को बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार, डॉ. सुधाकर अदीब को शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय पुरस्कार, डॉ. तनवीर अहमद को अमीर खुसरो पुरस्कार तथा विजय प्रसाद त्रिपाठी को शिव सिंह सरोज पुरस्कार दिया गया। ओम प्रकाश चतुर्वेदी पराग को 21 हजार रुपये का डॉ. जय प्रकाश मिश्र पुरस्कार दिया गया।

लविवि के मालवीय सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, साथ में सम्मानित साहित्यकार व अन्य। अमृत विचार

आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल को मिला रमनलाल अग्रवाल रमन पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने डायनेमिक डीएम के लेखक और प्रसिद्ध आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल को रमनलाल अग्रवाल रमन पुरस्कार से अलंकृत किया है। प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सांसद डॉ. दिनेश शर्मा तथा अपर मुख्य सचिव भाषा जितेन्द्र कुमार ने उन्हें इस पुरस्कार के तहत 11 हजार रुपये की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम और पगड़ी देकर सम्मानित किया। डॉ. हीरालाल को अद्वितीय नेतृत्व और परिवर्तनात्मक कार्यों के लिए जाना जाता है। उनकी असाधारण उपलब्धियों, उत्कृष्ट सेवा और उनके लेखन ने समाज पर अविस्मरणीय प्रभाव छोड़ा है। समुदायों को शक्तिशाली बनाने और सकारात्मक परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया।

कार्यक्रम के दौरान सम्मान प्राप्त करते आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल।

साहित्य गौरव से अलंकृत हुए साहित्यकार

अमृत विचार, लखनऊ : संस्थान की पत्रिका अपरिहार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले साहित्यकारों को साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस सम्मान के साथ सात हजार रुपये की धनराशि दी गई। अभिषेक कुमार पाण्डेय, अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार सिंह जैसवार (पं. बेअदब लखनवी), डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा (गुणशेखर), डॉ. कलीम कैसर, डॉ. करुणा पाण्डेय, लक्ष्मीकांत शुक्ल, डॉ. मनोज कुमार गौतम मनु, नुसरत अतीक गोरखपुरी, ओमप्रकाश मिश्रा बमहरि, पवन कुमार श्रीवास्तव सबा, रघोत्तम शुक्ल, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, एसएम आदिल हसन, संपदा मिश्रा, संदीप मिश्र सरस, डॉ. सुधा मिश्रा, सुधा शुक्ल, सुनील कुमार शुक्ला, सुरेन्द्र गौतम, विमलेश गंगवार दिपि और विपुल कुमार मिश्र को साहित्य गौरव सम्मान दिया गया। संस्थान के लिए कार्य करने वाले गिरिजाशंकर दुबे गिरिजेश, इन्द्रासन सिंह इंदु, इंदु प्रकाश सिंह, जयेंद्र नाथ चतुर्वेदी और शील कुमार सिंह को पांच-पांच हजार रुपये की धनराशि के साथ प्रशंसा पत्र दिया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा साहित्य गौरव पुरस्कार से सम्मानित होते साहित्यकार रघोत्तम शुक्ल। अमृत विचार

साहित्यकार रघोत्तम शुक्ल सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार व स्तम्भकार रघोत्तम शुक्ल को साहित्य गौरव अलंकरण से विभूषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। रघोत्तम शुक्ल एक दर्जन पुस्तकों के लेखक हैं, जिनमें गीतादोहन, शिव स्तवन, सचित्र रामायण सार, युगद्रष्टा पं. दीनदयाल उपाध्याय, गीता सुधा संगम, दुर्गा चरित्रमाला, त्रिवेणी और ज्योतिष ज्योत्स्ना मुख्य हैं। इन्हें इसके पहले भी कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान जेडी माध्यमिक डा. प्रदीप कुमार को सम्मानित करते डॉ. दिनेश शर्मा।

जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, 'पुरस्कार एवं सम्मान समारोह के मौके पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ प्रदीप कुमार को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने यात्रा वृतांत "शैल शिखर की छाव" पुस्तक लिखी है। पुस्तक की आनलाइन रेटिंग भी अमेजन पर काफी ज्यादा है। डॉ प्रदीप कुमार को इसके लिए एक लाख रुपये की राशि के साथ भारतेंदु हरिश्चन्द्र पुरस्कार दिया गया दिया गया है।

खराब मौसम के बावजूद पुस्तक मेले में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विविध विषयों की आधा दर्जन से अधिक किताबों का विमोचन भी हुआ

अमृत विचार: मौसम के बावजूद रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में पुस्तक प्रेमियों की भीड़ रही। रविवार को दूसरे दिन पंडाल में गीत, संगीत के बीच विविध विषयों की आधा दर्जन से अधिक किताबों का विमोचन किया गया।

सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की शुरुआत विश्वम फाउण्डेशन की ओर से बीएचयू के युवा कलाकारों श्रेय विश्वकर्मा के सितार और पार्थ चतुर्वेदी के तबला संगत में शास्त्रीय प्रस्तुति से हुई। वैदेही वेल्फेयर फाउण्डेशन की रंगबिरंगी गीत-नृत्य प्रस्तुतियां भी सराही गईं। सर्जन डॉ. रुचि श्रीवास्तव के बाल कविता संग्रह सीखें बातें खेल-खेल में, किशोर कथा संग्रह कोमल मन के धागे और वयस्क कथा संग्रह बिखरे रंगों का चित्र का लोकार्पण हुआ। लोकार्पण समारोह कीअध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिदेशक व साहित्यकार महेशचंद्र द्विवेदी ने की।

समारोह में लेखक डॉ. राकेश चंद्रा, अंजना मिश्रा व साहित्यकार नीलम राकेश अतिथियों के रूप में मंचासीन रहीं। डॉ. रुचि ने सर्जन के चाकू से कलम पकड़ने तक की अपनी यात्रा को बताया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. रुचि की कहानियां स्त्री जीवन के विभिन्न आयामों को सकारात्मकता से परिभाषित और प्रेरित करने वाली हैं। उन्होंने बच्चों और किशोरों की रचनाएं मनोविज्ञान को समझते हुए लिखी हैं। अलका प्रमोद के संचालन में संजीव जायसवाल की तीन कृतियों डायमंड प्रकाशन द्वारा प्रकाशित मेरी 51 कहानियां, प्रकाशन विभाग द्वारा श्रेष्ठ लोक कथाएं और आदविक प्रकाशन द्वारा प्रकाशित सूर्य की अर्धांगिनी का विमोचन भी हुआ। विमोचन व्यंग्यकार केके अस्थाना, दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र व आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे की मौजूदगी में हुआ। निखिल प्रकाशन द्वारा प्रकाशित ज्योति किरन रतन के संचालन व एमएम शर्मा के संयोजन में आज विमोचित कथा संग्रह बिखरे रंगों का चित्र के साथ ही डॉ. रेनू द्विवेदी की लिखी नटखट रिंकू, सुरभि सिंह की लिखी नन्ही फुलवारी और जाह्नवी शुक्ला की लिखी सेलेस्टिल वर्सेज पर विद्वानों की चर्चा चली।

रविन्द्रालय परिसर में मेले में पुस्तकों की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

सलमा हिजाब की पुस्तक का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : सलमा हिजाब के कहानी संग्रह 'ये तो सोचा न था' का रविवार की शाम कैफ़ी आज़मी अकादमी में लोकार्पण किया गया। इस संग्रह में 21 कहानियां हैं।

परवेज मलिकजादा के संचालन में हुए लोकार्पण समारोह में अहमद इब्राहीम अल्वी, डॉ. सबीहा अनवर, डॉ. रेशमा परवीन, डॉ. इशरत नासिर, कुतुबुल्लाह और मलिकज़ादा जावेद ने इस संग्रह के बारे में विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि सलमा हिजाब की कहानियां पुराने दौर जैसी कहानियां नहीं हैं। इन कहानियों में आज के समाज की समस्याएं हैं।

ट्रांसप्लांट फिल्म दिखाकर लोगों को किया जागरूक

दिव्य अनुभूति मेला के तीसरे दिन आयोजित पैनल डिस्कशन में मंचासीन चिकित्सक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दिव्यांगजन के लिए आर्गन्स ट्रांसप्लांट कितना कारगर है। इससे क्या लाभ हैं और कितना सुरक्षित है। इन बिंदुओं पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चर्चा की। इस दौरान डॉ. आर हर्षवर्धन ने आर्गन्स ट्रांसप्लांट के बारे में जानकारी दी। ट्रांसप्लांट संबंधी फिल्म दिखाकर लोगों को जागरूक किया।

दिव्य अनुभूति मेले के तीसरे दिन रविवार को अवध शिल्पग्राम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इस बिंदु पर सामूहिक चर्चा । इसमें दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ. अमित केसरी ने श्रवण बाधित दिव्यागजनों की समस्याओं पर चर्चा की । कहा कि 30 से अधिक श्रवण बाधित दिव्यांगजनों की कॉक्लियर इम्प्लांड सर्जरी की गयी है। सर्जरी सफल रही। दिव्यांगजन सामान्य व्यक्ति की तरह सुन सकते हैं।

चर्चा में एसजीपीजीआई लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर ईएनटी डॉ. रमाशंखधर, सीनियर गायनोलाजिस्ट डॉ. अनीता, मिनेटोलॉजी विभाग की डॉ. नीता सूर्य वंशी, माथुर रेडियो एण्ड हियरिंग केयर के कन्सलटेंट डॉ. एमसी माथुर, केजीएमयू के डॉ. रतन जैन आदि चिकित्सक मौजूद थे।

कवि सम्मेलन और मिमिक्री ने किया आकर्षित

मेले में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर डॉक्टर की टीम ने श्रवण बाधित दिव्यांगता से ग्रसित 230 छात्र/छात्राओं/दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) प्रदान की। इसके अतिरिक्त विद्यालय व शैक्षिक संस्थाओं के दिव्यांग छात्र-छात्राओं अरूणिमा सिन्हा आर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों ने अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन चित्रों, पेंटिंग, क्राफ्ट के जरिए किया। स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कॉलेज, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इण्टर कॉलेज एवं स्वैच्छिक संस्था एनएबी, लखनऊ के दृष्टिबाधित छात्र व छात्राओं, सीमा सेवा संस्थान, रेनबो लखनऊ, चेतना सेवा संस्थान, लखनऊ के मानसिक मंदित दिव्यांगजनों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कमलेश मौर्य मृदु, कु. योगेंद्र बहादुर (आलोक सीतापुरी), विष्णुकांत मिश्रा, मनोज गुप्ता एवं बिन्दु प्रभा ने 'अष्टावक कवि सम्मेलन' में काव्यपाठ किया। लाफ्टर चैलंज प्रतिभागी मिमिक्री आर्टिस्ट अभय कुमार ने लोगों का मनोरंजन किया। दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला के उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। 1000 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग मोनिका लाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ रजनीश किरन और सीतापुर राजकुमार आदि मौजूद थे।

शानदार प्रदर्शन कर गौरव और ज्योति ने जीता खिताब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गौरव कंसल और ज्योति ने मिस्टर एंड मिस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए मिस्टर और मिस लखनऊ का खिताब जीता। पुरुष वर्ग में मो. फैसल और महिला वर्ग में सबा खान उप विजेता रही। गन्ना संस्थान ऑडिटोरियम में हुए आयोजन में शहर से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

लखनऊ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र रहे वर्ल्ड चैंपियन बॉडी बिल्डिर हरियाणा के राम निवास रहे। उन्होंने ऑडीटोरियम में मौजूद प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया। आयोजन समिति की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया। लुधियाना में 14 से 16 मार्च तक सीनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। उसमें हिस्सा लेने वाले राम निवास को शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान मिस एशिया रही संजना दलक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आयोजन सचिव साजिद अहमद ने बताया कि देर रात तक आयोजित प्रतियोगिता में कई वर्गों में खिलाड़ियों ने शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन किया। भाजपा नेता नीरज सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। विजय सिंह मीना (आईपीएस), अपर्णा कुमार (आईपीएस), आनंदेश्वर पांडेय (महासचिव, यूपी ओलंपिक एसोसिएशन), विश्वास राव (सचिव, यूपी बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन) समेत अन्य मौजूद रहे।

अमित के शास्त्रीय गायन, पार्थो के सरोद वादन ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पद्मभूषण उस्ताद अमीर खान की 50वीं पुण्यतिथि

अमृत विचार : पद्मभूषण उस्ताद अमीर खान की 50वीं पुण्यतिथि पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय और लखनऊ बायोस्कोप ने संयुक्त रूप से कला मंडपम प्रेक्षागृह में दो दिवसीय संगीत संध्या का आयोजन किया।

समारोह के दूसरे दिन प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. अमित मुखर्जी और सरोद वादक पार्थो सारथी ने संगीत प्रेमियों को मुग्ध कर दिया। पं. अमित मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वह क्रिकेट से संगीत में आये लेकिन परिवार के भरण-पोषण के लिए वह पृथ्वी वैज्ञानिक बने। विज्ञान के साथ-साथ संगीत की साधना में लगे रहे। जब संगीत का जूनून उन पर हावी होने लगा तो उन्होंने सरकारी नौकरी से वीआरएस ले लिया। अमित किराना घराने की परम्परा के वाहक होने के नाते उस्ताद अमीर खान के हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के व्यक्तिवादी स्कूल के प्रतिनिधि के तौर पर नजर आते हैं। उन्होंने संगीत की बारीकियां भी उस्ताद अमीर खान के शिष्य शंकर मजूमदार से लीं।

देश दुनिया में शास्त्रीय गायकी का झंडा बुलंद करने वाले पं. अमित मुखर्जी ने अभिजीत बनर्जी के (तबला) और डॉ. विनय कुमार मिश्र (हारमोनियम) की संगत में अपने शानदार गायन से लोगों को मुग्ध कर दिया। कला मंडपम सभागार के बाहर पानी बरस रहा था और प्रेक्षागृह के भीतर बैठे संगीत प्रेमी शास्त्रीय गायन की मिठास में गोते लगा रहे थे। अपने शानदार शास्त्रीय गायन के जरिये पंडित अमित मुखर्जी ने उस्ताद अमीर खान के प्रतिनिधि के रूप में खुद को प्रस्तुत किया।

इस आयोजन में प्रख्यात सरोद वादक पार्थो सारथी के सरोद वादन पर लोग वाह-वाह करते नाजर आये। पार्थो सारथी की सरोद वादन में निपुणता यह अहसास कराती है कि यह शांति का वाद्य है। यह वाद्य हिन्दुस्तानी रागदारी की विरासत को प्रस्तुत करता है। पार्थो सारथी ने सरोद के विश्वविख्यात गुरुओं से शिक्षा हासिल की है। शुरुआती तालीम उन्होंने अपने पिता से ली।

कला मंडपम प्रेक्षागृह में संगीत संध्या में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करते अमित मुखर्जी। अमृत विचार

लखनऊ गोल्फ लीग : राम स्वरूप टाइगर्स की आसान जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राम स्वरूप टाइगर ने लखनऊ गोल्फ लीग में रविवार को अमेजिंग ओरिजिन्स को आसान मुकाबले में 4-1 से हराया। एक अन्य मुकाबले में स्पीड चार्जर्स ने दबंग को शिकस्त दी। आईपीएल वॉरियर्स और बीबीडी रेंजर्स के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा।

लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही लीग में रविवार को राम स्वरूप टाइगर्स ने ओरिजिन्स को करारी शिकस्त दी। ओरिजिन्स के लिए एकमात्र मुकाबला राघव जग्गी ने आमेर महमूद शेख को हराकर कर जीता। विजयी राम स्वरूप के बीडी नकवी ने पहला एकल जीता और टीम को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरा मुकाबला ओरिजिन्स के राघव जग्गी ने जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद तीनों युगल राम स्वरूप टाइगर ने जीतकर मुकाबला 4-1 से जीत हासिल की। राम स्वरूप के लिए युगल मुकाबले सैयद फैसल एवं विक्रम भार्गव, अजय भसीन एवं संदीप कलसी और सोमेश भारद्वाज एवं पीके धवन की जोड़ियों ने जीते।

एक अन्य मुकाबले में आईपीएल वॉरियर्स और बीबीडी रेंजर्स 2.5-2.5 के साथ बराबरी पर रहे। आईपीएल वॉरियर्स के अवधेश प्रताप सिंह और बीबीडी के टीपी खरे के बीच पहला एकल ड्रा रहा। दूसरे एकल में टीपी खरे ने आईपीएल वॉरियर्स के विकास टण्डन को हराकर बीबीडी को 1.5-.5 से आगे कर दिया। तीसरे मुकाबले में बीबीडी के आनंद कुमार शुक्ला और विनोद कुमार की जोड़ी ने जीत दर्ज कर अपनी टीम को 2.5-.5 से बढ़त दिला दी।

चौथे मुकाबले में आईपीएल वॉरियर्स के विश्वास स्वरूप और नितिन खन्ना की जोड़ी ने बीबीडी की डा. सृष्टि धवन और अविराज कृष्ण रस्तोगी की जोड़ी को शिकस्त देकर स्कोर 1.5-2.5 कर दिया। आखिरी मुकाबले में आईपीएल वॉरियर्स के संदीप दास और अनूप ने बीबीडी के कैप्टन अजय चौहान और सीके मलिक की जोड़ी के साथ ड्रा खेलकर अपनी टीम को हार से बचा लिया।



परिणाम

- राम स्वरूप टाइगर्स ने अमेजिंग ओरिजिन्स को 4-1 से हराया
- स्पीड चार्जर्स ने दबंग डेयर डेविल्स को 3-2 से हराया
- आईपीएल वॉरियर्स और बीबीडी रेंजर्स के बीच मुकाबला ड्रा रहा

स्पीड चार्जर ने दबंग डेयर डेविल्स पर दर्ज की जीत

स्पीड चार्जर्स के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दबंग डेयर डेविल्स को 3-2 से शिकस्त दी। वीरेंद्र कुमार और दिविज नारायण ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीत कर स्पीड चार्जर्स को 2-0 से बढ़त दिला दी थी। युगल मुकाबले में दबंग डेयर डेविल्स के रजनीश सेठी और अशोक बाम्बी की जोड़ी ने स्पीड चार्जर्स के सुशांत मिश्र और करन पाल सिंह की जोड़ी को हराकर स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे मुकाबले में स्पीड चार्जर के सिद्धार्थ आहूजा और अमन टण्डन की जोड़ी ने जीत दर्ज कर अपनी टीम को 3-1 से अजेय बढ़त दिला दी। 5वां औपचारिक मुकाबला डेयर डेविल्स के प्रेम प्रकाश और गौतम चोपड़ा की जोड़ी ने जीत कर स्कोर 2-3 कर दिया।

वन्यजीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हम सभी वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और स्थिर भविष्य बनाने के लिए प्रतिबंध हों। हमें अपनी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने के लिए जुटना होगा, क्योंकि वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा है।

यह बातें नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में रविवार को वन मंत्री डॉ. अरूण कुमार ने कही। वन मंत्री विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सभी से अनुरोध करता हूं कि सभी वन्य जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकल्प लें और उनके संरक्षण में योगदान दें। आज का दिन हमें धरती पर मौजूद अद्भुत वन्य जीवों के महत्व को याद दिलाता है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंहऔर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने भी विचार रखे।

ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता चार स्कूलों के 50 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राणी उद्यान में कार्यरत 25 कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने के लिए एक-एक हजार नकद पुरस्कार दिया गया

कार्यक्रम में शामिल मंत्री डॉ. अरुण कुमार व अन्य। अमृत विचार

▸▸ विश्व वन्यजीव दिवस पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

एक नजर

पिता के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के बेहसा स्थित अंबेडकर पुरी निवासी शारिफ ने अपने पिता नबी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शारिफ का कहना है कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह अपने घर पर अपनी मोटरसाइकिल ठीक कर रहा था। तभी नबी उसे गालियां देने लगे। जब शारिफ ने विरोध किया तो नबी ने डंडे से मारा पीटा। आरोप है कि जब शारिफ की बहन रेहाना उसे बचाने दौड़ी तो नबी ने उसे भी डंडे से मारा पीटा। इतना ही नहीं शारिफ का आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे फिर नबी ने उससे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

अजय मिश्रा को टिकट देने पर जताई नाराजगी

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश ने लखीमपुर-खीरी लोकसभा सीट से अजय मिश्रा टेनी को टिकट देने पर नाराजगी जताई है। मोर्चा के नेता मुकुट सिंह का आरोप है कि टेनी किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर-खीरी में चार किसानों, एक पत्रकार की सामूहिक हत्या और एसकेएम नेता पर प्राणघातक हमले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। टेनी की टिकट से स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री और भाजपा किसानों की कितनी हितैषी है। एसकेएम ने अपने बयान में कहा कि अजय मिश्रा के खिलाफ किसानों की हत्या में धारा 120 बी के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने और केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर जेल भेजने की मांग लगातार की जा रही है।

नियमों को दरकिनार कर हो रही प्लाटिंग, अधिकारी बेखबर

बख्शी का तालाब के फलपट्टी क्षेत्र में उड़ रहा नियमों का मजाक, अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्रवाई से कतरा रहे जिम्मेदार

▸▸ लविप्रा से नक्शा स्वीकृत और न रेरा में पंजीकरण, फिर भी कर रहे प्लाटिंग

संवाददाता, बख्शी का तालाब

बख्शी का तालाब क्षेत्र में आम के बाग में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग। अमृत विचार

अमृत विचार : बख्शी का तालाब फलपट्टी क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर बड़े पैमाने पर प्लाटिंग का कारोबार हो रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण और जिला पंचायत से न तो मानचित्र स्वीकृत कराया जा रहा है और न ही रेरा में पंजीकरण। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

बीकेटी तहसील क्षेत्र में देवरी रुखारा गांव तक लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा में माना जा रहा है। लविप्रा के दायरे में शामिल गांव की जमीनों पर भवन निर्माण हो या प्लाटिंग आवासीय गतिविधियों के लिए मानचित्र स्वीकृत करना अनिवार्य है। वहीं लविप्रा के दायरे के बाद के गांवों में प्लाटिंग आदि के लिए जिला पंचायत से नक्शा पास करना जरूरी है।रेरा (रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण) में पंजीकरण करना भी शासन स्तर से अनिवार्य है। बावजूद इसके लविप्रा और जिला पंचायत के दायरे में आने वाले क्षेत्र में बिना रेरा पंजीकरण और नक्शा पास कराए ही आम के बगीचों में अवैध रूप से प्लाटिंग का कारोबार हो रहा है। हैरानी की बात यह है की जिम्मेदार इधर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे उनके कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

बीकेटी में कुछ स्थानों की जानकारी मिली है जहां बागवानी में आवासीय गतिविधियां चल रही हैं, वहां जल्द ही जांच करके कारवाई की जाएगी।
– बैजनाथ सिंह, जिला उद्यान अधिकारी

अनदेखी पड़ सकती है भारी

विशेषज्ञों की माने तो नियमों की अनदेखी कर प्लाटिंग करने वालों से आमजन को भी सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि ऐसे प्लाट खरीद कर आगे मुश्किलें भी खड़ी हो सकती है।यही नहीं, आवासीय लोन व अन्य जरूरतों में भी कठिनाइयां आ सकती हैं।

इन क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही अवैध रूप से प्लाटिंग

बीकेटी में अस्ती रोड पर भीखापुरवा, गुमानीपुरवा, बरगदी मगठ, मामपुर बाना, मदारीपुर, राजापुर इंदौरा, शाढ़ामऊ, नन्दना,इटौंजा व महोना समेत आउटर रिंग रोड के दोनों ओर और कई स्थानों पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। वही कोटवा, झलऊवा, गोहना, चंदाकोडर, अकोहरी, सरैया, दिगोई, देवरी रुखारा, मिश्रीपुर, सोनवा, बीकामऊ कला व खुर्द, कठवारा, हरधौरपुर, पर्वतपुर, शिवपुरी के आसपास भी नियमों के विपरीत आवासीय गतिविधियां चल रही हैं।

शादी से पहले दूल्हे ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। शादी की लग्न आने से 24 घंटे पहले ही युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला कोतवाली देहात के नयापुरवा मजरा पाटकुंआ का बताया जा रहा है। लोगों का कहना है युवक तय की गई अपनी शादी से खुश नहीं था और उसने ऐसा कदम उठा लिया। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली देहात के नयापुरवा मजरा पाट कुंआ निवासी प्रकाश के सात बेटों में 20 वर्षीय मनोज सबसे छोटा था और गांव से कुछ दूर एक ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करता था। जैसा कि बताया गया कि शनिवार की रात करीब साढ़े 10 बजे वह घर से कहीं चला गया था।उसके बाद रविवार की सुबह ईंट-भट्ठे से कुछ दूरी पर आम के एक पेड़ में लुंगी से बंधा हुआ उसका शव फांसी पर लटका देखा गया। इसका पता होते ही गांव में हड़कंप मच गया। घर वालों का कहना है कि मनोज की शादी तय थी। सोमवार को उसकी लग्न आने वाली थी, लेकिन उसके आने से पहले ही मनोज ने आत्महत्या कर ली।

किसानों को बताए केले की उपज बढ़ाने के उपाय

संवाददाता, बख्शी का तालाब

▸▸ कृषि विशेषज्ञों ने फसल को रोगों से बचाने का तरीका भी बताया

अमृत विचार : कृषि विशेषज्ञों ने इटौंजा क्षेत्र के केला किसानों को फसल को रोगों से बचाने और उपज बढ़ाने के तरीके बजाए। फसल में पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए मल्चिंग पर भी चर्चा की। केले की पुराने पौध से जैविक खाद बनाने की सरल विधि भी बताई।

इटौंजा क्षेत्र में 1000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में केले की खेती की जा रही है। यहां पर दो प्रजातियां प्रचलित हैं। टिशु कल्चर द्वारा विकसित जी- 9 पकाकर खाने में तथा सब्जी केला की कोठिया प्रजाति किसान लगते हैं। इन्हीं किसानों में एक हैं खेसरावा निवासी प्रगतिशील किसान मोबीन खान। किसान मोबीन से मंगलवार को चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रो योगेश कुमार शर्मा और हरीश गोयल ने मुलाकात की। कृषि विशेषज्ञों ने केले की खेती से अधिक उपज कैसे ली जाए इस पर चर्चा की गई। डॉ सिंह ने बताया कि इस समय केले में 8 से 9 पत्तियां निकल रही हैं।ये समय फसल में मिट्टी चढ़ाने के लिए उपयुक्त है।

भूमि की उर्वरकता के अनुसार प्रति पौधा 300 ग्राम नाइट्रोजन, 100 ग्राम फास्फोरस 300 ग्राम पोटाश की आवश्यकता होती है। सड़ी हुई गोबर की 5 किलोग्राम खाद के साथ नीला थोथा 3 ग्राम मछली का चूरा 100 ग्राम तथा ब्यूवेरिया बैसियाना 3 ग्राम का प्रयोग करने से केले की फसल में बीमारी का प्रकोप नहीं होता है। केले की फसल में पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए मल्चिंग पर भी चर्चा की और कहा कि समय-समय पर हल्की सिंचाई भी करते रहें।

गर्मियों में मल्चिंग बहुत प्रभावी

कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जब बहुत अधिक गर्मी होने लगे तो किसानों को केलों के पौधों के नीचे पुवाल, गन्ने की पत्तियों अथवा पॉलिथीन से ढक देना चाहिए। ऐसा करने से सिंचाई कम करनी पड़ती है। साथ ही पौधों की वृद्धि और फलोत्पादन भी बढ़ जाता है। डॉ.सिंह ने केले की फसल पर लगने वाले प्रमुख कीट बनाना बीटल, केला जड़ एवं तना वीविल पर्णलांछन एवं वायरस से बचाने की भी सलाह दी। केले के पुराने पौधे से जैविक खाद बनाने की सरल विधि बताई।

केले की खेती करने वाले किसान को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ। अमृत विचार

छुट्टा गोवंशों को ग्रामीणों ने स्कूल में किया बंद

सुरक्षा और स्वास्थ्य का हवाला देकर गोशाला में प्रवेश पर लगाई रोक

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। विकास खंड के रामपुर हृदय गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंशों को बंद कर दिया है। छुट्टा गोवंशों के स्कूल में बंद किए जाने की खबर पाकर पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से तीन दिन की मोहलत मांग कर गोवंशों को गौशाला भेजवाने की व्यवस्था करने का वादा किया। लेकिन देर शाम तक ग्रामीण डॉक्टर की बात से संतुष्ट नहीं हुए और छुट्टा गोवंशों को स्कूल में ही बंद कर रखा गया है।

शाहाबाद विका सखंड के रामपुर हृदय गांव के ग्रामीण पिछले काफी दिनों से छुट्टा गोवंशों की वजह से परेशान हैं। पूरी-पूरी रात जाग कर उन्हें अपनी फसलों को रखाना पड़ रहा है। अधिकारियों से तमाम बार शिकायत करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तब मजबूरन ग्रामीणों ने दो दर्जन से अधिक गोवंश पकड़कर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर हृदय में बंद कर दिए। अध्यापकों द्वारा इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई।

अधिकारियों की सूचना के बाद शाहाबाद पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सा डीके गुप्ता रामपुर हृदय गांव पहुंचे और ग्रामीणों से 3 दिन की मोहलत मांग कर छुट्टा गोवंशों को गौशाला में भिजवाने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना था कि तीन दिन की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने इतने गोवंश एकत्रित कर पाए हैं। अब वह किसी भी कीमत पर गोवंशों को स्कूल से बाहर नहीं निकलने देंगे। समाचार लिखे जाने तक पशु चिकित्स कामयाब नहीं हो सके। ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे और गोवंशों को स्कूल से बाहर नहीं निकलने दिया।

हरदोई, अमृत विचार। गौशालाओं के बाहर गोवंशों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए बाहरी लोगों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है। वैसे कहा जा रहा है कि बाहरी लोगों की जो बात कही गई है, उसमें मीडियाकर्मियों को शामिल किया गया है। बतातें चलें अभी चंद दिन पहले ही टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत कोटरा बौठा में गौशाला का शुभारंभ हुआ था,वहां गोवंशों के लिए चारे-पानी का कोई सही बंदोबस्त नहीं किया गया,नतीजतन वहां गोवंश ने भूख-प्यास से तड़पते हुए दम तोड़ दिया था। उसे ले कर मीडिया ने गौशाला के ज़िम्मेदारों की नाकामी को बंया करते हुए गोवंश की मौत को अपनी सुर्खियां बनाया,उसी के बाद से अब गौशालाओं के बाहर डीएम के हवाले से लिखा दिया गया है कि गोवंशों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए लिखा गया गया है कि किसी बाहरी (संगठन या संस्था) को एसडीएम या पशु चिकित्सा धिकारी की परमीशन के बगैर इंट्री नहीं है। इतना ही नहीं अगर फिर भी गौशाला में कदम रखने की कोशिश की गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि गौशालाओं की नाकामी पर पर्दा डालने के लिए बाहरी लोगों की आड़ ले कर इन्डाईरेक्ट तौर पर मीडिया को वहां जाने से रोका गया है। मतलब साफ है कि गोवंशों के नाम पर जो खेल खेला जा रहा है,उसे बेरोक टोक खेला जाता रहे।

गोशाला के बाहर लगी सूचना।

अयोध्या धाम दर्शन को राज्य मंत्री ने उपलब्ध कराई बस

लालगंज, रायबरेली : प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम दर्शन के लिए रविवार को प्रत्येक विधानसभा में बस उपलब्ध कराई है। उन्होंने पूर्व में ही घोषणा कर दी थी कि वह निशुल्क रायबरेली जनपद के लोगों को अयोध्या धाम ले जाएंगे और श्री राम लला का दर्शन करवाएंगे। उसी कड़ी में रविवार को सरेनी विधानसभा के गेगासो मंडल सहित पांचो विधानसभाओं से श्रद्धालुओं से भरी बस अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं के अगुवाकार पूर्व प्रधान संतोष सिंह, मदन मिश्रा, डॉक्टर चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं में भगवान राम लला के प्रति अपार श्रद्धा है। उन्होंने बताया कि अगले रविवार को बस फिर से जाएगी। इस मौके पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, युवा मोर्चा महामंत्री मृत्युंजय बाजपेई आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा

पत्रांकः 2110 /एक–ई–निविदा/टैम्पो/ई–रिक्शा/2023–24 दिनांकः–29 फरवरी, 2024

ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, गोण्डा के क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो/ ई–रिक्शा ठहराव शुल्क की वसूली हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए इच्छुक व्यक्तियों / फर्मो से दिनांक 01.03.2024 से 16.03.2024 सायं 05: 00 बजे तक, ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो 18.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदा समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से खाता संख्या 50364326709 IFSC Code IDIB000C637 इण्डियन बैंक शाखा कलेक्ट्रेट परिसर गोण्डा में जमा करना अनिवार्य होगा। शुल्क जमा किये बिना अपलोड किये जाने वाली निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा की नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गोण्डा

(खा.ग्रा. आयोग से प्रमाणित)
क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम, सुभाषनगर गोण्डा

निविदा सूचना

खादी ग्रामोद्योग आयोग (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय भारत सरकार) की विपणन अवसंरचना को लिए सहायता योजना के अर्न्तगत क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम सुभाषनगर, गोण्डा के निम्नलिखित खादी भण्डार के नवीनीकरण / सुसज्जिकरण हेतु सरकार द्वारा पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क. स.	स्थान	संभावित धनराशि	ई0एम0डी0	निविदा जमा करने की तिथि
1	श्री गांधी आश्रम चौक बाजार, गोण्डा	9.50 लाख	निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट	विज्ञापन की तिथि से 21 दिन तक
2	श्री गाँधी आश्रम नरायन मार्केट बलरामपुर	9.00 लाख	निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट	निविदा राशि का 2% डिमाण्ड ड्राफ्ट

इच्छुक फर्म / ठेकेदार उपरोक्त कार्य हेतु इस अवधि में निविदा फार्म रू0 500.00 का ड्राफ्ट / नगद संस्था में प्रातः 10: 00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जमा कराकर प्राप्त कर सकते है। निविदा कार्यालय के पते पर दस्ती अथवा डाक द्वारा सीलबंद लिफाफे में जमा कराई जा सकती है। निविदा के साथ 2% की जमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो संस्था क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम सुभाषनगर, गोण्डा के पक्ष जारी हो जमा कराना आवश्यक है। निविदाए 21वें दिन सायं 03: 00 बजे खोली जाएगी सशर्त व नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। समस्त अथवा किसी भी निविदा को पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से स्वीकृति / अस्थीकृति करने का अधिकार संस्था के मंत्री का होगा।

बालकेश्वर मिश्र
क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम, गोण्डा
मो.न.:– 9415684762

पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में गायत्री परिवार शक्तिपीठ रायबरेली (शांति कुंज हरिद्वार) के द्वारा करवाए जा रहे 24 कुंडीय पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ के पहले दिन रविवार को सुबह कलश यात्रा से पहले 108 कलश का पूजन करवाया गया, जिसमें यजमान के तौर पर सचिव महाप्रबंधक आरेडिका आरएन तिवारी धर्मपत्नी सहित रहे।

पूजन के पश्चात कार्यक्रम स्थल फुटबाल ग्राउंड से कलश यात्रा प्रारम्भ की गई। यात्रा गोल चक्कर होते हुए सरस्वती आडीटोरियम के प्रांगण में पहुंची, जहां पर आरसीएफ मेंस कांग्रेस संगठन ने जलपान का व्यवस्था की। कलश यात्रा साढ़े छह किलोमीटर का सफर तय करते हुए कार्यक्रम स्थल फुटबॉल ग्राउंड में पहुंची। वही कार्यक्रम स्थल पर कलश की आरती की गई और प्रसाद वितरण के साथ कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक वीवी सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन प्रेमा सिंह के द्वारा कराया गया। सामूहिक पूजा कमेटी के नैब सिंह, मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, आरडी तिवारी, ओम प्रकाश मौर्य, कुणाल रौशन मौजूद रहे।

दुष्कर्म पीड़िता के घर आरोपितों ने मचाया उत्पात

अमृत विचार, रायबरेली : अपराधियों पर पुलिस का खौफ बिलकुल खत्म हो गया है। दुष्कर्म आरोपितों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दुष्कर्म पीड़िता के घर में घुसकर जमकर उत्पात किया और दुष्कर्म मामले में सुलह की धमकी दी है। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव के एक युवक ने किशोरी के साथ करीब एक साल पहले दुष्कर्म किया था। जिसमें पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके आरोपित को जेल भेजा। पीड़िता की मां का कहना है कि आरोपित युवक अपने कुछ साथियों के साथ पांच दिन पूर्व रात में उसके घर में घुस गया। आहत पाकर उसकी आंख खुली तो आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि दुष्कर्म मामले में सुलझ कर लो या फिर मुकदमा उठा लो, नही तो तुम्हारी हत्या करके तुम्हारी बेटी को उठा ले जाऊंगा।

34 माध्यमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली जिले में 1849.50 लाख रुपए से 34 माध्यमिक विद्यालयों में बनने वाले अतिरिक्त कक्षा कक्ष का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिए 34 माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शौचालय, अतिरिक्त कक्षाएं, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, मल्टीपरपज हाल के साथ-साथ पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने कहा है कि इस योजना के लागू हो जाने से विद्यालय सुंदर व स्वच्छ दिखेंगे, जिससे पढ़ाई की व्यवस्था सुविधाजनक होगी और छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि होगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कायाकल्प से विद्यालय की व्यवस्था बेहतर होगी। इस दौरान वर्चुअल लोकार्पण का एनआइसी में लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

होने वाले प्रमुख कार्य

- स्वच्छ पेयजल की सुविधा 4.57 लाख से 22 विद्यालयों में
- शौचालय ब्लॉक 44.03 लाख से पांच विद्यालयों में
- अतिरिक्त कक्षाएं 17.46 लाख से 10 विद्यालयों में
- भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला 17.55 लाख से एक विद्यालय में
- जीव विज्ञान प्रयोगशाला 16.73 लाख से तीन विद्यालयों में
- मल्टीपरपज हाल 47.46 लाख से 22 विद्यालयों में

कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, विकास खण्ड कटरा बाजार, गोण्डा

पत्रांक :– मेमो दिनांकः – 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य कुकुरभुकवा में सुरेन्द्र के घर से मोतीलाल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे– ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : – 04–03–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि– 05–03–2024

अभिषेक सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा
पिन–271503

रविन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा
पिन–271503

कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, विकास खण्ड कटरा बाजार, गोण्डा

पत्रांक :– मेमो दिनांकः – 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य सुभानअल्ला के घर से किशोरी के घर तक सी0सी0रोड निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे– ईट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : – 04–03–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि– 05–03–2024

अभिषेक सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा
पिन–271503

रविन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिलका,
वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा
पिन–271503

श्रद्धा | महाशिवरात्रि पर प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला का करेंगे प्रदर्शन, उमड़ेगा जनसैलाब

धूमधाम से निकलेगी भोले बाबा की बरात

संवाददाता, रायबरेली

पत्रकारों से रूबरू होते पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई है। शहर के प्रमुख पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर से इस बार भव्य बरात निकालने को लेकर रणनीति बना ली गई है। रविवार को पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक निजी होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में महाशिवरात्रि पर आठ मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि बारात उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में राजकीय कॉलोनी से भोले बाबा की बरात निकलेगी। यह बरात शहर के प्रमुख मोहल्लों से गुजरेगी, जहाँ पर मोहल्लेवासियों द्वारा भगवान शिव की बरात का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। प्रमुख क्षेत्रों में बरगद चौराहा, मामा चौराहा, इंदिरा नगर, कैनाल रोड, हाथी पार्क से होते हुए फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के गेट नंबर तीन में पहुंचेगी।

इस वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री फाउंडेशन के मुखिया व समाजसेवी मनोज द्विवेदी उर्फ दादाश्री होंगे। कार्यक्रम में वर पक्ष से यजमान के रूप में समाजसेवी सत्यप्रकाश पांडेय व उनकी पत्नी गीता पांडे एवं कन्या पक्ष की तरफ से यजमान के रूप में सतीश सिंह व उनकी पत्नी पूनम सिंह मौजूद रहेंगी। बैठक में महिला अध्यक्ष रेनू सिंह ने बताया कि आयोजित होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की तैयारी कर ली गई है।

ट्रस्ट के अन्य महिला साथियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करा दिया गया है। इस वर्ष का कार्यक्रम पूर्व के कार्यक्रमों से भव्य होगा। वहीं जागरण सम्राट बब्बी शुक्ल ने बताया कि इस बार प्रदेश के प्रसिद्ध गायक व कलाकार कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। जिससे इस वर्ष का आयोजन जिले में अपनी एक अलग ही छाप छोड़ेगा। बैठक में अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, डॉ संजय रस्तोगी, घनश्याम अटलानी, डॉ जीएम द्विवेदी, डॉ विपिन, नीतू पांडे सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अरविंद बने रायबरेली सदर विधानसभा के संयोजक

संवाददाता, रायबरेली। लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने के लिए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट को रायबरेली सदर विधानसभा की ज़िम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा जहां अरविंद श्रीवास्तव को सदर विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं सदर क्षेत्र के लिए संगठनात्मक रूप से चुनाव प्रबन्धन समिति भी घोषित कर दिया। संयोजक नियुक्त होने के बाद भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने पार्टी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को सीधे मिल रहा है, जिस कारण से जनता ने फिर से केन्द्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प ले लिया है। रायबरेली में सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक शहर के प्रभूटाउन में सम्पन्न हुई, जिसमें संचालन समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर से रायबरेली लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा के प्रभारी पशुपति शंकर बाजपेयी ने आह्वान किया कि कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, विजय रस्तोगी, संतोष गुप्ता, रवि दीक्षित, सुरजीत कश्यप, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र निगम, राकेश मल्होत्रा सहित 45 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा की गई। कार्यकम का संचालन भाजपा नेता स्वामी जितेन्द्र भारतीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पूर्वी के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, बेलाभेला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अमाँवा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राही मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, दीपमाला तिवारी, विजय रस्तोगी, संतोष गुप्ता, राकेश मल्होत्रा, अनुज मौर्य, विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

एक नजर

युवती के अपहरण का आरोप, केस दर्ज

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : दो दिन पहले युवती को अपहृत करने का आरोप लगाते हुए उसके चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के निवासी पीड़ित चाचा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीया भतीजी को गांव का ही एक युवक बहला- फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अपहृत युवती और आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

30 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट और नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने रविवार को 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। रामसनेहीघाट थाने की पुलिस टीम ने रविवार को टिकैतनगर थाना क्षेत्र के सराय दुनौली निवासी राम कुमार सिंह को 20 लीटर और नगर कोतवाली की पुलिस टीम ने गोसाइन का पुरवा निवासी सोनू उर्फ संगीत गोस्वामी को 10 लीटर शराब के साथ दबोचा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई की।

पुलिस ने 23 लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : दो वारंटी और सात वांछितों को रविवार को को विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने दबोचा। वहीं अलग-अलग मामलों में विभिन्न थानों पर लाए गए 23 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

गठबंधन प्रत्याशी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा पीडीए : वर्मा

सपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक में दिखी इंडिया गठबंधन की ताकत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की संयुक्त बैठक में इंडिया गठबंधन की ताकत रविवार को दिखाई दी। बैठक में सपा के तीनों विधायकों समेत सपा और कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता एक साथ मंच पर दिखे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नारे पीडीए को जीत का आधार बताया गया। एक स्वर से कांग्रेस उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर था जब दोनों पार्टियों के सभी नेता एक मंच पर थे।

इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री राकेश वर्मा। अमृत विचार

पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि लोग चाहते थे कि भाजपा को हराने को गठबंधन बने और इंडिया गठबंधन बन गया। हमारे नेता का नारा पीडीए है। यही पीडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस-सपा का गठबंधन हुआ है, बीजेपी परेशान है। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि सपा का साथ मिला है हम भाजपा को हराकर जीत दर्ज करेंगे। गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा को भाजपा को हराना गठबंधन का उद्देश्य है। सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव, रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई आदि ने भी बैठक को संबोधित किया।

उधारी का तकादा करने पर दुकानदार को पीटा

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार: उधारी का तकादा करने पर बकाएदार ने दुकानदार की पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराने के साथ आरोपी पर केस दर्ज किया है। मामला घुंघटेर थाना क्षेत्र का है।

गनेशपुर निवासी प्रेम कुमार की बाबागंज में दुकान है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रामकुमार के यहां एक वर्ष पहले वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें से खरीदे गए किराने के सामान के 24 सौ रुपये बकाया है। उसने कई बार रामुकमार से अपने रुपये मांगे मगर वह हर बार टरका देताथा। रविवार को प्रेम कुमार ने रामकुमार से बकाया रुपये की मांग की। इस पर उसने अपने परिवारवालों के साथ किराना दुकानदार प्रेम कुमार को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो चर्चा में

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने का मामला बढ़ता ही जा रहा। यह वीडियो उस वक्त वायरल हुआ है जब रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार फिर घोषित किया है। सांसद रावत इस वायरल वीडियो को विरोधियों की साज़िश करार दे रहे हैं। जांच करा सच सामने लाने का दावा कर रहे हैं। वहीं, सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने आपत्तिजनक वीडियो को पूरी तरह एडिटेड व गलत बताया है। दिनेश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रविवार को भाजपा सांसद उपेंद्र रावत का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

तहरीर में कहा गया है कि सांसद का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली अजय कुमार त्रिपाठी का कहना है कि मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। इस मामले का सच जल्द ही सामने लाया जाएगा। एडिटेड वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

नदी की रेलिंग तोड़कर लटके दो ट्रक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार : यमुना नदी पुल पर भीषण सड़क हादसा होते होते बच गया। आपस में टकराये दो ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर लटक गए। एक ट्रक को जिला प्रशासन ने सुरक्षित निकाला, एक ट्रक देर रात तक नहीं निकाला जा सका।

ललौली के दतौली यमुना पुल पर शनिवार देर रात करीब 10 बजे के आसपास पुल के ऊपर दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों चालकों ने कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन दोनों ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर पुल पर लटक गए। समय रहते कुछ ट्रक चालकों ने एक ट्रक को रस्सा की मदद से खींचकर निकाल लिया।

हादसे के बाद यमुना पुल पर लटकता डंपर। अमृत विचार

चपरासी को 19 कंपनियों का निदेशक बना लोगों को लूटा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कार्यालय की महिला चपरासी को 19 चिटफंड कंपनियों का डायरेक्टर बनाकर संचालकों ने लोगों से लाखों की रकम हड़पी है। संचालकों के खिलाफ महिला ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के तांबेश्वर नगर निवासी श्रीकांती ने मुरानइटोला में स्थित चिटफंड कंपनी संचालकों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर ललौली थाने के दूलापुर निवासी रामआसरे प्रजापति, मुंबई जागेश्वरी कोआपरेटिव सोसायटी निवासी डा. पृथ्वीपाल सिंह सेठी, पश्चिम बंगाल के आसनसोल अरविंद नगर निवासी अवधूत कुमार मंडल के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने तहरीर में बताया कि पति रवींद्र कुमार सिंह 1995 में उसे छोड़कर चला गया था। उसने कुछ दिन आरोपी रामआसरे प्रजापति के यहां मजदूरी की। इसी दौरान रामआसरे ने बताया कि कोआपरेटिव बोर्ड सोसायटी जागेश्वरी वेस्ट मुंबई का वह डायरेक्टर है। कंपनी में एक महिला चपरासी की जगह है। वह नौकरी को तैयार हो गई। उसे मुराइनटोला कार्यालय पर 2003 में नौकरी लगवाई। कभी-कभी कार्यालय में चेयरमैन व एमडी डा. पृथ्वीपाल सिंह सेठी, चीफ जनरल मैनेजर अवधूत कुमार मंडल आते थे। दोनों अधिकारियों से कार्यालय में फरवरी 2016 में रामआसरे ने मुलाकात कराई। उसकी नियुक्ति का नवीनीकरण का झांसा देकर तीनों संचालकों ने आधार कार्ड, पैनकार्ड, फोटो जमा कराए। कुछ फर्मो के सादे स्टांप पेपर व कागजों पर हस्ताक्षर कराए। दिसंबर 2022 में उसे पता लगा कि कई लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है। उसके जमा कागजातों का दुरुपयोग कर 19 फर्जी कंपनियां खोली गई। उसे कंपनियों का डायरेक्टर बनाया गया है। वह उन कंपनियों के बारे में जानती तक नहीं है। उसके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर रसीद, बांड पेपर जारी किए और लोगों से भारी रकम कंपनी में जमा कराई है। उसने रामआसरे से फर्जीवाड़े का विरोध किया। उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली।

सिटी लॉ कॉलेज के खिलाफ जांच शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल होने और अब तक 124 नकलची पकड़े जाने के बाद दो सदस्यीय जांच समिति ने कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि की 27 फरवरी से एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई है। इसमें बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में रोज नकलची पकड़े जा रहे हैं। अवध विवि के मीडिया प्रभारी विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सामूहिक नकल के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इसमें विधि संकाय के प्रो. एके राय और पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को नामित किया था। संबधित कॉलेज में दो पर्यवेक्षक भी तैनात कर कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू करा दी है। गोपनीय ढंग से चल रही जांच की रिपोर्ट कुलपति को सौंपी जाएगी। इस पर परीक्षा समिति की बैठक बुला कर निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार कॉलेज के विरुद्ध गंभीर कार्रवाई की जा सकती है।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

देवा , बाराबंकी, अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बहराइच के पखरपुर निवासी उत्कर्ष (30) बाइक से रविवार को लखनऊ जा रहा था। रात करीब 9 बजे कुर्सी-लखनऊ मार्ग पर अनवारी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयी जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी गौरव कुमार सिह बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

हादसों में वृद्ध समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में वृद्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ- अयोध्या हाईवे पर शुक्लाई के पास शनिवार की रात एक युवक का क्षत विक्षत शव पड़ा मिला। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस हादसे में युवक की मौत मार रही है। वहीं कोठी क्षेत्र में असदामऊ के पास हादसे में रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। पुलिस को दी गई तहरीर में असंद्रा के संगौरा सैदखां निवासी रामराज ने बताया कि उसके पिता बाबूलाल शनिवार को मुबारकपुर गांव में एक निमंत्रण में शामिल होने गए थे। असदामऊ में बस से उतरकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो गई। उधर, फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में वतिया मार्ग पर रविवार की शाम एक ट्रक पलट गया। बेहटी गांव निवासी ज्ञानचंद्र (25) की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई।

ट्रक पलटने के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

सार-संक्षेप

डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देगा स्मार्टफोन

छात्रा को स्मार्टफोन वितरित करते एमएलसी अंगद सिंह। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना अंतर्गत नि :शुल्क स्मार्टफोन का वितरण रविवार को बीए तृतीय वर्ष व बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक व ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एमएलसी ने कहा कि आप सभी ने जो भी मन में ठाना है, उससे भी बड़ा लक्ष्य बनाएं और सफलता प्राप्त करें। यह मोबाइल फोन डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देगा। स्मार्टफोन का सदुपयोग करें, आपके विषय का पाठ्यक्रम 24 घंटे उपलब्ध है, उसे प्राप्त करके अध्ययन करें। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि गूगल पर अपना पाठ्यक्रम लोड करके अवश्य पढ़ें। अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करें। प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने कहा कि जिन बच्चों का नाम लिस्ट में नहीं है, वह निराश न हों, प्रार्थना पत्र दें, जल्द ही उन्हें भी स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रो. ओपी सिंह, प्रो .एचके मिश्रा, डॉ. अखिलेश वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. सुनीत जायसवाल, डॉ. केपी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सपा नेता और पत्नी समेत तीन पर रंगदारी मांगने का केस

बाराबंकी, अमृत विचार : प्लाट पर कब्जा करने की धमकी के साथ रंगदारी मांगने वाले सपा नेता व उसकी पत्नी समेत तीन लोगों पर नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया है। मामला नगर कोतवाली के शुक्लाई का है। आवास विकास कॉलोनी में रहने वाली शशि शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बाल विकास पुष्टाहार विभाग में आंगनबाडी कार्यकत्री है। उसके अधिवक्ता पति अनिल कुमार शुक्ला काफी समय से बीमार हैं और बेड पर हैं। उसने बताया कि उसने शुक्लाई में एक भूमि का बैनामा कराया था। उसके बाद उसकी बाउंड्रीवाल कराकर गेट लगवा दिया था। अब उसके पति के फोन पर सपा नेता भू माफिया मुख्तार शाह, उसकी पत्नी जकीरून्निशा और छोटू शाह कॉल कर प्लाट लिखने या फिर 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग कर रहे है। रकम न देने पर प्लाट पर कब्जा करने की धमकी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मुख्तार शाह, उनकी पत्नी जकीरून्निशा और छोटू शाह के खिलाफ रंगदारी और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

वन्यजीवों की करनी चाहिए रक्षा

विश्व वन्यजीव दिवस

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : रामसनेहीघाट वन रेंज में रविवार को नारायणपुर पौधशाला पर विश्व वन्य जीव दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। रेंजर संतोष कुमार मिश्रा ने वन्य जीवों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए। वन्य जीवों की रक्षा करने का हर मनुष्य को संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी ओपी यादव, सदर बीट प्रभारी ऋषभ शर्मा, वन दरोगा अली मोहम्मद, प्रवीण तिवारी, राम करण, वन विभाग के स्टाफ के साथ बनी कोडर के ग्रामवासी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर वन विभाग द्वारा रामनगर क्षेत्र की घाघरा नदी में विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर लखनऊ के घड़ियाल पुर्नवास केंद्र कुकरैल से लाए गए 75 घड़ियाल के बच्चों को छोड़ा गया। इनमें 15 नर और 60 मादा बच्चे शामिल रहे।

घाघरा नदी में घड़ियाल के बच्चों को छोड़ने के दौरान लगी लोगों की भीड़।

छह माह का हुआ बिन मां का शावक

इटावा, अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी रूपा द्वारा छोड़ दिए गए शावक की बेहतर देखभाल का नतीजा यह निकला है कि मां का दूध पिए बिना वह छह माह का हो गया है। इसका पालन पोषण सफारी के कीपर ने किया है।

इटावा सफारी पार्क में शेरनी रूपा ने तीन सितंबर को इस शावक को जन्म दिया था लेकिन जन्म देने की तुरंत बाद रूपा ने इस शावक को अपनाया नहीं था। इस पर सफारी प्रशासन ने उसे सफारी के अस्पताल में रखा। शुरुआती दौर में उसे बोतल से दूध पिलाया गया और फिर अन्य सप्लीमेंट भी दिए गए ताकि इसके बढ़ने चलने में कोई कठिनाई न हो।

अच्छा कार्य करने वाली आशाएं की गयीं सम्मानित

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवां में आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राधेश्याम गौड़ ने प्रतीक चिह्न व सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया।

आशा सम्मेलन में सराहनीय कार्य करने वाली आशा विद्यावती को प्रथम, अंजनी को द्वितीय तथा मिलन को तृतीय स्थान मिला। इसी क्रम में जैसे आभा आईडी बनाने में नीलम देवी, आयुष्मान कार्ड में सविता भारती व अन्य सभी कार्यों में उर्मिला, पुरुष नसबंदी में कलावती को सम्मानित किया गया।

इसी के साथ ही समस्त आशा संगिनियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप यादव, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अनुपमा श्रीवास्तव, बेसिक हेल्थ वर्कर इन्द्रजीत वर्मा, फॉर्मासिस्ट राम कृपाल वर्मा, आशा जय देवी, नीतू, रीतू, बृजलता, कौशिल्या, धर्मदेवी, रूपरानी, सिराजा व आशा संगिनी एवं आशाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम | प्रोजेक्ट अलंकार से मूलभूत सुविधाओं की दूर होगी कमी, राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

पौने नौ करोड़ से 18 राजकीय विद्यालयों की बदलेगी सूरत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, प्रयोगशाला जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी वाले 18 राजकीय विद्यालयों की जल्द ही सूरत बदलेगी। प्रोजेक्ट अलंकार से करीब पौने नौ करोड़ रुपये इस पर खर्च होगे। इसको लेकर 50 प्रतिशत धनराशि पहली किस्त के रूप में मिल गई है। रविवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने इसका शिलान्यास किया।

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चयनित किए गए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी, सतरिख, सफदरगंज, देवा हैदरगढ व फतेहपुर के अलावा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा, सुबेहा के अलावा राजकीय हाईस्कूल, रामपुर, मित्तई, रसूलपुर, मोहद्दीनपुर, भनौली, समरदा, काजी बेहटा, जारमऊ, असदामऊ बेलाहरी और चौबीसी में मूलभूत सुविधाओं को लेकर निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसमें जरूरत के अनुसार विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, मल्टीपरपज हॉल, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल और शौचालय के कार्य शामिल हैं। आठ करोड 64 लाख 61 हजार से होने वाले इस कार्य के लिए शासन ने 50 फीसदी चार करोड़ 32 लाख 30 हजार पांच सौ की धनराशि पहली किस्त के रूप में उपलब्ध करा दी। शीघ्र ही 18 राजकीय विद्यालय में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत निर्माण कार्य शुरू होगा। इस मौके पर डीआईओएस ओपी त्रिपाठी व अन्य लोग मौजूद रहे।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चिह्नित विद्यालयों के कायाकल्प का शिलान्यास करते राज्यमंत्री।

सूर्य योजना से रोशन होंगे घर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

सर्वे शुरू

▸▸ सोलर पैनल लगाने पर 40 प्रतिशत की सब्सिडी देगी केंद्र सरकार

अमृत विचार : प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से अब गांव से लेकर शहर तक के घर रोशन होंगे। योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी के घर की छत पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। हालांकि इससे पहले ऐसे लोगों को सूचीबद्ध करने के लिए सर्वे का काम कॉमन सर्विस सेंटर को मिला है।

योजना के तहत करीब देश के एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जाना है। इसका सर्वेक्षण कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रारंभ हो चुका है। इस योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके इसके लिए भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय द्वारा सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (कॉमन सर्विस सेंटर)के माध्यम से सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। इस सर्वे में जो भी लोग अपने घरों में सौर ऊर्जा का प्लांट लगाना चाहते हैं उनकी जानकारी ली जा रही है। वहीं स्वयं भी नजदीकी सीएससी सेंटर से संपर्क कर अपना सर्वे फॉर्म भर सकते हैं जो पूरी तरह से मुफ्त है।

सीएससी जिला समन्वयक शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह एक बेसलाइन सर्वे है। जिसमें जनता की रुचि दर्ज की जा रही है। सर्वे के लिए पिछले 6 माह तक का कोई भी पुराना बिजली का बिल और अपनी छत की फोटो देना आवश्यक है। योजना के तहत घरों मे सोलर पैनल लगने के बाद उसमें 40 प्रतिशत कीक सब्सिडी केंद्र सरकार देगी। इस योजना में जिनके घर में बिजली का कनेक्शन है और घर पक्का है वह सभी उपभोक्ता इस योजना के तहत सर्वे करवा सकते हैं। वहीं सीएससी के जिला प्रबंधक रवि वर्मा ने बताया कि अब तक लगभग 200 से अधिक केंद्र संचालकों द्वारा यह कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही रविवार को हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत गाल्हामऊ के अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में केंद्र संचालक रंजीत वर्मा द्वारा ग्रामीणों को एकत्र कर जानकारी दी गई।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा : ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

संपादकीय

देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है, भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं, इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स, फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों, बेसिक साइंसेज, मिलिट्री, इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

> विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्यत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत, खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रैंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है, जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्यत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है, लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

प्रसंगवश

दूरसंचार का उत्थान-पतन

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी, संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं, अरबों रुपयों में होने लगा। तब

> टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है, मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य

डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं, लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं, क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो, महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है, क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी

> प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना, मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है, उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है, बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं, उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए, बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी, अनाधिकृत आहार, उपयुक्त देखभाल की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

सोशल फोरम

पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।

संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

- फेसबुक वॉल से

लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज

अशोक पांडे
हल्द्वानी

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत, खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों, विद्वानों, ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही, ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं, किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है, जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र, बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है, जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

> इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

एक नजर

सड़क हादसे में बेटे की मौत 6 घंटे बाद मां ने भी तोड़ा दम

कुंडा, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के बक्सी का पुरवा पीथीपुर गांव निवासी मुकेश कुमार लवकुश (23) पुत्र राम दुलार शनिवार शाम वैवाहिक कार्यक्रम में बंशियारा गांव गया था। देर रात लौटते समय सरई नहर पंडित का पुरवा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। सीएचसी बाघराय में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुकेश की मां रन्ना देवी (44) बदहवास हो गई। बेटे की अचानक मौत वह बर्दाश्त ना कर कर सकी। बेटे की मौत के सदमे में रोते-रोते करीब छह घण्टे बाद अचानक वह गिरी और उनकी भी सांसें थम गईं। बेटे और मां दोनों की एक साथ शव यात्रा निकली तो हर किसी की आंखे नम हो गईं।

कुड़वार क्षेत्र में आगजनी करने वाला गिरफ्तार

सुलतानपुर। कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे के बगल पानी की टंकी के पास बीते 7 जनवरी की रात अज्ञात द्वारा कोचिंग सेंटर में आग लगाकर बेंच कुर्सी सहित अन्य सामान जलाकर राख कर दिया था। जिसका मुकदमा तेजबहादुर सिंह द्वारा 8 जनवरी को लिखाया गया था। 28 जनवरी को भगवानपुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़कर जरूरी कागजात सहित अन्य सामान जलाकर राख कर दिया था। मामले में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर 3 फरवरी को मुकदमा पंजीकृत हुआ था। गुरुवार की रात कस्बे के अलीगंज रोड पर आंचल अग्रहरि की स्कूटी, संतोष तिवारी की पान की गुमटी व सुरेश चंद्र तिवारी की चाय की दुकान की गुमटी को आग के हवाले कर दिया था। रविवार को सीओ सिटी ने कुड़वार थाने पर खुलासा करते हुए बताया कि सर्विलास टीम, सीसीटीवी फुटेज की मदद से अभिजीत तिवारी निवासी कुड़वार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि गांव निवासी तेजभान तिवारी के साथ मिलकर उसने घटना को अंजाम दिया है।

कॉलोनी के रूप में विकसित हो वशिष्ठ कुंज योजना

दुर्गा शंकर मिश्र बोले - अयोध्या को क्लीन, ग्रीन व ब्यूटीफुल सिटी बनाएगा उद्यान विभाग

अयोध्या कार्यालय

हनुमानगढ़ी की व्यवस्थाओं से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को अवगत कराते आईजी।

अमृत विचार : 75 एकड़ भूमि में बनाई जा रही वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना को अयोध्या के दृष्टिगत उच्च स्तरीय कॉलोनी के रूप में विकसित किया जाए। ये निर्देश रविवार को अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को क्लीन, ग्रीन, ब्यूटीफुल सिटी के रूप में स्थापित करने के लिए उद्यान विभाग को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में अयोध्या के विकास कार्यों की सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने वर्तमान में गतिमान व प्रस्तावित विभिन्न विकास के कार्यों के संबंध में विवरण प्रस्तुत किया। वर्तमान में देश के विभिन्न स्थलों सहित विदेशों से भी श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। आकर्षक डिजाइन के ही ड्रॉप डाउन बैरियर लगाए जाएं।

उन्होंने पंचकोसी व 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को आगामी परिक्रमा मेला से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही ऐयरो सिटी के प्रगति की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि सिटी के लिए भूमि अर्जन की प्रकिया भूस्वामियों से सहमति के लिए बातचीत चल रही है। इसके अलावा बैठक में ऑफिसर्स के लिए मल्टीस्टोरी आवासीय भवन, राज्य अतिथिगृह, मंडलायुक्त के इंटीग्रेटेड कार्यालय, नए कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण आदि पर भी चर्चा की गई।

मुख्य सचिव बोले- सुग्रीव पथ का कार्य जल्द शुरू कराएं

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव व प्रशासन के अधिकारियों के साथ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अधिकारी व मंडलायुक्त को सुग्रीव पथ का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया।

उमेश पाल हत्याकांड: अतीक के दोनों बेटों से होगी पूछताछ

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : प्रदेश के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस अब माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली का बयान दर्ज करने की तैयारी में है। अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ की जेल में बंद है, जबकि छोटा बेटा अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उमेश पाल हत्याकांड में अली और उमर पहले ही आरोपी बनाये गये थे। पुलिस उमर और अली के खिलाफ दाखिल चार्जशीट से उनका बयान लेगी। साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ वारंट भी तामील कराया है। इसके अलावा अतीक के दोनों छोटे बेटे अहजम और अबान् की निभाने भी जांच के घेरे में है। अहजम तो बालिग हो चुका है, लेकिन अबान अभी नाबालिग है। दोनों बाल संप्रेषण गृह में रखे गये थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाल कल्याण समिति ने दोनों को घर भेज दिया था। फिलहाल उमर और अली के आरोपी बनने के बाद उनके दोनों छोटे भाई की भूमिका भी सामने आई है। जिसकी जांच पुलिस ने शुरु कर दी है।

अभिव्यक्ति अपनी भाषा में सबसे सुंदर होती है : रीता

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण व अवस्थापना सुविधाओं के लिए प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जिले में राजकीय बालिका इंटर कालेज शंकरगढ़, राजकीय बालिका इण्टर कालेज फूलपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज मुगारी करछना, राजकीय बालिका इंटर कालेज सैदाबाद, राजकीय बालिका इंटर कालेज धनुपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज कटरा, राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय दिघिया माण्डा, राजकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सिरसा एवं राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय गोहरी सोरांव में 383.97 लाख रूपये से वृहद निर्माण कार्य कराने के कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम को निर्देशित किया। सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि आज का दिन हम सब लोगो के लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है।

अपहर्ताओं से मुठभेड़, फूलबाग से अगवा बच्चा कार्तिक बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। फीलखाना थानाक्षेत्र के फूलबाग चौराहे के पास से 24 फरवरी को सरेशाम दो वर्षीय कार्तिक का अपहरण करने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मारकर दबोचने के बाद उनके चंगुल से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। पता चला कि एक अपहर्ता ने अपनी बहन की गोद सूनी होने के कारण ससुराल में मिलने वाले तानों से परेशान होकर दोस्त के साथ मिलकर बच्चे को अगवा करके बहन को बेचने की योजना बनाई थी। शनिवार देर रात अपहर्ता अगवा कार्तिक को बहन के पास पहुंचाने निकले थे।

पुलिस के अनुसार भगवतदास पर घेराबंदी के दौरान शनिवार देर रात तीन बजे बाइक पर दो बदमाश आते दिखे उनके साथ बच्चा भी था। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने बच्चे को छोड़ दिया और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी मोर्चा संभाला। क्रॉस फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

खुद को घिरता देखकर बच्चे को मारना चाहते थे अपहर्ता

- पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि खुद को हर तरफ से घिरता देख रज्जन और पंकज भागने की फिराक में भगवतदास घाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने दबोच लिया।

पुलिस महानिदेशक से टीम को दो लाख रुपये पुरस्कार

- पुलिस महानिदेशक ने टीम को दो लाख रुपये पुरस्कार घोषित किया है। आरोपियों के पास से दो तमंचे, तीन कारतूस, एक बाइक, पांच मोबाइल फोन, 1250 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

इटली के नागरिक का बिठूर से फोन चोरी

कानपुर। बिठूर थानाक्षेत्र में परियर पुल के पास घाट पर घूम रहे इटली के चुरीना शहर के रहने वाले 56 वर्षीय डेनियल वेला का मोबाइल गुम हो गया। लेकिन कुछ नहीं पता चला। इसके बाद डेनियल ने बिठूर पुलिस को तहरीर देकर मोबाइल की गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिवार और नाते रिश्तेदारों से संपर्क टूट जाने पर डेनियल एक दुकान में बैठकर रोते रहे। डेनियल ने पुलिस को बताया वह इटली की एक टूरिस्ट कंपनी में काम करते हैं। एक महीने पहले एक साल के ई टूरिस्ट वीजा पर भारत के कई शहरों के भ्रमण पर आए थे। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर टीम से दिखवाया जा रहा है।

कानपुर में तंबाकू कारोबारी ने काले धन से खड़ा किया साम्राज्य, जांच जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

तंबाकू कारोबारी के यहां मिली कीमती गाड़ियां। अमृत विचार

अमृत विचार। तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के प्रतिष्ठानों में चौथे दिन रविवार को भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। छापेमारी के दौरान आयकर अधिकारियों को कारोबारी के यहां कर अपवंचना के कई अहम सबूत मिले हैं। काले धन को खपाने के लिए संपत्तियों का उपयोग किए जाने संबंधी दस्तावेज मिलने की भी सूचना है। आयकर विभाग के रडार में पान मसाला कारोबारी भी आ गए हैं। दिल्ली और गुजरात में अपना कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना व उनके बेटे शिवम के प्रतिष्ठानों में रविवार को भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। आयकर अधिकारियों के मुताबिक मुन्ना मिश्रा ने करोड़ों रुपये का कालाधन जमीन खरीदने में खपाया है। साथ ही आवास, फैक्ट्री और फार्म हाउस बनाने में भी काला धन लगाया गया है। आयकर विभाग कारोबारी की कंपनियों का पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड खंगाल रहा है। 10 वर्षों में खरीदी गई संपत्तियों और उस पर किए गए निर्माण की जानकारी भी जुटाई जा रही है। कारोबारी ने 25 से 30 करोड़ रुपये का सालाना टर्नओवर बताया है, जबकि प्राथमिक जांच में यह आंकड़ा करीब 100 करोड़ रुपये के आसपास मिला है।

कांग्रेस समाप्त, थोड़ी-बहुत सपा बची है : बेबी रानी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: सांसद महिला खेल के समापन अवसर पर रविवार को पहुंचीं महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाप्त हो चुकी है। थोड़ी बहुत समाजवादी पार्टी बची है। लोकसभा चुनाव में पहले भी जीते हैं और रामलला के आशीर्वाद से एक बार फिर जीतेंगे। फैजाबाद लोकसभा से लल्लू सिंह को टिकट मिला है उनको रामलला का आशीर्वाद मिलेगा। विपक्ष के गठबंधन के सवाल पर बेबी रानी मौर्य ने कहा कि गठबंधन का कितना असर पड़ेगा यह तो बाद में ही पता चलेगा। हिंदू राजनीति किसी भी पार्टी में करे, लेकिन वह भगवान का भक्त ही होता है। जिस तरह अखिलेश ने अपने विधायकों को रामलला के दर्शन करने से रोका और उसी के कारण परेशान भी हुए। सपा विधायकों का अपना अधिकार है कि वह दर्शन करें उसके लिए अखिलेश को नहीं रोकना चाहिए था।

धार्मिक डोर से बंधे हैं भारत-नेपाल

गोरखपुर, अमृत विचार। भारत और नेपाल के बीच भाव और भावना का संबंध है। ऐसा संबंध राजनीति और आर्थिकी के संबंधों से कहीं अधिक मजबूत और गहरा होता है। दोनों राष्ट्रों के संस्कार और स्वभाव एक समान हैं। दोनों धार्मिक और आध्यात्मिक दर्शन की मजबूत डोर से बंधे हुए हैं।

यह बातें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कही। प्रो. त्रिपाठी रविवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे सेमिनार में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि भारत नेपाल के लिए बड़े भाई की भूमिका में है। उन्होंने कहा कि नेपाल के शालिग्राम को भारत पूजता ही रहेगा। श्रीराम और शिवावतार गुरु गोरखनाथ भारत और नेपाल में एक जैसे पूज्य हैं। समापन सत्र को त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू के संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. सुबोध शुक्ल और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया।

युवाओं के बल पर ठीक रहेंगे संबंध : नारायण ढकाल

समापन सत्र के विशिष्ट अतिथि प्राज्ञीक विद्यार्थी परिषद, काठमांडू, नेपाल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नारायण प्रसाद ढकाल ने कहा कि युवाओं के बल पर भारत-नेपाल संबंध ठीक रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि नेपाल पर भारत के कुछ युवा शोध करें, नेपाली भाषा भी जानें। भारत को बड़ा मन बनाकर चलना होगा, साथ ही नेपाल के मन की शंका को भी दूर करना होगा कि भारत उसकी सार्वभौमिकता सुरक्षित रखेगा। श्री ढकाल ने कहा कि नेपाल के लोग चाहते हैं कि भारत शार्क का नेतृत्व करे। विशिष्ट अतिथि नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के कार्यकारी निदेशक प्रो. सुधन पौडेल ने कहा कि दोनों देशों के मैत्री संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एक नए अध्याय की शुरुआत जैसा है और इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे।

किशोरी की हत्या मामले में 3 गिरफ्तार

गोसाईगंज, अयोध्या। गुरुवार को बारा गांव के पास सरयू नदी में एक किशोरी का शव मिला था। पुलिस को भनक लगी कि शव गोसाईगंज कोतवाली अंतर्गत गौहनिया मजरे सोनहने निवासी रमेश यादव की पुत्री सोनिया 17 की है। पुलिस मृतका के घर पहुंची तो पिता गायब मिला। सोनिया का गांव के ही एक युवक दारा यादव से प्रेम प्रसंग था। इसी बीच वह गांव के अन्य युवक जो मुंबई में रहता है उससे सोनिया फोन पर बात करना शुरू कर दिया था। दारा को यह बात नागवार लगी। दारा ट्रेलर ड्राइवर है। वह जब गांव आता तो रमेश यादव को शराब पिलाता था। वह घर आया और सोनिया को मारा पीटा तथा गला दबा दिया। आरोपियों को पंडित का पूरा, गौहनिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

सार-संक्षेप

सुलतानपुर में हेलीकॉप्टर से दूल्हे को लेकर पहुंची दुल्हन

दुल्हन व दूल्हे और हेलीकॉप्टर के साथ लोगों ने ली सेल्फी। अमृत विचार

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ में जब हेलीकॉप्टर से अपने दुल्हे को लेकर पहुंची दुल्हन तो कौतुहल मच गया। प्रतापगढ़ में एक पिता ने अपनी बेटी की विदाई हेलीकॉप्टर से किया है। जिले में इस तरह का यह पहला मामला है। रविवार को थाना क्षेत्र के शंकर गढ़ गांव में जब दुल्हन हेलीकॉप्टर से दूल्हे के साथ पहुंची तो हेलीकॉप्टर और दुल्हन को देखने के लिये भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही ग्रामीण हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ सी लगी रही। जहां हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के समय थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिये मौजूद रही। शंकरगढ़ निवासी सत्य प्रकाश पांडेय के पुत्र सतीश पांडेय जो कि अहमदाबाद की एक कंपनी में सीनियर इंजीनियर है। उनकी बारात शनिवार को प्रतापगढ़ जिले के पट्टी अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा निवासी कृपा शंकर के यहां गई थी। कृपा शंकर की बेटी शिवा के साथ सतीश ने सात फेरे लिए। शादी संपन्न होने के बाद रविवार की सुबह पिता कृपा शंकर ने अपनी इकलौती बेटी शिवा की शाही अंदाज में विदाई हेलीकॉप्टर से करके अपने सपने को पूरा किया। रविवार को कूरेभार के शंकरगढ़ में हेलीकॉप्टर से आयी दुल्हन को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ सी लग गई।

मोदी और शाह को मुझ पर विश्वास : जगदंबिका पाल

सिद्धार्थनगर। भाजपा ने एक बार फिर से डुमरियागंज से वर्तमान सांसद जगदंबिका पाल पर भरोसा जताया है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने उन्हें तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। टिकट मिलने की घोषणा के बाद रविवार को श्री पाल ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ अपनी खुशी जाहिर की। कहा कि इससे बड़ा विश्वास क्या हो सकता है कि भाजपा जैसी पार्टी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह ने मुझ पर विश्वास कर तीसरी बार टिकट दिया है। मैं नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। रविवार को सिद्धार्थनगर स्थित आवास पर पहुंचकर विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा सहित क्षेत्रवासियों, सहयोगियों व समर्थकों ने फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सांसद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि अबकी बार 400 पार, अबकी जीतेगी भाजपा सरकार। डुमरियागंज में 4 लाख वोटों के पार, डुमरियागंज लोकसभावासी तैयार हैं। इस बार सांसद पाल लाखों वोटों से जीतकर हैट्रिक लगायेंगे।

अनियंत्रित ट्रक ने अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंदा

नैनी। कोतवाली नैनी स्थित रीवा राजमार्ग पर रविवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंद दिया। गनीमत थी कि काफी सुबह की घटना होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। रविवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे मामा भांजा बाजार की ओर से एक ट्रक शहर की ओर जा रही थी। चाका ब्लाक चौराहा पहुंचने से पहले सड़क पर खड़े ट्रक से टकराकर वह अनियंत्रित हो गई। इसके बाद सड़क के बगल स्थित एक अस्पताल की ओर घूम गई और अस्पताल के बाहर खड़ी कार को रौंद दिया। हादसे में ट्रक और कार दोनो क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज होने के कारण आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। अस्पताल के मालिक डॉ कन्हैया लाल ने बताया कि कार उनके मित्र सुरेंद्र निषाद करैला बाग निवासी की है जिसे उन्होंने ही सड़क से हटकर खड़ी किया था। ट्रक में गेहूं लदा हुआ था जो एक मंत्री का बताया जाता है।

मेडिकल कॉलेज की लिफ्ट में फंसा युवक, बुलाई पुलिस

अयोध्या। दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में शनिवार देर रात एक युवक लिफ्ट में फंस गया। उसको कुछ समझ में नहीं आया तो उसने 100 नंबर पर कॉल कर दी। पुलिस ने युवक को इलेक्ट्रिशियन की मदद से बाहर निकाला। दर्शननगर पुलिस चौकी प्रभारी आशीष त्रिपाठी ने बताया कि पुराने भवन में लगी लिफ्ट चलते-चलते रुक गई थी। मौके पर चीता मोबाइल कर्मियों को भेजा गया। युवक का नाम पता उन्हें नहीं मालूम। बताया जा रहा है कि लिफ्ट की एमसीवी गिर गई थी। रविवार को दिनभर लिफ्ट का संचालन ठप रहा। शाम को लिफ्ट चालू कर दी गई। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है।

शाहरुख खान की फिल्म 'जीरो' से हीरो बने आशीष

दिलीप सिंह, छिबरामऊ (कन्नौज)

अमृत विचार। कामयाबी के लिए खूबसूरत और लंबाई होना ही मायने नहीं रखता है, उसके लिए प्रतिभा होनी चाहिए। महज चार फुट का कद रखने वाले आशीष चौहान की कहानी भी कुछ इसी तरह है। किंग खान के नाम से मशहूर सुपर स्टार शाहरुख खान की हिट फिल्म 'जीरो' से हीरो बने इस युवक ने कम उम्र में ही कामयाबी के झंडे गाड़ दिए हैं। अब वह सुपर स्टार अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'सिरफिरा' में अभिनय करते नजर आएंगे।

मायानगरी मुंबई से शहर में आए अभिनेता आशीष चौहान मूलरूप से जनपद मैनपुरी के जासमई गांव के रहने वाले हैं। साल 2015 में वह दिल्ली गए तो वहां एयरपोर्ट पर गए, जहां सुपर स्टार शाहरुख खान व निर्देशक आनंद एल राय ने देखा तो उसे फिल्म 'जीरो' में काम करने का अवसर दिया।


अभिनेता शाहरुख खान के साथ आशीष।

कोतवाल व एलआईयू इंस्पेक्टर हुए निलंबित

औरैया, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान मं लेते हुए बताया कि ओम प्रकाश ओझा जिला महासचिव सपा के द्वारा 2 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक की कार्यकर्ता बैठक के संबंध में एक अनुमति प्राप्त की गई थी। जिसके संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से एक रील जो कि वायरल हुई। उसका संज्ञान लिया गया। इसका संज्ञान कोतवाली थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा और इंस्पेक्टर एलआईयू निर्दोष दीक्षित को था। परंतु उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की सूचना भी नहीं दी। इसी के चलते एसपी ने कोतवाली प्रभारी व एलआईयू इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।

गठबंधन के सफर पर प्रहरी

कानपुर। लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ते ही राजनीतिक पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं का जुनून सड़क पर दिखने लगा है। उम्र की दहलीज के 76 वें पड़ाव पर दो पहियों की सवारी साइकिल से करते अपने कंधों पर दो पार्टियों कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी का दायित्व संभाले ग्राम पड़ेलवा चौराहा पाली अचलपुर अयोध्या निवासी रामसूरत सोनी कांग्रेस पार्टी के मंडलीय प्रचार मंत्री पिछले 32 वर्षों से निष्ठावान कार्यकर्ता का फर्ज अदा कर रहे हैं। रामसूरत सोनी ने बताया कि राहुल गांधी की कश्मीर से कन्याकुमारी भारत जोड़ो यात्रा में 1200 किलोमीटर की यात्रा की थी। अब वर्तमान में पिछले माह भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अयोध्या से चल कर लखनऊ पहुंचने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रशंसा पत्र भी दिया था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के दौरान पहली बार दिल्ली में फिर बाद में अमेठी व रायबरेली में सोनिया गांधी से मुलाकात हो चुकी है। इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सामाजवादी पार्टी का गठबंधन होने पर संगठन के पदाधिकारियों ने दोनों पार्टियों के ध्वज के साथ जनसम्पर्क व प्रचार करने का निर्देश दिया है। रामसूरत सोनी ने कहा कि यह गठबंधन का सफर साइकिल पर सवार होकर जनता से हाथ मिलाकर परिणाम की मंजिल पहुँचने तक जारी रहेगा। ● मनोज तिवारी

नानकारी के रहने वाले हैं वैभव गुप्ता, पुरस्कार में मिली 25 लाख रुपये की चेक

वैभव ने जीता इंडियन आइडल का खिताब

युवा सिंगर वैभव गुप्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के नानकारी निवासी युवा सिंगर वैभव गुप्ता ने जजों और दर्शकों का दिल जीतकर इंडियन आइडल सीजन -14 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वैभव के नाम की घोषणा के साथ इंडियन आइडल के इस सीजन का सफर पूरा हुआ। उनकी सफलता पर शहर के युवा खुशी से झूम उठे।

इंडियन आइडल की ट्रॉफी के साथ वैभव को 25 लाख रुपये का चेक दिया किया गया। मारुति की चमचमाती ब्रेजा भी उन्हें तोहफे में मिली है। वैभव ने बातचीत में बताया कि इंडियन आइडल -14 की ट्रॉफी जीतना मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं है। मेरा ये सफर किसी रोलरकोस्टर से कम नहीं था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस सफर में इतना आगे पहुंच सकता हूं। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मेरा मार्गदर्शन किया। मुझसे प्यार करने के लिए, मेरे लिए खूब वोट करने के लिए और मेरा उत्साहवर्धन करने के लिए सभी का धन्यवाद है। रविवार को हुए ग्रैंड फिनाले में जज कुमार सानू, श्रेया घोषाल और विशाल डडलानी के पैनल ने वैभव को विनर घोषित किया। शुरुआत से ही अपनी आवाज से वैभव ने करोड़ों दर्शकों का दिल जीत लिया था।

फुटेज से सामने आया एंटीकरप्शन का कारनामा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को दोपहर 12 बजे के बाद जो भी कुछ हुआ अब वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खूब प्रसारित हो गया है। इससे एंटी करप्शन टीम की 'कलई' खुलकर सामने आ गई है।

एंटी करप्शन टीम के नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शिक्षक अनुराग सिंह ने ऊपर वाली जेब से रुपये निकालकर बाबू विमल पांडेय को दिए, लेकिन सीसीटीवी फुटेज का सच कुछ और ही है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि फाइल में रुपये रखे थे, जिसे शिक्षक अनुराग सिंह के साथ गए अन्य युवक ने बाबू विमल पांडेय के ऊपर गिरा दिए और उसके बाद पिटाई शुरू कर दी। बाद में कुछ और लोग अंदर आए इसमें शामिल एक व्यक्ति ने नोट उठाए और बाबू को जबरन हाथ पकड़कर ले गए। कोतवाली में भी आरोपी बाबू ने एंटी करप्शन की कहानी को गलत ठहराया था और रुपये न लेने की बात कही थी। इसी वजह से टीम व उनके साथियों ने बीएसए कार्यालय में लगी डीवीआर के उपकरण ले गए थे। जिन लोगों ने यह कारनामा किया है, उनके भी चेहरे फुटेज में दिख रहे हैं।

> कन्नौज में जो हमारे बाबू के साथ घटना हुई है उसके सीसी टीवी फुटेज सामने आ गये हैं फुटेज को कई बार देखा गया है। उसमें साफ है कि बाबू को फंसाया गया है। इसके लिए हम लोग भी लगे हुए हैं जांच करायेंगे। जो शिक्षक इस तरह के कृत्य में शामिल हैं उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।
> **-डॉ महेन्द्र देव, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक**

बदरीनाथ और केदारनाथ में बढ़ाई जाएंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा, 150 लोगों की मेडिकल टीम होगी तैनात

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ प्रस्ताव को कैबिनेट बैठक में मिल चुकी है मंजूरी

अमृत विचार : चारधाम यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने को कवायद शुरु हो गई है। जल्द ही वहां अस्पताल शुरु किए जाएंगे। इन अस्पतालों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगे। इसमें अनुभवी मेडिकल टीम को तैनात किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैटक में इन अस्पतालों में उपकरण खरीदने को मंजूरी मिल चुकी है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय क्षेत्र में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है, ताकि तीर्थयात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वह चारधाम यात्रा से पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करा लें।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. कुमार ने कहा कि विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में बैठक में भी समीक्षा हो चुकी है। सभी विभागों से समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। इस बार चारधाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 150 लोगों की मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। इस टीम को हाई एल्टीट्यूड में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डाक्टरों की तैनाती 15-15 दिनों के लिए की जाएगी। इस बार विभाग रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में तैनात डाक्टरों को चारधाम में तैनाती नहीं देगा। इसके बजाए कुमाऊं और अन्य जिलों से डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि बदरीनाथ और केदारनाथ के अस्पताल में उपकरण यात्रा से पहले उपलब्ध हो जाएंगे। इसके लिए शार्ट टेंडर जारी होंगे।

हेल्थ स्क्रीनिंग के बाद मिलेगी यात्रा की अनुमति

स्वास्थ्य सचिव उत्तराखंड डॉ. राजेश कुमार के मुताबिक चारधाम यात्रा के दौरान मार्ग पर जगह-जगह तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच का प्रबंध किया जा रहा है। इस बार शुरुआती चरण से तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। चारधाम यात्रा रूट पर हेल्थ प्वाइंट पर यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच गहनता से होगी। उसके बाद ही उन्हें आगे जाने दिया जाएगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा से पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करा लें। कहा कि दिल और ब्लड प्रेशर के मरीजों के साथ ही गर्भवती महिलाएं भी स्वास्थ्य परीक्षण करा कर ही यात्रा करें। मौसम के अनुकूल होने पर ही यात्रा करें। इससे यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

11 भाषाओं में जारी होगी एसओपी

चारधाम यात्रा में विदेशों के साथ ही देशभर से श्रद्धालु आते हैं। उनकी लोकल भाषा में स्वास्थ्य गाइडलाइन न होने से कई बार श्रद्धालुओं को दिक्कतें होती है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल बड़ी पहल करते हुए हिंदी-अंग्रेजी के साथ ही 9 अन्य भाषाओं में एसओपी जारी की थी। इस बार 11 भाषाओं में एसओपी जारी होगी। अन्य भाषाएं जिसमें बंगाली, गुजराती, तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी, मराठी और उड़िया भाषा में भी एसओपी जारी की जाएगी। इससे श्रद्धालु अपनी लोकल भाषा में हैल्थ एसओपी को पढ़ पाएंगे।

फूलों से आई बहार...

देहरादून के राजभवन लॉन में लगी वसंतोत्सव 2024 पुष्प प्रदर्शनी ने आगंतुकों को खूब आकर्षित किया, बारिश के बावजूद लोग परिवार के साथ पुष्प प्रदर्शनी देखने पहुंचे। रंग-बिरंगे फूल और बेमिसाल सुगंध ने लोगों को अपनी ओर खींचा। ● एजेंसी

एक नजर

प्रधानमंत्री आज पीएफबीआर की कोर लोडिंग देखेंगे

चेन्नई : प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां से लगभग 70 किमी दूर कलपक्कम में देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में भाविनी (भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड) द्वारा बनाए जा रहे भारत के 500 मेगावाट के स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) की कोर लोडिंग की शुरुआत देखेंगे। मोदी अपरान्ह पौने तीन बजे चेन्नई पहुंचेंगे और कलपक्कम के लिए रवाना होंगे जहां वह 15:30 बजे से 16:15 बजे तक पीएफबीआर सुविधा का दौरा करेंगे। वह चेन्नई लौटेंगे और शाम को तेलंगाना रवाना होने से पहले वाईएमसीए नंदनम मैदान में भाजपा की एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

लातूर में ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई कार, चार लोगों की मौत

लातूर : महाराष्ट्र के लातूर जिले में रविवार तड़के एक कार ट्रैक्टर-टॉली से टकरा गई और इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना लातूर-नांदेड़ राजमार्ग पर तड़के करीब तीन बजे हुई, जब कार में सवार लोग तुलजापुर स्थित एक मंदिर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और यह ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराया। ट्रॉली पर गन्ना लदा हुआ था। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार नांदेड़ निवासी मोनू बालाजी कोतवाल (27), शिवराज हरिश्चंद्र लंकाधई (26), कृष्णा मांडके (24) और नरमन राजाराम कटरे (33) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य व्यक्ति शुभम लंकाधाई गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे लातूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर है। वहीं दूसरी ओर घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पहाड़ से मैदान तक बारिश और ओलावृष्टि

उच्च हिमालयी क्षेत्र में हुआ हिमपात, बारिश से फसलों को भारी नुकसान

▸▸ बारिश-ओलावृष्टि के चलते बढ़ी ठंड

संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड में आज मौसम ने फिर करवट बदली है। पहाड़ से मैदान तक बारिश का सिलसिला जारी है। कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि के चलते जमीन पर सफेद चादर सी बिछ गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में हिमपात भी हुआ है। लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि के चलते ठंड में बढ़ोत्तरी हो गई है।

समूचे उत्तराखंड में लगातार बारिश हो रही है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात हो रहा है, वहीं अन्य पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र में बारिश व ओलावृष्टि हुई है। नैनीताल जिले के भीमताल और धारी ब्लाक के कई हिस्सों में ओलावृष्टि हुई। हल्द्वानी और तराई के भी कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की खबरें हैं। पहाड़ से लेकर मैदान तक दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। जगह-जगह जल भराव होने से लोगों को खासी मुसीबतों से जूझना पड़ा। वहीं, लगातार बारिश की वजह से फसलें भी पानी में डूब गई। गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई है। पिथौरागढ़ जिले में उच्च हिमालयी क्षेत्र में हिमपात हुआ है। बागेश्वर जिले के कपकोट और अल्मोड़ा जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र में हिमपात हुआ है। नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर में हिमपात तो नहीं हुआ है,लेकिन लगातार बारिश की वजह से वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने को लोग अपने घरों में दुबके रहे। उधर, गढ़वाल में भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हो रही है। औली और चकराता में फिर से बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। निजमुला घाटी के कई गांवों में बर्फ जम गई है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पैदल रास्तों और खेत खलियानों में बर्फ जमने से ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उत्तरकाशी जिले में लगातार बारिश और बर्फबारी के चलते गंगोत्री हाईवे सुक्की टॉप से आगे बंद है। मोरी क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर में कुछ स्थानों में हल्की बारिश हो सकती है और साथ ही गर्जन होने के भी आसार हैं। राज्य के 2500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है।

नैनीताल जिले के बेतालघाट ब्लाक के सुदूर गांव में ओलावृष्टि से खेतों में बिछी सफेद चादर।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक जवान हुआ शहीद

कांकेर, एजेंसी

● जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली भी मारा गया

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक जवान शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है।

कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के अनुसार, हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कुरेठी मुठभेड़ में शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव और एक एक के 47 गन बरामद किया गया है।

सपा और कांग्रेस भ्रष्टाचारी पार्टी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश के 51 प्रत्याशियों की जारी पहली सूची में मुरादाबाद के प्रत्याशी का नाम न होने पर जिले में सियासी हवा गर्म हो गई। रविवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि चर्चा, गहन मंथन व राय मशवरे के बाद प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। इस बीच उन्होंने गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता की। जिसमें उन्होंने सपा और कांग्रेस को भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टी बताया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मुस्लिम समुदाय को भी चुनाव में भागीदारी दे रही है। यूपी में लोकसभा चुनाव के लिए 51 के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बताया कि भाजपा में टिकट वितरण में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ा जा रहा है। जहां तक शेष प्रत्याशियों की बात है, उस पर गहन चर्चा के बाद जल्दी ही उनकी भी घोषणा की जाएगी। मुरादाबाद के प्रत्याशी के चयन की बात पर बताया कि चयन प्रक्रिया कमेटी द्वारा चर्चा व गहन मंथन के साथ ही राय मशविरा के बाद निर्णय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन की एक प्रक्रिया है उसके तहत ही सबको भागीदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए सक्षम महिला प्रत्याशी पर भी चिंतन कर रही है। बिहार में इंडिया गठबंधन की जन विश्वास रैली को लेकर कहा कि सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। इसके बाद उन्होंने सपा और कांग्रेस को भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टी बताया। कहा कि जनता इनके छलावे में अब नहीं आएगी।

▸▸ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सपा और कांग्रेस के गठबंधन पर साधा निशाना

कल्पना सोरेन आज सार्वजनिक जीवन में करेंगी प्रवेश

रांची : जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान सोमवार को गिरिडीह में सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने के अपने फैसले की घोषणा की है। झामुमो के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। झामुमो के एक पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी ने अपने 51वें स्थापना दिवस को गिरिडीह के झंडा मैदान में 'आक्रोश दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। कल्पना ने रविवार को अपने ससुर और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और सास रूपी से आशीर्वाद लिया। वह अपने पति से भी मिलीं।

एमएच 60 आर सीहॉक हेलीकॉप्टर नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना बुधवार को कोच्चि में एमएच 60आर सीहॉक बहु-उद्देश्यीय हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल करेगी। नौसेना ने कहा कि यह भारत की रक्षा आधुनिकीकरण की राह में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा।

आईएनएएस 334 स्क्वाड्रन में इन हेलीकॉप्टर के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अमेरिका निर्मित एमएच 60आर सीहॉक, ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है। हेलीकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव और चिकित्सा निकासी सहित अन्य अभियानों के लिए तैयार किया गया है। नौसेना ने रविवार को कहा कि उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स प्रणाली सीहॉक को भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए आदर्श बनाती है। सीहॉक स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। भारत ने विदेशी सैन्य बिक्री के ढांचे के तहत फरवरी 2020 में 24-एमएच 60आर की खरीद के लिए अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नौसेना ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री मौजूदगी को मजबूत करेगी, संभावित खतरों को दूर करेगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में एक सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करेगी।

▸▸ हिंद महासागर क्षेत्र में सीहॉक की तैनाती से नौसेना होगी मजबूत

स्मृति ईरानी ने हज सुविधा ऐप की शुरुआत की

नयी दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ऐप पर लोगों को उड़ान विवरण व आवास संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने रविवार को हज सुविधा ऐप की शुरुआत की, जिससे इस वार्षिक तीर्थयात्रा पर जाने वाले लोगों को आवश्यक जानकारी, उड़ान विवरण तथा आवास जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी।

ईरानी ने अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉन बारला की मौजूदगी में यहां विज्ञान भवन में हज यात्रा- 2024 की तैयारियों के तहत प्रशिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 550 से अधिक प्रशिक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। बयान के मुताबिक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उन प्रशिक्षकों को संवेदनशील और शिक्षित करना है, जो हज यात्रियों को आगे का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तीर्थयात्रियों को एक संतुष्टिदायक अनुभव मिले। और वे तीर्थयात्रा के विभिन्न पहलुओं से अवगत हों।

दो दिन की हल्की बारिश से नैनी झील में लगा गंदगी का अंबार

नैनीताल। दो दिन से हो रही लगातार बारिश से भारी मात्रा में कूड़ा झील में समा गया। जो झील के पानी को दूषित कर रहा है। झील के किनारे वाले नाले ही झील के लिए परेशानी बने हुए हैं। इन नालों के किनारे बसे लोग कूड़ा इनमें फेंक रहे हैं। रविवार को मल्लीताल बैंड स्टैंड के पास भारी मात्रा में कूड़ा झील के ऊपर तैरता दिखाई दिया। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद का कहना है कि सफ़ाई कर्मचारियों को बढ़ाकर अभियान चलाकर जल्द ही कूड़ा साफ़ किया जाएगा। साथ ही नालों में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षिका की मौत पर पति व सास जेल भेजे

बरेली, अमृत विचार : शिक्षिका की मौत के मामले में बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने रविवार को पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिक्षिका की मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है। बारादरी के अग्रसेन नगर निवासी हरीश कुमार गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी प्रिया की शादी पवन विहार निवासी संदीप रस्तोगी के बेटे शिवांशु रस्तोगी के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने 25 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन प्रिया का पति शिवांशु, सास अंजली रस्तोगी, ससुर संदीप रस्तोगी और देवर वरुण इससे खुश नहीं थे। ये लोग 10 लाख रुपये और कार की मांग कर रहे थे।

सीबीआई ने एनएचएआई जीएम को किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली, एजेंसी

▸▸ 20 लाख रुपये के रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई की कार्रवाई से मचा हड़कंप

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपये के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने भोपाल की निजी कंपनी बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से कथित रूप से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि यह कंपनी बुनियादी ढांचा निर्माण क्षेत्र में कार्य करती है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख रुपये की रिश्वत समेत 45 लाख रुपये जब्त किए हैं।

उन्होंने बताया कि सीबीआई ने भोपाल और नागपुर में काले के परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार, काले और कंपनी तथा उसके निदेशकों समेत 11 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा है : जयराम

ग्वालियर,एजेंसी

कांग्रेस महासचिव एवं संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा है इसमें पांच न्याय प्रमुख हैं। रमेश यहां एक संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

रमेश ने कहा कि किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय श्रमिक न्याय एवं हिस्सेदारी न्याय। इनमें दो न्याय के लिए गारंटी दी जा चुकी है, पहले किसान न्याय जिसके तहत एमएसपी की लीगल गारंटी के लिए कानून हम लाएंगे तथा डॉक्टर स्वामीनाथन का फार्मूला जिसके तहत लागत का डेढ़ गुना किसान को मिल सके उसे लागू करेंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि दूसरा हिस्सेदारी न्याय को हासिल करने के लिए हम जाति जनगणना करेंगे, 2021 में जातीय जनगणना होनी थी परंतु नहीं हुई, हर 10 साल में यह जनगणना होती है और 2011 में जो जनगणना हुई थी जिसमें सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना का जो डाटा था, जो हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कराई थी, उस डाटा को मोदी सरकार ने सार्वजनिक नहीं किया है। रमेश ने कहा कि राहुल गांधी विपक्ष की एक विशाल रैली में शामिल होने के लिए पटना गए हैं। इस कारण यात्रा नहीं हुयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मध्यप्रदेश के मुरैना में अभूतपूर्व स्वागत हुआ। गांधी ने आम युवा, किसान एवं आम गरीब की बातों को न्याय यात्रा के माध्यम से उठाया, जिससे उनके इन मुद्दों को बल और ताकत मिली है।

राहुल गांधी खुद का अध्ययन करें तो बेहतर

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर राहुल गांधी के दावे को खारिज करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि कांग्रेस नेता अपने बारे में अध्ययन करें, जिससे उन्हें समाज की बेहतर तरीके से सेवा करने में मदद मिलेगी।

तोमर ने राहुल के उस दावे पर यह प्रतिक्रिया दी, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि भारत में युवाओं की बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है। तोमर ने बेरोजगारी के मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को खारिज करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा कि मुझे लगता है कि अगर वह खुद के और मानव के बारे में ज्यादा अध्ययन करेंगे, तो वह समाज की बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं। राहुल ने ग्वालियर जिले के मोहना में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारत में युवाओं की बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण छोटे कारोबारी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।



अदालतों के कामकाज पर न्यायमूर्ति गवई ने उठाए सवाल

पुणे, एजेंसी

▸▸ उच्चतम न्यायालय में लगातार बढ़ रही जमानत याचिकाओं की संख्या

▸▸ विवाह से संबंधित विवाद बढ़ने के चलते पारिवारिक अदालतों की संख्या बढ़ाने की जरूरत

उच्चतम न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति भूषण आर गवई ने रविवार को कहा कि शीर्ष अदालत में जमानत याचिकाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है क्योंकि जिला अदालतों और उच्च न्यायालयों में भी जमानत नहीं दी जा रही हैं।

पुणे के पिंपरी चिंचवड़ में एक नए न्यायालय भवन के भूमि पूजन के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में प्रतिदिन 15 से 20 जमानत याचिकाओं पर सुनवाई होती है। उन्होंने कहा कि इन दिनों स्थिति यह है कि जिला न्यायालय में जमानत नहीं मिल पाती है। उच्च न्यायालयों में भी जमानत लेना एक चुनौती बन गया है। इसलिए उच्चतम न्यायालय में जमानत के लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है।

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अभय ओका ने कहा कि विवाह से संबंधित विवाद बढ़ रहे हैं और देशभर में पारिवारिक अदालतों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। कानूनी बिरादरी को पूजा-पाठ से बचने की सलाह देते हुए, न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि उन्हें संविधान की प्रति के समक्ष सम्मान प्रकट करके अपना कार्य शुरू करना चाहिए।

एक नजर

माफिया रवि काना पर इनाम घोषित किया

नोएडा : पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में फरार कुख्यात कबाड़ माफिया रवि काना और उसके एक अन्य साथी महकी नागर की गिरफ्तारी पर रविवार को 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनके खिलाफ बीटा-दो थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने अदालत में उनके खिलाफ घर कुर्क करने की कार्रवाई के लिए भी अर्जी दी है। पुलिस ने काना और उसके साथियों की करीब 200 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की है। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त (प्रथम जोन) विद्या शंकर मिश्रा ने दी।

करंट लगने से सगे भाइयों सहित तीन की मौत

कौशांबी : जिले के कोखराज क्षेत्र में एक विवाह समारोह के दौरान करंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने रविवार को बताया कि जिले के कौशांबी थाना क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव में रहने वाले पिंटू नामक व्यक्ति की बारात शनिवार को कोखराज इलाके में आई थी। उन्होंने बताया कि विवाह स्थल पर संगीत यंत्र के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने के कारण करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सतीश (18) और दो सगे भाइयों रवि (20) एवं राजेश (18) के रूप में की गई है। विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

अखिलेश नरम हिंदुत्व की राह पर : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुसलमानों के कंधों पर सवार होकर वोट बैंक की राजनीति करने वाली पार्टियां मुसलमानों को उनकी आबादी के हिसाब से लोकसभा में प्रत्याशी के तौर पर टिकट दें। पार्टियों की अनदेखी मुसलमान बर्दाश्त नहीं करेगा। कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव इन बातों का ध्यान रखते थे। हर आबादी के हिसाब से चुनाव में टिकटों का वितरण करते थे, मगर जबसे नेतृत्व अखिलेश यादव करने लगे हैं, तब से सपा ने अपनी सोच में काफी हद तक बदलाव पैदा किया है। अखिलेश यादव नरम हिंदुत्व की लाइन पकड़ कर चल रहे हैं।

संकल्प यात्रा में भाग लेने वाले 217 लोगों पर मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद : जिले की लिंक रोड पुलिस ने प्रजापति समाज की यात्रा में भाग लेने वाले 217 लोगों पर दंगा करने और निषेधाज्ञा के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपयुक्त (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल ने रविवार को बताया कि आरोपी संकल्प यात्रा का हिस्सा थे जो भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन देने के दिल्ली जाना चाहते थे। जब पुलिस ने उन्हों रोकने की कोशिश की तो उपद्रवी भीड़ ने पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया और सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

किसानों की जमीन पर इफको के अवैध कब्जे की नहीं हो सकी जांच

पैमाइश के लिए पहुंची राजस्व टीम बैरंग लौटी, किसानों में बढ़ा गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इफको के और किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे की जांच के लिए भेजी गई राजस्व विभाग की टीम रविवार को बैरंग लौट आई। इफको के अधिकारियों के न आने की वजह से मौके पर पैमाइश नहीं हो सकी। एसडीएम का कहना है कि सोमवार को पैमाइश के लिए टीम दोबारा जाएगी। उधर, किसानों का आरोप है कि प्रशासन के अफसर इफको प्रबंधन के दबाव में हैं, इसी कारण सख्ती से कार्रवाई करने के बजाय टालमटोल कर रहे हैं।

इफको प्रबंधन पर भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीस, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल समेत तमाम किसानों के साथ पीडब्ल्यूडी, वनविभाग और ग्राम समाज की जमीन पर भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। किसान लंबे समय से अपनी जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराने और अवैध कब्जे से हुई आर्थिक क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। काफी समय तक प्रशासनिक अफसरों के चक्कर काटने का कोई नतीजा नहीं निकला तो उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कुछ समय पहले न्यायालय ने पैमाइश कर छह किसानों की जमीन चिह्नित करने का आदेश दिया था।

न्यायालय के आदेश पर एसडीएम की ओर पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार बल्लिया राजकुमार सिन्हा, कानूनगो इंद्रेश यादव, लेखपाल बाबा भीम और धीरज कुमार की टीम बनाई थी जिसे रविवार को मौके पर पैमाइश करने का निर्देश दिया था। रविवार को यह टीम पहुंची लेकिन पैमाइश किए बगैर लौट आई।

इफको में जांच को पहुंची तहसील प्रशासन की टीम। : अमृत विचार

▸▸ इफको अधिकारियों के न आने से नहीं हो सकी पैमाइश : एसडीएम

किसानों को नहीं ले गए साथ, लौटकर बोले- आज नहीं होगी पैमाइश

रविवार को प्रशासनिक टीम के बैरंग लौटने से किसानों में गुस्सा है। किसान संगठन के ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि प्रशासनिक टीम ने उन्हें साथ चलने के लिए कहा था लेकिन वे लोग टाउनशिप पहुंचे तो उन्हें गेट पर ही रोककर खुद अंदर चली गई। काफी देर बाद लौटे और इफको अधिकारियों के न आने की बात कहकर बाद में पैमाइश करने की बात कहकर निकल गए। किसानों का आरोप है कि इफको प्रबंधन के दबाव में कोर्ट के आदेश के बावजूद टालमटोल की जा रही है। इसी कारण पैमाइश के लिए मौके पर वादी किसानों को ही साथ नहीं ले जाया गया।

ग्राम समाज की छह सौ एकड़ जमीन पर कब्जे का आरोप

सेंधा गांव के ओमशंकर ने ग्राम सभा की करीब छह सौ एकड़ जमीन पर इफको का अवैध कब्जा होने की शिकायत एसडीएम से की है। इसी गांव के राजेश्वर सिंह के परिवार वालों ने भी आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर इफको ने जबरन टॉवर बना लिया है। इफको प्रबंधन के दबाव के कारण प्रशासन उनकी जमीन कब्जा मुक्त नहीं करा रहा है।

> पैमाइश के लिए टीम को भेजा गया था लेकिन इफको का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में इफको से पहुंचे अधिकारी ने रविवार को अवकाश की वजह से पैमाइश टालने को कहा और सोमवार या मंगलवार को पैमाइश कराने का आग्रह किया है।
> –गोविंद मौर्य, एसडीएम

ट्रक के कार पर पलटने से चार लोगों की मौत

सोनभद्र : जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में रविवार को एक ट्रक के कार पर पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिपरी थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) श्रीराम यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के निवासी दीपक शर्मा, रामायण शर्मा, रीता शर्मा और सुकवारी शर्मा रविवार को कार से सिंगरौली से वाराणसी जा रहे थे, तभी राख से भरा एक ट्रक उनके वाहन पर पलट गया और चारों की मौत हो गयी। एसएचओ ने बताया कि पुलिस को स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद शवों को बरामद करने में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

चुनाव बाद होगा पूर्वांचल राज्य का गठन : राजभर

बलिया, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पूर्वांचल राज्य का गठन किया जाएगा। उसके बाद आप सबका मुख्यमंत्री होगा और आपकी सरकार बनेगी।

राजभर ने सिकन्दरपुर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा आयोजित वंचित शोषित हक अधिकार रैली सम्बोधित करते हुए कहा कि सबसे अधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश में दलितों, वंचितों, शोषितों को अभी तक उनका पूरा अधिकार नहीं मिल सका है। इसके लिए आवश्यक है कि सम्पूर्ण देश में एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू की जाए। राजभर प्रदेश में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के गठबंधन में शामिल थे, लेकिन वह कुछ माह पूर्व फिर से राजग में शामिल हो गए जिसके बाद से उन्हें योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार में मंत्री बनाने की लगातार अटकलें रही हैं।

राजभर ने रैली के इतर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इसी सप्ताह मंत्री बनने की उम्मीद जतायी। राजभर ने कहा कि आप लोगों की भावनाओं की कद्र इसी हफ्ते पूरी हो जायेगी। राजभर पहले भी कई बार ख़ुद को मंत्री बनाये जाने का दावा कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत मिल रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जल्द ही योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में विस्तार होगा और इसमें राजग का हिस्सा बने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), सपा छोड़कर फिर भाजपा में आये पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर समेत कुछ नये चेहरों को शामिल किया जा सकता है। राजभर ने 2017 में राजग के साथ चुनाव लड़ा था और योगी के नेतृत्व की पहली सरकार में मंत्री भी बने थे, लेकिन कुछ मतभेद के बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफ़ा देकर राजग से रिश्ता तोड़ दिया था।

राजभर ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा अब तक नौ बार विभिन्न दलों से गठबंधन कर उसे तोड़ चुकी हैं, लेकिन अखिलेश यादव से कोई सवाल नहीं करता और दो बार में ही हमसे तकलीफ़ हो रही है। राजभर ने उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों पर राजग उम्मीदवारों की जीत का संकल्प व्यक्त किया है। राजभर ने कहा कि हम लोगों का लक्ष्य 80 सीट जीतना है।

बलिया में आयोजित वंचित शोषित हक अधिकार रैली को सम्बोधित करते सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर। : एजेंसी

▸▸ ओम प्रकाश राजभर ने इसी हफ्ते मंत्री बनने की उम्मीद जतायी

अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

भदोही : जिले के औराई थाना इलाके में पुलिस ने रविवार को एक ट्रक से तस्करी कर बिहार ले जायी जा रही करीब सात हजार लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की और इस बाबत दो लोगों को गिरफ्तार किया।

विवाह कर थाने पहुंचीं दो युवतियां, बोलीं- साथ रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : सुनगढ़ी क्षेत्र से समलैंगिक विवाह से जुड़ा एक मामला सामने आया है। घर से लापता हुईं दो युवतियां रविवार को सुनगढ़ी थाने पहुंची और एक-दूसरे से शादी करने व साथ रहने बात कही। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें स्वेच्छा से रहने की स्वीकृति दी।

सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दो युवतियां तीन फरवरी को लापता हो गई थीं। इनमें एक 22 और दूसरी 19 साल की है। 22 वर्षीय युवती के भाई ने चार फरवरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं दूसरी युवती के परिजनों ने तहरीर नहीं दी थी। शुक्रवार को दोनों युवतियां थाना सुनगढ़ी पहुंचीं। इनमें 22 वर्षीय युवती दूल्हा के रूप में थी। उसने बाल कटवाकर लड़कों जैसा रूप धारण किया था। 19 वर्षीय युवती को अपनी पत्नी बनाने की बात कही। दोनों ने खुद को बालिग बताया और मर्जी से घर से जाने की बात कही। बोलीं कि शहर में एक मंदिर में शादी भी कर ली है। वे पति-पत्नी के रूप में रहना चाहती हैं। उनकी बातें सुनने के बाद पुलिस दंग रह गई। इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि युवतियों का मेडिकल परीक्षण कराना चाहा, लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया। इसके बाद शनिवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां उनके बयान दर्ज किए गए। कोर्ट ने दोनों को उनकी मर्जी से रहने की स्वीकृति दी।

▸▸ पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, कोर्ट ने दी स्वेच्छा से रहने की स्वीकृति

गाजियाबाद के साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहन नगर में रविवार शाम को पीवीसी दरवाजे बनाने वाली एक फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। सूचना पाकर दमकल की दर्जन भर गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग इतनी विकराल थी कि आसपास का इलाका काले धुएं के गुबार से ढक गया। : एजेंसी

फावड़े से प्रहार कर की पत्नी की हत्या

मुजफ्फरनगर : जिले से सटे शामली जिले के गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेष्ठा ने रविवार को बताया कि गुराना गांव में शनिवार देर रात ताहिर नामक व्यक्ति की अपनी पत्नी वकीला (54) से किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। विवाद बढ़ने के बाद ताहिर ने गुस्से में आकर फावड़े से वकीला पर प्रहार कर दिया। वकीला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में ताहिर भी घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

वर्ग पहेली-361

बाएं से दाएं

1.1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4.1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5.1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7.1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9.1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

ऊपर से नीचे

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3.1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6.1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7.1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।



वर्ग पहेली - 360 का हल

1 का	म	का	2 जी		3 ठु
ज			4 व	सी	म
	5 गा	6 ट	र		की
		7 म	सा	नी	
8 चुं	9 ब	की	य		10 सं
	ढ़		न		घा
11 वि	त	त		12 सृ	त

एक ही टीके से होगी भेड़-बकरी में पीपीआर और चेचक की रोकथाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भेड़-बकरी में होने वाली पीपीआर और चेचक बीमारी की रोकथाम के लिए अब दो नहीं एक ही टीके का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने संयुक्त टीका विकसित किया है। इस टीके को वर्ष 2023 में तैयार किया गया था। इस टीके को हैदराबाद की हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार पेस्टे-डेस-पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) और गोटपॉक्स (बकरी चेचक) अत्याधिक संक्रामक रोग हैं, जो मुख्य रूप से बकरियों और भेड़ों को प्रभावित करते हैं, इस बीमारी के संक्रमण से मृत्यु दर अधिक होती है। इन रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है। आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने पहले इन दोनों बीमारियों के लिए दो टीके विकसित किए थे। अब दोनों बीमारी के लिए संयुक्त वैक्सीन में स्वदेशी पीपीआर और जीटीपीवी स्ट्रेनो का उपयोग किया गया है। जिससे दोनों रोगों के विरुद्ध पशुओं को प्रतिरक्षा मिलेगी।

संस्थान के निदेशक डा त्रिवेणी दत्त ने कि दोनों बीमारियों के लिए संयुक्त वैक्सीन संस्थान के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब हेस्टर कंपनी आवश्यक नियमों की स्वीकृतियों के बाद इस टीके का उत्पादन शुरू करेगी, जो पशुपालकों को जल्द उपलब्ध होगी। डॉ अनुज चौहान ने बताया की पीपीआर-गोटपॉक्स संयुक्त वैक्सीन को 65 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क और पांच प्रतिशत रॉयल्टी की लाइसेंस शर्तों के साथ 10 साल की अवधि के लिए हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

पीपीआर व बकरी चेचक का प्रकोप भारत के अलावा उत्तरी और मध्य अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिम, मध्य पूर्व और मध्य एशिया के देशों में काफी रहता है। इस संयुक्त वैक्सीन के विकसित होने से आईवीआरआई के टीके विदेशों में भी बिक्री होने की संभावना है। इस टीके को विकसित करने वाली टीम में वैज्ञानिक डॉ मुथु चेलवन, डॉ. ज्ञान वेल, डॉ. रामाकृष्णा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रशेखर का योगदान रहा।

आईवीआरआई ने 65 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क के साथ टीका हेस्टर बायोसईसिस कंपनी को किया हस्तांतरित। : अमृत विचार

▸▸ आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने दोनों बीमारियों के लिए तैयार किया संयुक्त टीका

सुडोकू-78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		9		1		2
		5					7	
8				1		4		
6			4	2			5	
9		2				6		3
	4			5	6			
		1		3				9
	6					8		
2		4		6		5		

सुडोकू - 77 का हल

9	3	8	6	7	5	1	4	2
7	5	1	9	4	2	3	6	8
6	4	2	1	8	3	9	7	5
3	2	5	7	1	8	6	9	4
8	6	4	3	2	9	7	5	1
1	7	9	4	5	6	8	2	3
5	1	7	8	9	4	2	3	6
4	9	6	2	3	1	5	8	7
2	8	3	5	6	7	4	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08.49 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 16.21 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

वृष — आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

मिथुन — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

कर्क — आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

सिंह — आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

कन्या — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

वृश्चिक — आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

धनु — आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

मकर — आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

कुंभ — आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

मीन — आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आखरी गुलाम — सुबह : 09.44
- अलीबाबा मरजीना — रात : 07.11

StarGold SELECT
- चरित्रहीन — सुबह : 11.00
- द गाजी अटैक — रात : 09.00

आज की सुपरहिट फिल्म

स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09.00 बजे

SONY PIX
- जुमांजी — सुबह : 09.46
- घोस्टबस्टर्स — रात : 08.50

ZEE CINEMA
- कॉर्पोरेट — सुबह : 10.30
- मौसम — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- जानी दुश्मन — सुबह : 10.58
- एसीपी शिवा — रात : 07.57

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

महात्मा गांधी की पोशाक में विरोध-प्रदर्शन...

महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना-प्रदर्शन के दौरान हिस्सा लिया। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग



'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

एक नजर

मणिपुर हिंसा: सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

जयपुर। जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी

मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों,

नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रधानमंत्री अगले 10 दिनों में 12 राज्यों का करेंगे दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

नई दिल्ली। पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया।

चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता: वैष्णव

वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने

को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ रुपये डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश

में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि हुई, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

मेग लैनिंग

55 रन
41 गेंद
6 चौके
1 छक्का

लैनिंग का पचासा, राधा और जोनासन की फिरकी से दिल्ली शीर्ष पर

दिल्ली ने गुजरात को 25 रन से हराया, दिल्ली ने 8 विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात को 138 रन पर ही समेटा

बेंगलुरु, एजेंसी

कप्तान मेग लैनिंग (55) के अर्धशतकीय पारी के बाद जोस जोनासन (22 रन पर 3विकेट) और राधा यादव (20 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स को 25 रन से शिकस्त दी।

दिल्ली ने 8 विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात की पारी को 8 विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी जीत से तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। लैनिंग ने 41 गेंद में 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। उन्हें एलिस कैपसी (37) का साथ मिला। प्लेयर ऑफ द मैच जोनासन ने गेंदबाजी से पहले 11 रन भी बनाए। गुजरात के लिए मेघना सिंह ने 37 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के लिए एश्लीघ गार्डनर के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर करने में विफल रहा। गार्डनर ने 40 रन बनाए। दोनों टीमें मैच में दो-दो बदलाव के साथ उतरी। गुजरात ने चोटिल हरलीन देओल और स्नेहा राणा की जगह तरन्नुम पठान और वेदा कृष्णमूर्ति को शामिल किया, जबकि दिल्ली ने तेज गेंदबाज मारिजाने काप और मीनू मणि को आराम दिया और एनाबेल सदरलैंड और तेज गेंदबाज टिटास साधु को टीम में लिया। शिखा पांडे (28 रन पर 1 विकेट) ने लॉरा वुलफार्ट को खाता खेले बगैर पवेलियन लौटा दिया। फोबे लिचफील्ड (15) ने टिटास के खिलाफ छक्का और चौका जबकि कप्तान बेथ मूनी (12 रन) ने शिखा के खिलाफ 3 चौके जड़े। जोनासन ने मूनी को पगबाधा और लिचफील्ड सदरलैंड को कैच दे बैठीं। अरुंधति रेड्डी की गेंद पर राधा यादव ने वेदा कृष्णामूर्ति का कैच टपका दिया। राधा ने शिखा के हाथों उनकी 12 रन की पारी को खत्म किया। एश्लीघ ने अरुंधति के खिलाफ छक्का और चौका लगाया। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर 4 विकेट पर 72 रन था। राधा ने कैथरीन ब्राइस (3) को पगबाधा किया। जोनासन ने गार्डनर को स्टंप कराकर गुजरात को तगड़ा झटका दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद शेफाली वर्मा ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर के खिलाफ शॉट लगाकर दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई। वह 13 रन बनाकर मेघना सिंह की गेंद पर आउट हो गई। लैनिंग को 30 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए कैपसी के साथ 38 रन जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की।

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	M	W	L	अंक	NRR
दिल्ली	4	3	1	6	1.251
मुंबई	4	3	1	6	0.402
यूपी	4	2	2	4	0.211
बेंगलुरु	4	2	2	4	-0.015
गुजरात	4	0	4	0	-1.804

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स : 163/8, मेग लैनिंग 55, ऐलिस कैप्सी 27, ऐनाबेल सदरलैंड 20, शिखा पांडे 14*। **विकेट :** तनुजा कंवर 1, मेघना सिंह 4, एश्ली गार्डनर 2, मन्नत कश्यप 1

गुजरात जायंट्स : 138/8, एश्ली गार्डनर 40, फीबी लिचफील्ड 15, तनुजा कंवर 13, बेथ मूनी 12। **विकेट :** जेस जॉनसन 3, राधा यादव 3, अरुंधति रेड्डी 1, शिखा पांडे 1

खेल डायरी

मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में

सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

सैन डिएगो, एजेंसी। यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।



वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

दुबई, एजेंसी

दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

स्थान	टीम	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ	अंक	अंक%
1	भारत	8	5	2	1	62	64.58
2	न्यूजीलैंड	5	3	2	0	36	60.00
3	ऑस्ट्रेलिया	11	7	3	1	78	59.09
4	बांग्लादेश	2	1	1	0	12	50.00
5	पाकिस्तान	5	2	3	0	22	36.66
6	वेस्टइंडीज	4	1	2	1	16	33.33
7	दक्षिण अफ्रीका	4	1	3	0	12	25.00
8	इंग्लैंड	9	3	5	1	21	19.44
9	श्रीलंका	2	0	2	0	0	0.00

लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

वेलिंगटन, एजेंसी

टेस्ट श्रृंखला

ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त

इंग्लिश प्रीमियर लीग

लंदन, एजेंसी। लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फ़ुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

शार्दुल के शतक से मुंबई को बढ़त

मुंबई, एजेंसी

रणजी

शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की पारी साई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्राफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली। मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह 2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। अय्यर तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी।

पैसा वसूल फिल्म है योद्धा: राशि

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज

मुंबई। गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइ सन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा

मुंबई। बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है। मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई

मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय

मुंबई। अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी

मुंबई। अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2.0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती

मिस वर्ल्ड प्रतियोगता

भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।

मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।

पहाड़ी हिस्सों में भूस्खलन-बारिश में फंसे वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी-बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।



जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

एक नजर

पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

छत्तीसगढ़: एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

गाजा: मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

मंबई। शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर शरीफ ने कहा- साल भर में दूर कर देंगे संकट

पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से शहबाज को चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाइब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे, उन्हें सोमवार को राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई जाएगी।

बता दें, हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन शहबाज सरकार ने चुनावी परिणाम आने के बाद सेना और राजनीतिक दलों से गठजोड़ किया है। प्रधानमंत्री बनते ही शहबाज ने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्री मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया। बाता दें, शहबाज शरीफ पीएमएल-एन और पीपीपी की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी। पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को एमक्यूएम-पी, क्यू, जेड, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।



शाहबाज का सियासी सफर

1988	1990	विधायक
1990	1993	सांसद
1993	1996	विस में विपक्ष के नेता
1997	1999	पंजाब सीएम
2008	2013	पंजाब सीएम
2013	2018	पंजाब सीएम
2018	2022	संसद में विपक्ष के नेता
2022	2023	प्रधानमंत्री

3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए

चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया। प्रवक्ता ने कहा, पीटीआई नेता मियां शहजाद फारूक और अफजाल अजीम पहत को भी गिरफ्तार किया गया है।

मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉक्स चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक सपोर्ट किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।

अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।

जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच

मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी-राधिका

जामनगर : अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि में बीमार हूं। बोले- जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। ● एजेंसी

नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख ने लगाए जय श्रीराम के नारे

अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम के नारे लगाए। साउथ अभिनेता रामचरन समेत तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर जश्न में डूबी रही।

चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतर: अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लेगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

वाशिंगटन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

यूएई: बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं

संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।

ओडिशा: डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

हिदायत सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में है।

डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।

खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।

यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।

सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।